नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 14

अंक : 32

सोमवार, 09 से 15 सितम्बर 2024

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

सांसद खंडेलवाल ने चांदनी चौक और खारी बावली क्षेत्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश 03

मोदी क्यों नहीं वहा राहुल की तरह कांफ्रेस करते? 08

# NCR समाचार

स्टार्क ने कोहली के लिए जारी की चेतावनी 10

फुहारों के बीच खिली-खिली दिखें आप 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

सामंथा की आने वाली फिल्में और वेब सीरीज 12

क्या सिंघम अगेन में नजर आएंगे सलमान?

## केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने का किया ऐलान

# दो दिन में इस्तीफा दूंगा : केजरीवाल

एनसीआर समाचार





**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे और जनता की अदालत में जाएंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल के इस बड़े ऐलान के बाद से चचाओं का बाजार गर्म है. चर्चा इस बात की चल रही है कि दो दिन बाद जब आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी तब सीएम पद के लिए किसे चुना जाएगा. इस सवाल के जवाब में चार नाम फिलहाल सामने आ रहे हैं, जिन पर ज्यादा अटकलें लगाई जा रही हैं. सबसे अधिक और प्रबल दावा जिनके नाम पर किया जा रहा है तो वह दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी हैं. आतिशी के अलावा दूसरे नंबर पर सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता का भी नाम है तो वहीं तीसरे और चौथे नंबर पर क्रमशः सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय भी हैं.

दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद आज पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता, दिल्ली की जनता उन्हें ईमानदार मानती है। उन पर चल रहा मामला लंबा खिंच सकता है। उन्हें एक ऐसे मामले में जमानत मिली है, जिसमें जमानत मिलने की संभावना नहीं थी। अब उन्होंने फैसला किया है कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती।

उन्होंने कहा, ह्यअगर आपको (जनता) लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं अब चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मेरी मांग है कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनाव के साथ ही दिल्ली में चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री रहेगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगला सीएम तय किया जाएगा।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जेल जाने पर इस्तीफा इसलिए नहीं दिया क्योंकि वे जनतंत्र को बचाना चाहते थे। जेल से इस्तीफा देने पर विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर सरकार गिरा देते। वे विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों से विनती करते हैं कि अगर आपको जेल में डालें तो इस्तीफा मत देना क्योंकि हमने दिखाया है जेल से सरकार चल सकती है।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को लग रहा था कि उन्हें जेल भेजकर आम आदमी पार्टी तोड़ देंगे। विधायकों को तोड़कर दिल्ली और पंजाब में सरकार गिरा देंगे। इनकी साज़िशों के खिलाफ आम आदमी पार्टी लड़ रही है।

### मुख्यमंत्री की रेस में आतिशी सबसे आगे



अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा होने के बाद अगले सप्ताह दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होगी। सीएम की रेस में पार्टी के कई बड़े चेहरे शामिल हैं, लेकिन इनमें सबसे आगे शिक्षा मंत्री आतिशी का नाम है। दिल्ली सरकार में अभी के समय सबसे अधिक मंत्रालय एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आतिशी के पास है। वह पार्टी को संभालने में जहां अहम भूमिका निभाती रही है तो वहीं केजरीवाल का भी विश्वास उन पर अधिक रहता है। आप के सूत्रों ने बताया कि दो दिन बाद केजरीवाल जब इस्तीफा देंगे तो उसके बाद पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नए मुख्यमंत्री का नाम सर्वसम्मति से तय किया जाएगा।

### केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान को भाजपा-कांग्रेस ने बताया नाटक



**आप के भ्रष्ट प्रशासन से निजात:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दो दिन का समय क्यों चाहिए अरविंद केजरीवाल को? वे 2 दिनों में क्या करना चाहते हैं? दिल्ली की जनता तो आम आदमी पार्टी की सरकार से निजात पाना चाहती है। उनके इस्तीफे से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता आप के भ्रष्ट प्रशासन से निजात पाना चाहती है।



**देवेंद्र यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के फैसले का स्वागत करेंगे:** देर से ही सही लेकिन उन्होंने अच्छा फैसला लिया है, लेकिन इसमें भी अभी दो दिन का किस बात का इंतजार है, यह बात समझ नहीं आ रही है। अगर केजरीवाल यही फैसला आज से चार-पांच महीने पहले लेते तो हमें खुशी होती, जब दिल्ली की जनता परेशानियों से जूझ रही थी। मुझे यह समझ नहीं आ रहा कि दो दिन में ऐसा क्या बदलेगा, जिसका इंतजार अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं। इस्तीफा तुरंत दे देना चाहिए। यह एक राजनीतिक नाटक जैसा लगता है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही उन पर बैन लगा चुका है।

# स्थापना दिवस पर महिला कांग्रेस ने वेबसाइट लांच कर शुरू किया सदस्यता अभियान

एनसीआर समाचार





**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की महिला इकाई ने आज अपने स्थापना दिवस पर एक वेबसाइट लांच की। इस वेबसाइट के माध्यम से महिला कांग्रेस देशभर में सदस्यता अभियान चलाएगी।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, महिला कांग्रेस आज अपने 40 साल पूरे करने जा रही है। महिला कांग्रेस की स्थापना आज से 40 साल पहले बेंगलुरु में हुई थी। इसकी स्थापना देश की पहली महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने की थी। उन्होंने कहा, इस मौके पर हम उन्हें याद करते हुए ये संकल्प लेते हैं कि महिला कांग्रेस हमेशा देश की आधी आबादी के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी रहेगी।

श्रीमती लांबा ने कहा कि उनका संगठन महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आज संगठन के स्थापना दिवस पर हम अपनी वेबसाइट जारी कर रहे हैं। इसके माध्यम से देशव्यापी ऑनलाइन सदस्यता अभियान की शुरूआत हो रही है। मैं सभी से अपील करूंगी कि आप हमारे साथ जुड़िए। हम विश्वास दिलाते हैं कि अन्याय के खिलाफ हम आपके साथ खड़े रहेंगे। हम अपनी महिला सदस्यों की 'लीडरशिप ट्रेनिंग' भी कराएंगे ताकि वो सशक्त बन सकें।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महिला कांग्रेस को बधाई और उनके सदस्यता अभियान के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में खरगे ने कहा कि महिलाएं कांग्रेस संगठन की बहुत मजबूत शक्ति रही हैं। सरदार पटेल को बारदोली में 'सरदार' की उपाधि महिला शक्ति ने ही दी थी। कमला नेहरू, सरोजिनी नायडू, अरुणा आसफ अली, राजकुमारी अमृत कौर जैसी कई नायिकाओं ने अंग्रेजी राज को हिला दिया था।

उन्होंने कहा कि भारत रत्न इंदिरा गांधी, जिनके द्वारा महिला कांग्रेस की स्थापना की गयी थी, उन्होंने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में अपने कामों से जो छाप छोड़ी है, उसकी मिसाल दी जाती है। कांग्रेस संगठन में सोनिया गांधी के श्रम और योगदान की भी मिसाल दी जाती।

### राहुल ने स्थापना दिवस पर दी महिला कांग्रेस को बधाई

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि संगठन का संघर्ष देश में महिलाओं की उन्नति में मील का पत्थर साबित होगा। श्री गांधी ने महिला कांग्रेस के पदाधिकारी से संघर्ष निरंतर जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से महिलाओं सम्मान और समाज में बराबरी मिलेगी। उन्होंने कहा "अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को बधाई और शुभकामनाएं।" श्री गांधी ने महिला कांग्रेस के कार्यकताओं से कहा "आपका अथक परिश्रम भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उनके सम्मान, समानता और सुरक्षा के लिए आपके संघर्ष और समर्पण को सलाम है।"

# दिल्ली में माकपा मुख्यालय में सीताराम येचुरी को दी गई श्रद्धांजलि



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता और माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का पार्थिव शरीर शनिवार को 'लाल सलाम' के नारों के बीच उनके आवास से पार्टी मुख्यालय एकेजी भवन में लाया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

माकपा के लाल झंडे में लिपटे येचुरी के पार्थिव शरीर को पार्टी कार्यालय में रखा गया, जहां पोलित ब्यूरो के सदस्यों प्रकाश करात, वृंदा करात, पिनराई विजयन और एम. ए. बेबी समेत पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी भी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ येचुरी को अंतिम श्रद्धांजलि देने एकेजी भवन पहुंचीं।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने भी माकपा मुख्यालय में येचुरी को श्रद्धांजलि दी। राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने भी येचुरी को श्रद्धांजलि दी। येचुरी (72) का फेफड़ों में संक्रमण के कारण बृहस्पतिवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था।

# झारखंड के तीन दुश्मन राजद, कांग्रेस और झामुमो : मोदी



**जमशेदपुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं राजद, जेएमएम और कांग्रेस। श्री मोदी ने आज बारिश के बीच जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीनों दुश्मनों से झारखंड की जनता जितना जल्दी निजात पाएगी उतना ही जल्दी उनका भला होगा। कांग्रेस हमेशा से झारखंड की दुश्मन रही है। उसे झारखंड से नफरत है। भाजपा को मौका दें। हम झारखंड के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा का झारखंड से दिल का रिश्ता है। भाजपा ने अलग राज्य बनवाया। भाजपा ने देश की आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया जबकि कांग्रेस ने दलित, पिछड़ा आदिवासी को आगे बढ़ने नहीं दिया।

श्री मोदी ने कहा झारखंड में घुसपैठ बड़ा मुद्दा है। कोर्ट ने घुसपैठ पर जांच के आदेश दिए। संथाल में आदिवासी की आबादी तेजी से काम हो रही है, लेकिन झामुमो यह मानने को तैयार नहीं है कि यहां घुसपैठ है। जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या के साथ खड़े हैं। यहां बेटियों के साथ अत्याचार बढ़ रहा है। इनके लोग जेएमएम के अंदर घुस गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ की जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है। श्री मोदी ने कहा कि सीता सोरेन को अपने ही परिवार ने अपमानित किया, इसका जवाब झारखंड की जनता देगी। झामुमो आदिवासियों के लिए राजनीति करता है, पर आदिवासियों का सम्मान नहीं किया। चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे क्या लेकिन इन्हें अपमानित कर हटाया गया।

उन्होंने कहा कि इस देश की सबसे बेईमान एक ही पार्टी कांग्रेस है। झामुमो कांग्रेस से भ्रष्टाचार की ट्रेनिंग लेती है। जेएमएम ने जल, जंगल, जमीन सब में भ्रष्टाचार किया। इस सरकार के मंत्री और सांसद के ठिकानों से नोटों के पहाड़ मिलते हैं। ये आपका पैसा था। यह नकली नोट नहीं था। इन्होंने सेना की जमीन तक नहीं छोड़ा। इन्होंने बेरोजगारी भत्ता का वादा किया था, मिला किया? राज्य में एनडीए सरकार बनी तो सभी मामलों की जांच कराऊंगा। भर्ती परीक्षा के नाम पर 15 युवाओं की जान चली गई। सरकार के संरक्षण में नौकरी बेचा जा रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि झारखंड में ये लोग मईयां सम्मान योजना के नाम पर लोगों लोगों को लूटने काम कर रहे हैं। मइयां सम्मान का लाभ लेने के लिए भी लोगों से तीन-तीन सौ रुपये ले रहे हैं। अबुआ आवास योजना के नाम पर 25-25 हजार रुपये लिये जा रहे हैं।

श्री मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर हमला करते हुए कहा कि इन्होंने 5 साल में झारखंड को केवल लूटने का काम किया। इनके मंत्री के नौकर के घर से नोटों के ढेर मिलते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभा में बैठे लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप इन लोगों से पाई पाई का हिसाब मांगना। उन्होंने बेरोजगारी का बात करते हुए कहा कि इन लोगों ने नौकरी देने का वादा किया। जब तक नौकरी नहीं तब तक बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गयी थी लेकिन अब तक एक भी लोगों बेरोजगारी भत्ता मिला क्या।

# पीएम पद के लिए समर्थन की मिली थी पेशकश : गडकरी

## पीएम बनना मेरा लक्ष्य नहीं, मैं अपने संगठन के प्रति वफादार हूं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एक नेता ने पीएम पद की दौड़ में शामिल होने पर उन्हें समर्थन देने की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने यह इसे ठुकरा दिया था कि उन्हें पीएम बनने की कोई लालसा नहीं है।

एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि मुझे एक घटना याद है- मैं किसी का नाम नहीं लूंगा...उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप पीएम बनने जा रहे हैं, तो हम आपका समर्थन करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह वाकया कब का है। उन्होंने कहा लेकिन, मैंने पूछा कि आपको मेरा समर्थन क्यों करना चाहिए और मुझे आपका समर्थन क्यों लेना चाहिए? पीएम बनना मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं है। मैं अपने मान्यता और अपने संगठन के प्रति वफादार हूं और मैं किसी भी पद के लिए समझौता नहीं करूंगा क्योंकि मेरा दृढ़ निश्चिय मेरे लिए सबसे अहम है।

गडकरी ने पत्रकारिता और राजनीति दोनों में नैतिकता के महत्व को जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में चार वरिष्ठ पत्रकारों को पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए 2023-24 के अनिल कुमार पुरस्कार से सम्मानित किया। ये पत्रकार हैं विवेक देशपांडे, रामू भागवत, श्रीमंत माने और राम भाकरे यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

# सॉफ्टवेयर में हुआ बदलाव, अगले माह मिलेगा पहला एलसीए तेजस एमके-1ए

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी यात्रा में उठाया था एफ-404 इंजन में देरी का मुद्दा

- भारत को नवंबर से अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक शुरू करेगी इंजन की आपूर्ति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए पर इजरायली सॉफ्टवेयर का परीक्षण पूरा हो गया है। अब अंतिम परीक्षण के बाद अक्टूबर के अंत तक भारतीय वायु सेना को पहला तेजस एमके-1ए मिलने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान तेजस एमके-1ए में लगने वाले इंजन की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया था। सहमति बनने के बाद इंजन निमार्ता कंपनी ने कार्यक्रम संशोधित किया है, जिसके मुताबिक भारत को नवंबर से नए जनरल इलेक्ट्रिक एफ-404 इंजन मिलने लगेंगे।

भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी। हालांकि, विमान ने पहली उड़ान मार्च में भरी थी, जिसके बाद वायु सेना को सौंपे जाने से पहले कई परीक्षण किये गए हैं और कई अभी बाकी हैं। सॉफ्टवेयर में बदलाव की मांग वायु सेना ने ही की थी, जिसके चलते विमान की डिलीवरी में कम से कम चार महीने की देरी हुई है। पहला तेजस विमान बी श्रेणी के इंजन के साथ दिया जाएगा। यह इंजन तेजस विमानों के लिए अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ सौदे के पहले हिस्से के रूप में भारत को मिला था।

वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सॉफ्टवेयर में बदलाव का काम पूरा हो चुका है और पहला विमान अक्टूबर के अंत तक डिलीवर हो जाएगा। सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के चलते वायु सेना को समय पर विमान की आपूर्ति को लेकर आशंकाएं थीं। जब 1983 में एलसीए कार्यक्रम शुरू किया गया था, तब 1994 तक पहले विमान की आपूर्ति करने की योजना थी। दिसंबर 2013 में तेजस को शुरूआती परिचालन मंजूरी मिली और 2019 में वायु सेना को अंतिम मंजूरी के साथ पहला विमान दिया गया। यानी परियोजना शुरू होने के 18 साल बाद 2001 में प्रोटोटाइप विमान उड़ान भर पाया। यह वायु सेना के ऑर्डर किए गए 40 विमानों में से एक था, जिनमें से चार की डिलीवरी अभी बाकी है।

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए के इस समय हथियारों के परीक्षण चल रहे हैं। श्रीनगर स्थित वायु सेना की 51 नंबर स्क्वाड्रन (स्वॉर्ड आर्म्स) को इन विमानों का ठिकाना बनाया गया है। वायु सेना की पश्चिमी कमान के अधीन इसी स्क्वाड्रन से 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान लड़ाकू विमानों को पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है।

एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, एक आत्म-सुरक्षा जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी, रडार में सुधार किया गया है।

# किसान हितैषी मोदी सरकार: शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं? और कृषि तथा किसान कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्री चौहान ने यहां कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।उन्होंने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। अन्य मदों को जोड़ने पर कुल प्रभावी शुल्क 27.5 प्रतिशत हो जाएगा। इस कदम से सभी तिलहन किसानों खासतौर से सोयाबीन और मूँगफली के किसानों को अच्छे भाव मिलेंगे जिनकी फसल अभी बाजार में आने वाली है। साथ ही रबी में तिलहन की बुवाई में बढ़ोतरी होगी और सरसों की फसल के भी अच्छे दाम मिल पायेंगे।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

## भागलपुर की बूह को गूगल ने दिया 60 लाख रुपये का पैकेज

भागलपुर । दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी गूगल ने भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल कार्यालय के प्रधान लिपिक राजीव नयन चौधरी की बहु अलंकृता साक्षी को सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर काम करने का मौका दिया है । अलंकृता नवगछिया के सिमरा गांव के शंकर मिश्रा की पुत्री हैं, जो फिलहाल झारखंड के कोडरमा में रह रहे हैं । अलंकृता के ससुर चौधरी ने बताया कि गूगल कंपनी में आने से पहले वह दो साल बेंगलुरु में विप्रो कंपनी में, एक साल अर्न्स्ट एंड यंग कंपनी में और एक साल सैमसंग हार्मन में काम कर चुकी हैं । यहीं से उनका चयन गूगल में हुआ । उन्होंने बताया कि मेरे बेटे मनीष कुमार की शादी 8 दिसंबर 2023 को है । बूह अलंकृता पिता कोडरमा में प्राइवेट नौकरी करते हैं और मां रेखा मिश्रा एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं । अलंकृता के ससुर ने बताया कि उनका बचपन झारखंड के कोडरमा में बीता और वहीं से उनकी पढ़ाई लिखाई हुई । अलंकृता दो बहनें और एक भाई है । अलंकृता के पति मनीष कुमार भी बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते हैं । दोनों परिवारों को इस बात की अपार खुशी है कि गूगल जैसी विश्व प्रसिद्ध कंपनी से 60 लाख रुपये के पैकेज पर चयन कर काम करने का अवसर दिया है । यह अत्यंत गर्व और हर्ष की बात है । और उनके घर से गूगल कंपनी में काम कर रही है ।

## चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में संदिग्ध विस्फोट...पुलिस जांच में जुटी

चंडीगढ़ । पुलिस ने बताया कि बीती रात चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में एक संदिग्ध कम तीव्रता वाला विस्फोट हुआ, जिसमें एक रिहायशी इलाके में खिड़कियां और फूलों के गमले क्षतिग्रस्त हो गए । पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना की जांच हो रही है, फोरेंसिक टीमें घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर रही हैं । उन्होंने बताया कि विस्फोट के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने संदिग्धों के बारे में सूचना देने वाले को 2 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है । पुलिस के अनुसार, आरोपी व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल हुआ ऑटो-रिक्शा जब्त कर लिया गया है । चंडीगढ़ एसएसपी कंवरदीप कौर के अनुसार, विस्फोट शाम 6 बजे के आसपास हुआ, जिससे रिहायशी इलाके में खिड़कियों और फूलों के गमलों को नुकसान पहुंचा । सीएफएसएल की टीम आ गई है और सभी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं । एसएसपी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने घर के पास दो लोगों को देखा, जो कथित तौर पर घटनास्थल पर ग्रेनेड फेंक रहे थे । उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता ने कहा है कि 2 संदिग्ध लोग एक ऑटो में आए और ग्रेनेड फेंका । शिकायतकर्ता ने उन्हें देखा । टीमें उनकी तलाश कर रही हैं । कुछ विस्फोट हुआ है, हम विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं ।

## मांड्या में गणपति विसर्जन में पथराव, भड़की हिंसा ; दुकानों और वाहनों में लगा दी आग

बैंगलुरु । कर्नाटक के मांड्या जिले में बुधवार रात दो समूहों के बीच झड़प हो गई । यहां के नागमंगला कस्बे में गणपति प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर कथित तौर पर पथराव करने के बाद दो पक्षों में झड़प हुई । घटना के बाद कुछ दुकानों और वाहनों में आग लगा दी गई ।पुलिस ने इलाके में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए हैं और हाई अलर्ट पर है । घटना के बाद हिंदू समुदाय के लोगों ने स्थानीय पुलिस स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया और पथराव के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की । केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने घटना की निंदा की और जनता से शांति बनाए रखने का आग्रह किया । सूत्रों के अनुसार, कुछ युवक गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाल रहे थे और जब वे कस्बे में एक दरगाह के पास से गुजर रहे थे तो कुछ असामाजिक तत्वों ने उन पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में झड़प हो गई ।कुमारस्वामी ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा । उन्होंने कहा, नागमंगला में यह घृणित घटना पार्टी और राज्य सरकार द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए एक विशेष समुदाय के प्रति अतिशय लाड़-प्यार और तुष्टिकरण के परिणामस्वरूप हुई। कुमारस्वामी ने तुरंत कार्रवाई की मांग की ।कर्नाटक एसडीपीआई प्रमुख अब्दुल मजीद ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से डीजीपी को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने की अपील की । उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएम को टैग करते हुए लिखा कि, संबंधित अधिकारियों को ऐसे समूहों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दें जिनका उद्देश्य सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करना और राज्य की प्रतिष्ठा को धूमिल करना है ।

## एक करोड़ के एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार, टायर में छिपाकर लाया गया था

अहमदाबाद । अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने एक करोड़ रुपए कीमत के एक किलो एमडी ड्रग्स समेत दो शख्सों को गिरफ्तार किया है । पकड़े गए शख्स ईको कार के टायर समेत अन्य सामान की आड़ में ड्रग्स छिपाकर अहमदाबाद लाए थे । पकड़े गए आरोपियों में एक ड्रग्स लाने वाला और दूसरा मंगवाने वाला शामिल है । गुजरात सरकार ने पुलिस को राज्य में नशीली दवाओं के दूषण से निपटने के लिए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसी अभियान के तहत अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है । क्राइम ब्रांच की टीम ने एक करोड़ कीमत का ड्रग्स जब्त किया है । दरअसल क्राइम ब्रांच सूचना मिली थी कि इको कार में टायर और अन्य सामान की आड़ में नशे की तस्करी की जा रही है । इसी सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई की और ईको कार से 1 करोड़ रुपये कीमत का 1 किलो एमडी ड्रग्स जब्त कर लिया । साथ ही पुलिस ने एमडी ड्रग्स लाने और खरीदने वाले शख्स को भी हिरासत में लिया है । शुरुआती जांच के मुताबिक, ये ड्रग्स जयपुर और रतलाम रूट से लाया गया था । पुलिस ने इस मामले में आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्यवाही शुरू की है ।

## नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को फांसी पर लटकाया, मुखबिरी के शक में जनअदालत में दी सजा

बीजापुर । छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने दोनों ग्रामीणों को जनअदालत में फांसी पर लटकाकर मौत के घाट उतार दिया है । जबकि एक छात्र को रिहा कर दिया । खबरों के अनुसार नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीणों को मार डाला । इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत है । इस घटना के संबंध में पुलिस को फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है । घटना कब हुई है और मारे ग्रामीणों का नाम सहित अन्य जानकारी को पता लगाने में पुलिस कोशिशें जारी है । अंदरुनी इलाके में घटना होने के कारण कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है । जानकारी के अनुसार बीजापुर में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। खबरों के अनुसार, नक्सलियों ने इन दोनों ग्रामीणों को जनअदालत में फांसी पर लटकाकर मौत के घाट उतार दिया । यह घटना पुलिस मुखबिरी के शक में की गई बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने शुक्रवार की रात बीजापुर जिले के एक दूरदराज गांव में दोनों ग्रामीणों को पकड़ा । आरोप है कि नक्सलियों ने उन्हें पुलिस को सूचना देने के शक में जनअदालत का आयोजन किया । इसके बाद, इन दोनों ग्रामीणों को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया । इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है । ग्रामीणों ने नक्सलियों की इस क्रूरता के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई है ।

## कोलकाता में प्रदर्शन के बीच मिला लावारिस बैग, फैली सनसनी

कोलकाता । महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर को लेकर विरोध प्रदर्शन के बीच कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के पास एक संदिग्ध बैग मिला, जिसमें बम होने की खबर से सनसनी फैल गई । घटनास्थल पर डॉग और बम निरोधक दस्ता पहुंच गया । वहीं उत्तर 24 परगना के भाटपारा नगर पालिका के वार्ड नंबर 12 में एक घर में कच्चे बम मिले हैं । भाटपाड़ा पुलिस मौके पर मौजूद है । बम निरोधक दस्ता बुलाया गया है ।

# शक्ति अभ्यास: दूसरे देशों के पायलटों ने उड़ाए हमारे विमान, दिखाए करतब

### – रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की तारीफ बोले–हमारी फोर्स दुनिया में नंबर वन



**जोधपुर (एजेंसी)।** इंडियन एयर फोर्स की पहली मल्टीनेशनल एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति 2024 जोधपुर के एयरफोर्स स्टेशन पर देखने को मिली। वायुसेना की एयर एक्सरसाइज में भारत सहित आठ देश इसमें भाग ले रहे हैं, जबकि 20 अन्य देश इसे ऑब्जर्व कर रहे हैं। इंडियन एयर फोर्स के इस पहले बहुराष्ट्रीय तरंग शक्ति एक्सरसाइज में विदेशी वायु सेनाओं के चीफ भी शिरकत कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तरंग शक्ति अभ्यास का निरीक्षण करने पहुंचे। इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने 12 से 14 सितंबर तक चलने वाली डिफेंस एविएशन एक्सपो का भी उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। सेंसर, रडार और क्षेत्र में भारत काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गया है। आज के समय में जहां कई देश युद्ध लड़ रहे हैं वहीं भारत का लक्ष्य एकजुट रहकर एकसाथ आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि दुनिया बदल रही है और नई चुनौतियां सामने आ रही हैं, ऐसे में हमें अपनी साझेदारी, सहयोग का दायरा बढ़ाना होगा। हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं।

तरंग शक्ति युद्धाभ्यास के दौरान गुरुवार को रक्षा मंत्री की मौजूदगी में वायुसेना ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। भारत सहित आठ देशों के वायुसेना प्रमुखों ने एक-दूसरे के लड़ाकू विमान उड़ाए। यह नजारा देख रक्षा मंत्री ने खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारी फोर्स दुनिया में नंबर वन है।

## लालू प्रसाद यादव को हार्ट प्रॉब्लम, मुंबई के अस्पताल में हुई एंजियोप्लास्टी

मुंबई । राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुंबई के अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई । यादव को 10 सितंबर को मुंबई के एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था और बुधवार को उनकी एंजियोप्लास्टी की गई । सूत्रों ने बताया कि यादव को एक या दो दिन में छुट्टी मिलने की उम्मीद है । सूत्रों ने कहा कि उन्हें 10 सितंबर, 2024 को डॉ. (संतोष) डोरा और डॉ. तिलक (सुवर्णा) द्वारा एंजियोप्लास्टी के लिए एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में फिर से भर्ती कराया गया था। इससे पहले इसी साल जुलाई में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद यादव को दिल्ली के एम्स अस्पताल ले जाया गया था । बाद में इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई । 66 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री की एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में छह घंटे लंबी महाधमनी वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई थी । उन्होंने 2018 और 2023 में फॉलो-अप के लिए अस्पताल का दौरा किया था । साल 2022 में लालू को किडनी की बीमारी का पता चला क्योंकि उनकी केवल 25 प्रतिशत किडनी ही ठीक से काम कर रही थी । डॉक्टरों ने प्रत्यारोपण की सलाह दी, जिसके बाद सिंगापुर में रहने वाली उनकी बेटी राहिनी आचार्य ने उन्हें अपनी एक किडनी दान कर दी ।



# मीरवाइज की सुरक्षा में लगे लोग तय करें, मेरी तरफ से कोई रोक नहीं

### –हुर्रियत नेता के घर से बाहर निकलने को लेकर एलजी सिन्हा ने कही यह बात



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में हुर्रियत नेता मीरवाइज उमर फारूक को बोलने और अपनी बात रखने की आजादी प्रशासन की तरफ से दी जाएगी? इसके जवाब में एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि मीरवाइज साहब पर कोई रोक नहीं है। अगर एजेंसियां सलाह देती हैं कि उनको खतरा है और उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों में नहीं जाना चाहिए तो बात अलग है।

सिन्हा ने कहा कि मीरवाइज उमर फारूक इस कार्यक्रम में आ पाएंगे या नहीं, यह आपको उन्हें और उनकी सुरक्षा में लगे लोगों को तय करना है। मेरी तरफ से कोई रोक नहीं है। सिर्फ उन्हीं पर नहीं बल्कि किसी भी राजनीतिक या धार्मिक व्यक्ति पर कोई रोक नहीं है। हां उन लोगों पर जरूर बैन है जो भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा हैं। बता दें कि मीरवाइज उमर फारूक को धारा 370 के निरस्त होने से ठीक पहले उनके घर में नजरबंद कर दिया गया था। उन्हें केवल कुछ मौकों के लिए अपने घर से बाहर जाने की इजाजत मिलती रहती है।

रियल स्टेट और हेल्थ सेक्टर को लेकर पूछे गए सवाल पर एलजी सिन्हा ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि जम्मू-कश्मीर में रियल स्टेट सेक्टर में इन्वेस्टमेंट आ गया है। एक समिट हुई थी, जिसमें कानूनी पेचीदगियां थीं। अभी तक न्यूनतम इन्वेस्टमेंट आया था। श्रीनगर में तीन नए मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। जम्मू में अपोलो और मेदांता में भी काम शुरू होने वाले है। पिछले पांच साल में जम्मू-कश्मीर में बने मेडिकल कॉलेज और एम्स के बारे में उन्होंने कहा कि पांच लाख रुपए तक का इलाज के लिए सबको मिलता है, यह जम्मू-कश्मीर में ही संभव है।

राहुल गांधी ने अपने हाल के जम्मू-कश्मीर दौरे पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि एलजी को यहां का राजा बना दिया है। इस सवाल पर मनोज सिन्हा ने कहा कि जनता की राय ले लें, राहुल गांधी के दिमाग के दरवाजे खुल जाएंगे। सीक्रेट बैलट करा लें, अगर जम्मू-कश्मीर की 75 फीसदी से ज्यादा जनता ने ये नहीं कहा कि पिछले पांच साल में उनकी भलाई के लिए काम हुआ है तो मैं यहां से चला जाऊंगा। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालयों पर जो लोग सवाल उठा रहे हैं, ये ठीक नहीं है. कीचड़ में पत्थर गिरता है तो छींटे खुद पर ही आते हैं। लोगों को इस तरह की बातों से बचना चाहिए।

## राहुल गांधी पर सिन्हा का तंज...... जनता की राय ले लें, दिमाग के दरवाजे खुल जाएंगे

नई दिल्ली । जम्मू-कश्मीर में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक मीडिया कार्यक्रम में शिरकत की । उपराज्यपाल सिन्हा ने 1957 के पहले चुनाव का जिक्र कर कहा कि तब 75 सीटें थीं । 20 एमएलए निर्विरोध चुने गए । जम्मू-कश्मीर की अवाम, खासकर घाटी के लोगों ने भी भारत के लोकतंत्र में आस्था व्यक्त की । उन्होंने कहा कि साजिश से बाहर निकलकर घाटी की अवाम को भी समझ आ गया है कि हमारा भविष्य भारत के लोकतंत्र में है । उन्होंने उपराज्यपाल की पावर बढ़ने के सवाल पर कहा कि उस पर सवाल उठाना उचित नहीं है । जहां भी संघ राज्य क्षेत्र या केंद्र शासित प्रदेश हैं, वहां इस तरह की शक्तियां उपराज्यपाल के पास हैं । जो भी सरकार आएगी, उस चुनी हुई सरकार को मेरा पूरा समर्थन होगा । उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि विधानसभा चुनाव भी पूरी तरह से फ्री और निष्पक्ष होगा । आज रात के 11 बजे भी लोग बाहर जाकर खाना खा रहे हैं, 12 बजे रात तक प्रचार हो रहा है । उन्होंने कहा कि ये जो बदलाव हुआ है, इस बदलाव को देखने की जरूरत है ।

## निलंबित आईएएस पूजा खेडकर की बढ़ी मुश्किलें, हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

### –यूपीएससी के लिए गलत बयान और हलफनामा देने का मामला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूपीएससी की याचिका पर पूजा खेडकर को नोटिस जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने गलत प्रस्तुतियां दी हैं। हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व परिवीक्षाधीन आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर से यूपीएससी की याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उनके खिलाफ कोर्ट में गलत बयान और हलफनामा देने के लिए झूठी गवाही की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है।

यूपीएससी ने तर्क दिया कि 31 जुलाई को पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द की गई थी, उसी दिन उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल-आईडी पर सूचित किया गया था। इसने कहा कि यह वही ईमेल आईडी थी, जो सीएसपी 2022 के लिए उनके ऑनलाइन आवेदन में पंजीकृत थी। उन्होंने कोर्ट में झूठा बयान दिया कि उन्हें आदेश नहीं दिया गया है और उन्हें यूपीएससी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए से इसकी जानकारी मिली है, यह दावा किया गया।

यूपीएससी की और से वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक ने कहा कि पूजा खेडकर ने अपने वकीलों को भी गलत जानकारी दी और वह अच्छी तरह से जानती थी कि वह शपथ पर झूठा बयान दे रही है, फिर भी उसने जानबूझकर झूठे बयान की सत्यता की शपथ ली। वकील कौशिक ने दायर आवेदन में कहा कि अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के उद्देश्य से शपथ पर गलत बयान देना एक बहुत ही गंभीर अपराध है, जो कानूनी व्यवस्था की नींव को कमजोर करता है।

इसमें दावा किया गया कि खेडकर का हलफनामा 28 जुलाई, 2024 का था, जब यूपीएससी द्वारा जारी 31 जुलाई का आदेश अस्तित्व में भी नहीं था। यूपीएससी ने अदालत से उचित कार्यवाही शुरू करने और झूठी गवाही देने के अपराध के लिए कानून के मुताबिक खेडकर के खिलाफ जांच का निर्देश देने का आग्रह किया है। खेडकर ने पहले यूपीएससी की प्रेस विज्ञप्ति को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें कहा गया था कि उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है। एक अगस्त को यहां की एक ट्रायल कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि ये गंभीर आरोप हैं जिनकी गहन जांच की जरुरत है।

## अखिलेश के कारण टूटा गठबंधन... फोन उठाना बंद किया : मायावती



**लखनऊ (एजेंसी )।** बसपा सुप्रीमो और पूर्व सीएम मायावती ने सपा से गठबंधन टूटने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मायावती ने बताया कि अखिलेश यादव के कारण गठबंधन टूट गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2019 में महज पांच सीटें मिलीं। इससे दुखी होकर अखिलेश ने उनका फोन भी उठाना बंद कर दिया था। मायावती ने इसका दावा अपनी बुकलेट में किया है। यह बुकलेट उपचुनाव और 2027 विधानसभा के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बांटी जा रही है।

मायावती ने कहा है कि 2019 लोकसभा चुनाव में सपा को पांच सीटें मिलीं। वहीं बसपा को 10 सीटें जीती थी। उन्होंने कहा कि यही बड़ी वजह बन थी कि जब सपा के वरिष्ठ नेताओं ने फोन उठाना बंद कर दिया था। इस बुकलेट में मायावती ने सपा के साथ दो बार हुए गठबंधन के टूटने की वजह भी जाहिर की है। दरअसल, पिछले दिनों लखनऊ में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बसपा सदस्यों को 59 पन्नों की बुकलेट वितरित की गई। इस बुकलेट में मायावती ने अपनी अपील में सपा के साथ गठबंधन को फिर से याद किया, जिसकी शुरुआत 1993 में हुई जब कांशीराम ने मुलायम सिंह यादव के साथ गठबंधन किया था। मायावती ने कहा है कि उस गठबंधन के टूटने वजह लखनऊ गेस्ट हाउस कांड था। मायावती की अपीलों और संदेश को लेकर राजनीति गलियारों में चर्चा है। कहा जा रहा है कि मायावती इस बुकलेट के जरिए 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत करना चाह रही हैं। यह एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## अयोध्या में चल रही है जमीन की लूट घसोट: अखिलेश यादव



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी के नेता और अधिकारी जमीन की लूट घसोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं ने अधिकारियों की मिलीभगत से अयोध्या को लूट का अड्डा बना दिया है। सेना की फायरिंग रेंज की जमीन को कौड़ियों के दाम में बेच दिया गया है। किसानों को डरा कर उनकी जमीन को औनेपौने दाम पर खरीदा गया है। सरकार के अधिकारी और भाजपा के लोग लूट में लग गए है और जहां लूट होगी वहां विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सपा के अयोध्या के नेताओं ने आज लूट का काला चिट्ठा खोला है। अब सोचिए जब राम की नगरी में लूट का यह हाल है तो पूरे प्रदेश में कितनी लूट हो रही होगी। राम मंदिर को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में भाजपा के नेताओं ने सस्ती दरों पर जमीने हथियानी शुरु कर दी और किसानों की सर्किल रेट को बढ़ाने की मांग की नजरअंदाज कर दिया और जब इन्होंने किसानों से सस्ते दामो में जमीनें ले ली, अब सर्किल रेट बढ़ा दिये गये हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा ÷सरकार के नेताओं, और अधिकारियों की सूची और रजिस्ट्रियां हमारे पास है। इन्होंने सेना की जमीन पर कब्जा कर लिया, जिस डिफेंस की ओर कोई नहीं देखता, उस जमीनों को इन्होंने बेंच दिया। अपनी सुविधा के लिए रेलवे की लाइन बदल दी और उस जमीन को सरकारी अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने हथिया लिया जबकि नयी रेल लाइन डालने के नाम पर कई घरों को खाली करने के नोटिस थमा दिये।÷ उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस का नारा देने वालों ने गरीबों और किसानो को आवास विकास का डर दिखा कर उनसे सस्ते दामों में जमीने ले लीं मगर समाजवादी पार्टी गरीबो के साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विकास के खिलाफ नहीं है। अयोध्या एक वर्ल्ड क्लास सिटी बने, इसके लिए वह हर सहयोग को तैयार हैं मगर विकास के लिये दिमाग का होना जरूरी है जो भाजपा के नेताओं के पास नहीं है। दो साल बाद जब समाजवादी सरकार आएगी तो न सिर्फ अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी बनायेंगे बल्कि गरीबों को सर्किल रेट बढाकर मुआवजा दिया जाएगा।

सुल्तानपुर की घटना का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि पुलिस एनकाउंटर के नाम पर हत्यायें कर रही हैं। मंगेश यादव एनकाउंटर केस में गांव वाले भी कहते है कि पुलिस रात में उठाकर ले गयी,उसके पास से जो मोटरसाइकिल मिली उसकी चोरी की रिपोर्ट घटना के कई दिन बाद लिखी गयी। मंगेश यादव के पास नया बैग मिला,उस बैग में नए कपड़े मिले। दरअसल यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या थी और यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले तमाम एनकाउंटर हुए जिनमें सबसे ज्यादा पीडीए परिवार के लोग मारे गए। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुये कहा कि जिसका दिल दिमाग नाकारात्मक हो उससे विकास की क्या उम्मीद कर सकते हैं। अगर दिमाग होता तो पुलिस चप्पल में एनकाउंटर न करती। ये सरकार लूट के साथ डर दिखाकर एनकाउंटर कर रही है। जो अधिकारी रात में हत्या की रणनीति बनाएं,उनसे न्याय की क्या उम्मीद की जा सकती है। हकीकत तो यह है कि भाजपा सरकार किसी की सगी नही है,उन्हें अपना स्वार्थ सिद्ध करना है।

एक सवाल के जवाब में उन्होने जमीन की रजिस्ट्रियां दिखाते हुये कहा ÷जब गरीब से जमीन ली जा रही थी, तब सर्किल रेट क्यो नहीं बढ़ाया गया। इन जमीन रजिस्ट्री में सबकी फोटो लगी है, उनके परिवार के लोगो की फोटो लगी है,अब तय है इसके बाद मुख्यमंत्री कोई अलग सूची नही पढ़ पाएंगे।÷ बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों मायावती के गठबंधन तोड़ने के आरोप का जवाब देते हुये अखिलेश यादव ने कहा ÷जिस दिन बीएसपी से गठबंधन टूटा दोनो दल के लोग आजमगढ़ में सार्वजनिक मंच पर थे मैं भी था किसी को नहीं पता था कि गठबंधन टूट गया। मैने खुद फोन कर पूछना चाहा था कि ऐसा क्यों किया.कभी कभी अपनी बात छुपाने के लिए कुछ बाते की जाती है।÷

# पहले भारत को आंखे दिखाने में कसर नहीं छोड़ी, अब उसी के सामने कटोरा लेकर खड़ा हुआ बांग्लादेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार जाने के बाद वहां केवल अराजकता और असमंजस्य के अलावा कुछ नहीं बचा। जिसका फायदा पाकिस्तान ने उठाया और उसे खुद की कठपुतली बनाने की कोशिश करते हुए भारत के खिलाफ भड़काया। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार बहकावे में आ गई और भारत के खिलाफ जो आग उगल सकते थे उगली। लेकिन भारत ने कभी कोई सख्ती नहीं दिखाई। केवल छोटा भाई समझकर बांग्लादेश की हरकतों को नजरअंदाज करता रहा। बांग्लादेश ने कभी शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में जाने की धमकी दी जा रही है तो कभी अंतरराष्ट्रीय सीमा से अवैध घुसपैठ पर बीएसएफ द्वारा गोली मारे जाने पर बांग्लादेश भारत से विरोध जता रहा है। एक महीने के अंदर ही बांग्लादेश में ऐसे घटनाक्रम हुए, जिससे नई सरकार का भारत विरोधी एजेंडा साफ हो गया। हालांकि इसके बावजूद पड़ोसी देश को भारत से खैरात के लिए हाथ पसार रहा है।

बांग्लादेश की फाइनेंस मिनिस्ट्री के एडवाइजर की तरफ से यह स्टेटमेंट जारी किया गया है। बांग्लादेश मीडिया से बात करते हुए अंतरिम सरकार के फाइनेंस एडवाइजर सालेहुद्दीन अहमद ने कहा कि भारत द्वारा फंड की गई परियोजनाएं हमारे लिए बहुत जरूरी हैं। बांग्लादेश में नए प्रशासन के तहत भी यह प्रोजेक्ट चलते रहेंगे। कहा गया कि इंडियन हाई कमीशन चीफ प्रणय वर्मा के साथ बांग्लादेश अपनी बैठक में बढ़े हुए सहयोग की उम्मीद करता है। सालेहुद्दीन अहमद ने कहा, पहले से ही, भारत से हमारे पास जो परियोजनाएं हैं, वे बेहद बड़ी हैं और हम उन्हें जारी रखेंगे क्योंकि वे छोटी परियोजनाएं नहीं हैं और हम अपने फायदे के लिए एक और बड़ी परियोजना लेंगे। हम जो कुछ भी हासिल कर चुके हैं, उस पर नहीं रुकेंगे और हम उन परियोजनाओं के बारे में बात करेंगे। परियोजनाओं के फंड और उनके लागू करने के बारे में भी बात करेंगे। बांग्लादेश भले ही भारत से आर्थिक मदद मांग रहा हो लेकिन उसकी करनी और कथनी में बड़ा अंतर है।

शेख हसीना की सरकार के समय में भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऊंचाईयों पर थे। जी20 के वक्त पीएम मोदी ने खुद वर्ल्ड लीडर्स से शेख हसीना को मिलवाया। अब हसीना की सरकार जाने के एक महीने के अंदर ही बांग्लादेश भारत को तीन बार आंख दिखा चुका है। सबसे पहले मानसून के सीजन में बांग्लादेश ने भारत पर नदी में ज्यादा पानी छोड़कर उन्हें डुबाने का आरोप लगाया। इससे भी काम नहीं बना तो फिर बांग्लादेश ने बॉर्डर पर बीएसएफ को निशाना बनाया। अवैध तरीके से दो अलग-अलग घटनाओं में भारत में घुसने की कोशिश कर रही एक बच्ची और अन्य शख्स को बीएसएफ ने गोली मार दी थी। बांग्लादेश ने इस पर औपचारिक तौर पर विरोध जताया। इसके बाद बांग्लादेश के चीफ प्रॉसिक्यूटर ने तो सारी हदें पार करते हुए यहां तक कह दिया कि शेख हसीना को वापस लाने के लिए वो अंतरराष्ट्रीय अदालत जाएंगे।



# सांसद खंडेलवाल ने चांदनी चौक और खारी बावली क्षेत्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र में चांदनी चौक, भगीरथ प्लेस, फाउंटेन, नई सड़क, दंगल मैदान, रेलवे स्टेशन रोड, चर्च मिशन रोड और खारी बावली का निरीक्षण किया।

खंडेलवाल का ये दौरा स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के सामना की जा रही नागरिक चुनौतियों को हल करने के उद्देश्य से की गई है। प्रवीण खंडेलवाल ने अपने संसदीय क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं, जैसे अतिक्रमण, गड्ढे, खराब स्वच्छता और जलभराव का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सार्वजनिक स्थलों की स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर फैली गंदगी, गड्ढे और अवैध अतिक्रमण अस्वीकार्य हैं। उन्होंतने संबंधित अधिकारियों से कहा कि इन्हें तुरंत ठीक करने की जरूरत है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन सभी समस्याओं का विस्तृत विवरण लेने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए कि हर समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए खंडेलवाल ने कहा कि वह कुछ दिनों में चांदनी चौक का अचानक दौरा करेंगे, ताकि सुधारात्मक उपायों की प्रगति की व्यक्तिगत रूप से जांच कर सकें। खंडेलवाल ने कहा कि मैं चुपचाप स्थिति की निगरानी करूंगा कि क्या काम संतोषजनक रूप से पूरा किया गया है। यदि समस्याएं बनी रहती हैं या काम अधूरा है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, चांदनी चौक देश में विभिन्न व्यापारों का केंद्र और एक ऐतिहासिक स्थान भी है। इसलिए मैं इसकी सांस्कृतिक विरासत और गरिमा को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम के पुनर्गठन की योजना बना रहा हूं, जो अकेले इस ऐतिहासिक स्थान की देखभाल करेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति बिगड़ती जा रही है, क्योंकि कई एजेंसियां इस जगह की देखभाल कर रही हैं और वे कुछ नहीं कर रही हैं, सिवाय एक-दूसरे पर आरोप लगाने के। दरअसल उनका ये निरीक्षण चांदनी चौक में बुनियादी ढांचे और स्वच्छता में सुधार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि निवासियों और व्यापारियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर संरक्षित वातावरण मिले। चांदनी चौक सांसद प्रवीण खंडेलवाल के इस दौरे में उनके साथ दिल्लीब सरकार के विभिन्न विभागों के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें डीसी सिटी वंदना राव, कोतवाली एसीपी, जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, अर्बन शेल्टर बोर्ड, बीएसईएस, ट्रैफिक पुलिस, शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम के अधिकारी शामिल रहे। उनके साथ दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, महासचिव प्रवीण जैन, दिल्ली हिंदुस्तानी मर्चेंटाइल एसोसिएशन, चांदनी चौक सर्व व्यापर मंडल और अन्य प्रमुख संगठनों के व्यापारी नेता भी उपस्थित थे।

# 150 किमी तक पीछा कर बदमाश दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेशल स्टाफ शाहदरा और आनंद विहार थाने की संयुक्त टीम ने मंगलवार को लूटे हुए चेन के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान आमिर कुरैशी के रूप में हुई है। इस पर आठ आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से करीब 150 किलोमीटर तक बदमाश का पीछा करने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस इससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक,पांच अगस्त को सोने के चेन की लूट की शिकायत मिली थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक स्कूटीसवार बदमाश ने कड़कड़डूमा के शरद विहार एक स्थित ताज स्वीट्स के पास सोने की चेन लूट ली। इसके बाद वह कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन की ओर भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मौके के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। फुटेज में आरोपी साफ साफ दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने लगातार विभिन्न सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से करीब 150 किलोमीटर दूरी तक उसका पीछा किया। इसके बाद तकनीकि टीम व स्थानीय सूत्रों की मदद से उसकी पहचान आमिर कुरैशी के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उसका मोबाइल नंबर जुटाया और तकनीकि टीम की मदद से सीडीआर निकालने के साथ ही निगरानी बनाए रखी। कुछ समय बाद उसकी लोकेशन का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि वह लगातार अपना ठिकाना और मोबाइल नंबर बदल रहा था और वारदातों को फर्जी नंबर प्लेट वाली स्कूटी का इस्तेमाल कर अंजाम देता था।

# कोचिंग सेंटर में मौतों का मामला : दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई से जलभराव का कारण बताने को कहा

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से पूछा कि 27 जुलाई को ओल्ड राजेंद्र नगर में भारी जलभराव का क्या कारण था, जहां सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में डूबने से मौत हो गई। बेसमेंट के सह-मालिकों-परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह-ने पिछले महीने इस आधार पर जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था कि वे केवल उस बेसमेंट के मालिक हैं, जिसे कोचिंग सेंटर को किराये पर दिया गया था और इसलिए, दुर्भाग्यपूर्ण घटना में उनकी कोई भूमिका नहीं है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जेल में बंद बेसमेंट के सह-मालिकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा, उस दिन (भारी जलभराव का) क्या कारण था? दिल्ली में भारी बारिश हुई। उस दिन इतना जलभराव क्यों था? क्या यह बारिश की वजह से था या कुछ और वजह रही। पीठ ने जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

अदालत ने सीबीआई से इलाके में जलभराव का कारण, घटना के दिन हुई बारिश की मात्रा के साथ-साथ सड़क के पानी को अवरुद्ध करने के लिए कोचिंग सेंटर के प्रवेश द्वार पर भारी गेट लगाने के पहलू पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। मध्य दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई की शाम को भारी बारिश के बाद ह्याराव आईएएस स्टडी सर्किल की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई थी। चारों आरोपियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील ने अपनी दलील में कहा, मैं (याचिकाकर्ता) हिरासत में हूं। मैंने बहुत कुछ सहा है। कृपया विचार करेंङ्क इस समय, मैं केवल रिहाई की मांग कर रहा हूं। मैं मुकदमे का सामना करूंगा। जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा कि जांच अभी शुरूआती चरण में है और गवाहों के बयान दर्ज किए जाने तक कोई राहत नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि वे प्रभावित हो सकते हैं। पीठ द्वारा पूछे जाने पर सीबीआई के वकील ने कहा कि मौजूदा आरोपियों के खिलाफ 10 दिनों में आरोप-पत्र दाखिल किए जाने की उम्मीद है। मृतक छात्र नेविन डाल्विन के पिता के वकील ने भी जमानत याचिका खारिज करने के पक्ष में दलीलें दीं और कहा कि कोचिंग सेंटर का संचालन भवन एवं सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करके किया जा रहा था, जबकि मालिकों को पता था कि अनुपालन न करने के कारण मौतें हो सकती हैं।

# दिल्ली उच्च न्यायालय में सीवर के ऊपर से बहने और पानी दूषित होने को लेकर याचिका दाखिल

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है जिसमें राजधानी में पिछले एक साल से सीवर ओवरफ्लो होने के कारण पानी के दूषित होने और कई क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के फैलने का उल्लेख किया गया है। इस याचिका को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सोशल ज्यूरिस्ट की याचिका में कहा गया है कि समस्या का मुख्य कारण कई प्रमुख सीवर और छोटे सीवर से गाद को नहीं निकालना, सीवर की सफाई करने की मशीनों या श्रमिकों की संख्या में कमी और पुरानी सीवर लाइनों को बदलने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, प्रतिवादी सीवर ओवरफ्लो के कारण जल प्रदूषण से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान करने में पूरी तरह से विफल रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली सरकार में आंतरिक कलह के कारण आम जनता को परेशानी हो रही है। अधिवक्ता अशोक अग्रवाल और कुमार उत्कर्ष के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है,पिछले एक साल में दिल्ली को सीवर ओवरफ्लो जैसी गंभीर और अभूतपूर्व स्थिति का सामना करना पड़ा है। सीवर ओवरफ्लो के कारण कई इलाकों का पानी दूषित हो गया है। कुछ इलाकों में तो जल जनित बीमारियां भी फैल रही हैं। इसलिए समाज के व्यापक हित में सीवर के ऊपर से बहने की समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने सीवर ओवरफ्लो के मुद्दे के संबंध में अधिकारियों को एक अभ्यावेदन दिया था, लेकिन दिल्ली की जल मंत्री ने इसके जवाब में कहा कि जिन कारणों और परिस्थितियों के कारण सीवर ओवरफ्लो की यह जटिल समस्या उत्पन्न हुई है, वह मुख्य रूप से दिल्ली सरकार के वित्त विभाग द्वारा उत्पन्न एक कृत्रिम वित्तीय संकट और प्रशासनिक खींचतान का परिणाम है।

# दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश से यातायात बाधित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में बारिश के बाद जलभराव के कारण बृहस्पतिवार को पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली सहित कई हिस्सों में यातायात जाम हो गया। इंडिया गेट, जनपथ रोड, आर के पुरम, कालिंदीकुंज, गाजीपुर, इंदिरापुरम, लक्ष्मी नगर, द्वारका, कनॉट प्लेस, नोएडा, सफदरजंग, उत्तम नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश और रोहिणी सहित दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार सुबह हल्की बारिश हुई। पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि सड़क पर बड़े गड्ढे होने के कारण उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के टी-प्वाइंट से पंखा रोड की ओर जाने वाले मार्ग में ओल्ड पंखा रोड पर यातायात प्रभावित हुआ है। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जीटीके डिपो के पास जलभराव के कारण मुकरबा चौक से आजादपुर चौक की ओर और इसके विपरीत जीटीके रोड पर यातायात प्रभावित है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि खानपुर टी प्वाइंट से महरौली की ओर जाने वाले मार्ग पर एम.बी. रोड पर गड्ढों और जलभराव के कारण यातायात प्रभावित है। इसी तरह रोहतक रोड पर भी जलभराव के कारण यातायात जाम हो गया। पुलिस ने बताया कि नजफगढ़ रोड पर नवादा से उत्तम नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर बीएसईएस द्वारा किए जा रहे कार्य के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। पेशे से अधिवक्ता एक यात्री रोहित तोमर ने कहा, गार्डन में इहबास अस्पताल के पास भारी जाम था। एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के लिए मुझे कड़कड़डूमा अदालत पहुंचने में आधा घंटा अधिक लग गया। पश्चिमी दिल्ली में ब्रिटानिया फ्लाईओवर और पंजाबी बाग के पास तथा उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मंगोलपुरी फ्लाईओवर पर भी यातायात जाम की सूचना है। एक अन्य यात्री गौरव कुमार ने बताया कि हैदरपुर और रोहिणी ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास यातायात प्रभावित हुआ।

# ओल्ड राजेन्द्र नगर मामला : बेसमेंट मालिकों की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ओल्ड राजेन्द्र नगर में आईएएस के तीन उम्मीदवारों की दुखद मौत के मामले में गुरुवार को एक बेसमेंट के चार सह-मालिकों की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बेसमेंट में भारी जलभराव के बाद उम्मीदवार डूब गए थे। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फैसला सुरक्षित रखते हुए सीबीआई से इलाके में जलभराव के प्राथमिक कारणों और उस दिन की बारिश के आंकड़ों को संबोधित करते हुए एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हाल ही में सत्र अदालत ने चार सह-मालिकों को जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि सह-मालिकों की देनदारी बेसमेंट को कोचिंग संस्थान के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति देने के उनके अवैध कृत्य से उपजी है। उच्च न्यायालय में दायर उनकी जमानत याचिका में कहा गया है कि सत्र अदालत इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आवेदकों का नाम प्राथमिकी में नहीं था। इसके अतिरिक्त याचिका में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि सह-मालिकों ने स्वेच्छा से पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट की और जांच में सहयोग किया। जांच अधिकारी द्वारा नहीं बुलाए जाने के बावजूद अपनी ईमानदारी का प्रदर्शन किया। याचिका में यह भी कहा गया है कि सत्र अदालत ने इस सिद्धांत को नजरअंदाज कर दिया कि आपराधिक न्यायशास्त्र में प्रतिनिधि दायित्व लागू नहीं होता है। पीठ ने करोल बाग निवासी व्यक्ति की गवाही पर भी विचार किया, जिसने पहले राव के आईएएस द्वारा बिना अनुमति के बेसमेंट में कक्षा चलाने के बारे में चिंता जताई थी। उसने घटना से एक महीने पहले संभावित बड़ी दुर्घटना की चेतावनी दी थी। पीठ ने पाया कि आरोपी जानते थे कि बेसमेंट के अवैध उपयोग की अनुमति देना लोगों की जान को खतरे में डाल रहा था।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में जोनल मैनेजर समेत पांच दोषी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2013 में हुए धोखाधड़ी मामले में बैंक के जोनल मैनेजर समेत पांच लोगों को दोषी करार दिया। अदालत ने पाया कि बैंक की ओर से नियुक्त किए गए संपत्ति के मूल्यांकनकताओं ने भी नियमों का उल्लंघन किया और गाजियाबाद स्थित सुप्रीम स्टील को अधिक कीमत का दिखाया। स्पेशल सीबीआई जज राजीव बंसल की अदालत ने फैक्टरी मालिक सुधीर कुमार अरोड़ा, मूल्यांकन कर्ता बीपी सिंह, बैंक के जोनल ऑफिस मैनेजर पवन आर्या और दो मिडिलमैन चक्रधर मुडुली और शिव कुमार वर्मा को भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी, 420 एवं भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। अभियोजन पक्ष द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कॉर्पोरेशन बैंक (वर्तमान में यूनियन बैंक) के आली शाखा में 3.10 करोड़ रुपये के लोन का प्रस्ताव दिया गया। इसे बैंक के जोनल कार्यालय में ट्रांसफर किया गया। बैंक द्वारा दो मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किए गए, जिन्होंने मूल 1.45 करोड़ कीमत वाली संपत्ति को अधिक मूल्य का बताते हुए रिपोर्ट दाखिल की जिसके बाद लोन जारी कर दिया गया, लेकिन एक साल के अंदर ही लोन की किश्त न चुकाने पर लोन को एनपीए घोषित कर दिया गया।

# आईएचसी थिएटर फेस्टिवल में 20 सितंबर से 12 नाटकों का मंचन होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रींचय राजधानी में 20 सितंबर से शुरू होने वाले इंडिया हैबिटेट सेंटर थिएटर फेस्टिवल में 12 नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी।

इंडिया हैबिटेट सेंटर (आईएचसी) थिएटर फेस्टिवल का हर साल आयोजन किया जाता है। दस दिन तक चलने वाले नाट्य महोत्सव की शुरूआत कवि-उपन्यासकार जेरी पिंटो द्वारा लिखित और निर्देशित ए लाइफ इन पोएट्री से होगी। आईएचसी थिएटर फेस्टिवल में मानव कौल, आकर्ष खुराना, नवीन किशोर और मनीष वर्मा सहित नाटक-कला के दिग्गज नाटक प्रस्तुत करेंगे। यह नाट्य महोत्सव रचनात्मक ऊर्जा का उत्सव है, जो लेखक, अभिनेता, निर्देशक, कलाकार, कविता, गद्य, रचनाकार, अतीत और वर्तमान के बीच की सीमाओं को मिटा देता है। नवीन किशोर मदर म्यूज क्विंटेट को नाटक के तौर पर प्रस्तुत करेंगे वहीं, आकर्ष खुराना की अक्वारियस प्रोडक्शंस अपने 80वें प्रोडक्शन दिस टाइम के जरिये अपनी नाट्य-कला की यात्रा प्रस्तुत करेगी, जिसमें समय बीतने, पुरानी यादों की अच्छाई और बुराई सहित अन्य विषयों को दशार्या जाएगा। नाट्य महोत्सव में 20 सितंबर को विजय तेंदुलकर के प्रसिद्ध नाटक घासीराम कोतवाल का फिल्म रूपांतरण भी प्रदर्शित किया जाएगा। आईएचसी थिएटर महोत्सव का समापन 29 सितम्बर को विक्टर थौदम की एबोरिजिनल क्राई प्रस्तुति के साथ होगा।

## एक नजर

### 6.5 लाख की ठगी में दो जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने बुधवार को 6.5 लाख की ठगी में दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस को जालसाजी में इस्तेमाल तीन मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि मामले में पीड़ित जसपाल सिंह ने खाते से 6.5 लाख रुपये निकलने की शिकायत दी थी। जांच के दौरान आरोपियों के खाते लखनऊ, उत्तर प्रदेश में दर्ज मिले। इसके बाद बैंक से संपर्क कर पुलिस ने आरोपियों के ठिकाने का पता लगाया और लखनऊ में छापा मारकर दो आरोपियों वैभव श्रीवास्तव और रजनीश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। बैंक खाता वैभव का था और खाते में रुपये आने के बाद उसने रुपये रजनीश को दे दिए थे।

### 20 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रीत विहार पुलिस ने 20 आपराधिक मामलों में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान जगतपुरी गली संख्या 17 निवासी 27 वर्षीय पवन सिंह के रूप में हुई है। इसके पास से चोरी और लूट के छह मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ पुलिस कर रही है। पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को इलाके में चोरी व झपटमारी के मोबाइल फोन के साथ आने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने मधुबन पार्क के पास जाल बिछाया और आरोपी पवन को मौके से दबोच लिया। तलाशी लेने पर इसके पास से चोरी व लूट के पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर इसे गिरफ्तार कर लिया।

### पटियाला हाउस कोर्ट ने आतंकियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पटियाला हाउस कोर्ट ने विस्फोटक पदार्थों को रखने और कथित तौर पर अलकायदा के सदस्यों को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एडिशनल सेशन जज हरदीप कौर की अनुपस्थिति में एएसजे पवन कुमार की अदालत में स्पेशल सेल ने गुरुवार को आरोपियों को पेश किया। पुलिस ने अपने रिमांड आवेदन में कहा कि आरोपियों की जांच पूरी करने के लिए जेल में रखना आवश्यक है। इसके बाद अदालत ने आरोपी अनामुल अंसारी, शहबाज अंसारी, अल्ताफ अंसारी, हसन अंसारी, अरशद अंसारी, उमर फारूख, इश्तयाक अहमद, मोहम्मद रिजवान, मोती उर रहमान, रहमानतुल्लाह और फैजान अहमद को 26 सितंबर तक के लिए हिरासत में भेजा।

### एमटीएस कर्मियों में वन्यजीव कीपर की जिम्मेदारी को लेकर रोष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चिड़ियाघर में एमटीएस कर्मी के तौर पर नियुक्त कर्मचारियों में वन्यजीव कीपर की जिम्मेदारी मिलने को लेकर रोष है। आरोप है कि यह भर्ती नियमों के खिलाफ है। कर्मचारियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उन्हें वर्ष 2024 में नियुक्त किया गया था। 62 भर्ती हुई थीं। नियमों के अनुसार, वन्यजीव कीपर के लिए कम से कम दो साल का अनुभव अनिवार्य होता है, लेकिन यहां बिना अनुभव के एमटीएस कर्मियों को वन्यजीवों की देखरेख का जिम्मा दिया गया है। एमटीएस से वन्यजीव कीपर के तौर पर कार्य लेने का भर्ती नियमों में कोई प्रावधान नहीं है। उधर, चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि भर्ती की नीति सरकारी नियमों के तहत रहती है। चिड़ियाघर में वन्यजीव कीपर सहित दूसरे पदों के कार्यों को एमटीएस के पद पर विलय कर दिया गया है। वह दफ्तर का कार्य मांग रहे हैं, जबकि हमारे पर दफ्तर कार्य नहीं है।

### 45 आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों का फेरबदल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस में भारी पैमाने पर फेरबदल किया गया है। डीसीपी से लेकर एडिशनल सीपी स्तर के 45 आईपीएस और दानिप्स अधिकारी इधर से उधर किए गए हैं। इसमें से 16 अधिकारियों को दिल्ली से बाहर भेजा गया है, जबकि 19 अधिकारियों की बाहर से दिल्ली में वापसी हुई है। अधिकारियों के इस स्थानान्तरण आदेश में दिल्ली के अलावा अरूणांचल प्रदेश, आंडमान निकोबार द्वीप समूह, गोवा, मिजोरम, लक्षद्वीप, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में तैनात अधिकारियों का स्थानान्तरित किया गया है। वहीं, दिल्ली में तैनात कुछ अधिकाारियों को भी एक यूनिट से दूसरी यूनिट में भेजा गया है। गौरतलब है कि बीते सप्ताह भी दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट सीपी से लेकर डीसीपी स्तर के 16 अधिकारियों के तबादले किए गए थे।

### निगम को फंड जारी न होने से काम हो रहा बाधित : राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आप सरकार पर निगम के कार्यों को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर निगम को फंड जारी करने में देरी करती है ताकि निगम के कर्मचारियों को वेतन से लेकर बकाया लेने में परेशानी हो। उन्होंने बताया कि अभी तक निगम को पहली किस्त में से 24.72 करोड़ रुपये जारी नहीं हुए। दूसरी किस्त के तहत भी अभी तक 1576.42 करोड़ रुपये का फंड जारी नहीं किया है। कुल मिलाकर अभी तक 1618.29 करोड़ रुपये का फंड जारी करना था जो कि अभी तक जारी नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 1618 करोड़ रुपये में से शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और शहरी विकास मद में राशि जारी की जानी थी। इसमें पहली तिमाही में कुल आवंटित किए जाने वाली राशि का 25 प्रतिशत तो दूसरी तिमाही में 50 प्रतिशत जबकि तीसरी तिमाही में 25 प्रतिशत राशि जारी करनी होती है। इसमें पहली तिमाही में 24.72 करोड़ रुपये अभी तक जारी नहीं हुए हैं। जबकि दूसरी तिमाही में 1576.42 में 205.54 करोड़ की राशि स्वास्थ्य मद में तो वहीं शिक्षा मद में 1015 .55 करोड़ की राशि और शहरी विकास मद में 374.85 करोड़ की राशि जारी नहीं हुई।

### 150 किमी तक पीछा कर बदमाश दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेशल स्टाफ शाहदरा और आनंद विहार थाने की संयुक्त टीम ने मंगलवार को लूटे हुए चेन के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान आमिर कुरैशी के रूप में हुई है। इस पर आठ आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से करीब 150 किलोमीटर तक बदमाश का पीछा करने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस इससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक,पांच अगस्त को सोने के चेन की लूट की शिकायत मिली थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक स्कूटीसवार बदमाश ने कड़कड़डूमा के शरद विहार एक स्थित ताज स्वीट्स के पास सोने की चेन लूट ली। इसके बाद वह कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन की ओर भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मौके के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। फुटेज में आरोपी साफ साफ दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने लगातार विभिन्न सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से करीब 150 किलोमीटर दूरी तक उसका पीछा किया। इसके बाद तकनीकि टीम व स्थानीय सूत्रों की मदद से उसकी पहचान आमिर कुरैशी के रूप में हुई।

# सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के तत्वावधान में मनाया गया वीर अब्दुल हमीद का 59वां शहीद दिवस

कमर अली इदरीसी

**उत्तर प्रदेश:** 1965 के भारत पाक युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के 59 वें में शहीद दिवस मुरादनगर स्थित परिश्रम रिसोर्ट के प्रांगण में सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया जौनपुर के तत्वावधान में संस्था के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हाजी नफीस अनवर इदरीसी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।




दिल्ली से तशरीफ लाये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मो नफीस इदरीसी ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जिस पराक्रम से दुश्मनों के इरादों को नस्तनाबूद किया वो उल्लेखनीय है।

कार्यक्रम गाजीपुर से पधारे प्रोग्राम के विशिष्ट अतिथि परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के पौत्र मो परवेज ने कहा वीर अब्दुल हमीद की कुबार्नी और उनके अदम्य साहस को बेमिसाल बताते हुए कहा की ऐसे देशभक्त वीर योद्धा सदियों में जन्म लेते है।

छपरा बिहार से आये संस्था के राष्ट्रीय सचिव हाजी अब्दुल रहमान ने कहा कि सिलाई के पेशे से जुड़ी इदरीसी बिरादरी की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इदरीसी बिरादरी को अत्यधिक पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जाये तथा सिलाई के पेशे को दस्तकारी का दर्जा दिया जाये।

सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के राष्ट्रीय महामंत्री इं अहमद मुबीन इदरीसी ने कहा कि देश के युवा वर्ग को राष्ट्र निर्माण के लिये आगे आना चाहिये। युवा अपनी ऊर्जा को देश के निर्माण में लगायें। वृक्षारोपण और रक्तदान शिविर का प्रत्येक वर्ष बढ़ चढ़ कर आयोजन किया करें।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मो नफीस इदरीसी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी मो इकरार इदरीसी ने नवनिर्वाचित जनपद कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करे।

शहीद दिवस कार्यक्रम में शिक्षार्थियों और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नवजवानों को शहीद अब्दुल हमीद अवार्ड 2024 से सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ० रफत हुसैन इदरीसी ने वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

1965 में भारत पाक युद्ध में उनके पराक्रम और कुबार्नी के बारे में बताया। कार्यक्रम को सेवानिवृत्त ले.मो इस्माइल मो परवेज, नसीर इदरीसी मौलाना तौफीक अहमद, शिया धर्म गुरु मौलाना शौकत रिजवी, इं अहमद मुबीन, कमर अहमद, हाजी मो इकरार इदरीसी, हाजी मो इसरार, अब्दुल रहमान अख़्तर, हाजी हफीजुद्दीन इदरीसी,मोईन इदरीसी, मो अतीक, हाजी ऐजाज अली, वारिस अली परवान ने संबोधित किया।

इस मौके पर डॉ अली अहमद, नियाज अहमद एडवोकेट, मो शाहनवाज, निसार अहमद, साहिबे आलम, खालिद इदरीसी डॉ असगर अली, हाजी शाबान अली, शराफत अली,अब्दुल मजीद करारी, अब्दुल अली, सदरे आलम, मो रफीक, अब्दुल मन्नान, मोईन इदरीसी, अब्दुल माजिद इदरीसी, शौकत अली, वगैरा मौजूद रहे।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया जवाब क्यों मिले थे मंगेश यादव के परिवार से?

**लखनऊ** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी पुलिस फर्जी एनकाउंटर कर रही है। मंगेश यादव को घर से उठाकर मारा गया था। मैं सच्चाई जानने के लिए उनके परिवार से मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी पुलिस साजिश करने और एनकाउंटर करने का काम कर रही है। पुलिस को दिए गए मंगेश के परिवार के बयान पर उन्होंने कहा कि पुलिस के डर से कोई भी कुछ भी बयान दे सकता है। अखिलेश यादव शनिवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्यकारों, कवियों और पत्रकारों को सम्मानित को सम्मानित किया।



**संतों के विवादित बयानों को लेकर दिया जवाब...**

अखिलेश यादव से जब पूछा गया कि अयोध्या में संतों ने उनके बयान पर नाराजगी जताई है। अखिलेश यादव ने कल आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बयान दिया था कि मठाधीश और माफिया एक ही जैसे होते हैं। इस उन्होंने कहा कि जब किसी नेता ने नारा दिया था कि ...इनको मारो जूते चार तो इन लोगों ने क्यों नाराजगी नहीं जताई थी।

**राजनीति को बदलने वाला था सपा-बसपा गठबंधन**

अखिलेश यादव ने कहा कि सपा-बसपा का गठबंधन देश की राजनीति को बदलने वाला था लेकिन हमें धोखा मिला। ये बात बहुत छोटी है कि किसने किसका फोन नहीं उठाया। जिस समय मुझे गठबंधन टूटने की सूचना मिली उस समय बसपा के एक नेता मेरे साथ मंच पर बैठे थे। मैंने उनसे पूछा कि गठबंधन क्यों तोड़ा? तो उन्होंने कहा कि हमें और आपको दोनों को धोखा मिला है।

**जम्मू-कश्मीर में सपा के चुनाव लड़ने पर दिया बयान**

अखिलेश यादव ने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी वहां चुनाव लड़ रही है। राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने के लिए छोटे राज्यों में अच्छे मौके मिलते हैं। वहीं, अयोध्या में भाजपा नेताओं पर लगाए गए जमीन कब्जे के आरोपों पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में ऐसा हो रहा है।

# ज्ञानवापी पर मौलाना शहाबुद्दीन बोले- यह ऐतिहासिक मस्जिद, सीएम योगी के बयान पर किया पलटवार

**बरेली**। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ज्ञानवापी वाले बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मौलाना ने कहा कि ज्ञानवापी एक ऐतिहासिक मस्जिद है। उसकी तारीख कई सौ साल पुरानी है।



शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो बयान दिया है कि ज्ञानवापी को मस्जिद कहना दुर्भाग्यपूर्ण है, यह विश्वनाथ मंदिर है। उनको यह बयान शोभा नहीं देता है। वो एक जिम्मेदार कुर्सी पर बैठे हुए हैं। वो हर एक व्यक्ति के मुख्यमंत्री हैं। चाहे किसी ने वोट दिया या नहीं दिया है।

**कानून व्यवस्था पर योगी की तारीफ...**मौलाना ने मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था के मामले में उन्होंने बेहतर कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी बनती है कि वो हर एक व्यक्ति के लिए काम करें और कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखें ताकि लोग अमन व शांति के साथ अपनी रोजाना की जिंदगी गुजार सके। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि ज्ञानवापी का मामला न्यायालयों के अधीन विचाराधीन है। ऐसी परिस्थितियों में मुख्यमंत्री के इस बयान से कानून की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसलिए मुख्यमंत्री को धार्मिक बयानों से परहेज करना चाहिए।

**हिजाब को लेकर कही यह बात...**मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि जो लोग हिजाब पर प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं। वो उनकी जहनी दिवालियापन की बातें हैं। हिजाब एक लिबास है जो मुस्लिम महिलाएं अपने आप को ढंकने के लिए पहनती हैं। मौलाना ने कहा कि भारत का संविधान हर पुरुष और महिला को इस बात की इजाजत देता है कि हर शख्स अपनी मर्जी के मुताबिक जो लिबास पहनना चाहे पहने, जो खाना चाहे वो खाए। आज देश में इस तरह की अजीब सी बातें उभर रही हैं कि लिबास पहनने और किचन में क्या खाना बनेगा, उस पर निर्णय लेने का अधिकार दूसरे लोग तय करेंगे।

# केरल के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान: दुनिया की पहली पुस्तक ऋग्वेद



**मंडी धनौरा**। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि हिंदी भाषा के प्रचार में हिंदी फिल्मों में अहम योगदान है। गैर हिंदी भाषी राज्यों के लोग भी हिंदी फिल्मों के गीतों को समझते हैं और गुनगुनाते भी हैं। कहा कि हिंदी को समृद्ध बनाने के लिए देश की दूसरी भाषाओं का भी सम्मान व आदर करना होगा। वह शनिवार को नगर के एक बरातघर में संस्कार भारती व हिंदी विश्व मंच की ओर से आयोजित हिंदी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त कर रहे थे। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि दुनिया की सबसे पहली पुस्तक ऋग्वेद है। इससे पहले सभी कुछ मौखिक था।

इसी प्रकार अमीर खुसरो हिंदी के पहले कवि थे, जिनकी रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। कहा कि भारत बहुभाषी देश है। यहां तमाम तरह की बोली, भाषा, परंपराएं, रस्मो-रिवाज, दर्शन व साहित्य के बावजूद हिंदी देश को एकसूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है। विविधता का आदर करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है।

# शारदा की बाढ़ में फंसा युवक, आधा घंटे तक मौत से जूझा, नाविकों ने बचाई जान

**पीलीभीत** तराई में भारी भारिश और बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने से पीलीभीत जनपद में फिर बाढ़ के हालात बन गए हैं। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। पूरनपुर क्षेत्र के कई गांवों बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। कलीनगर के रमनगरा क्षेत्र में शारदा नदी में बहकर आ रही लकड़ी को निकालने घुसा एक युवक नदी की तेज धार में फंस गया। आधा घंटे तक वह खुद को बचाने के लिए जूझता रहा। युवक के मदद के लिए चिल्लाने पर उसकी आवाज ग्रामीणों ने सुनी तो उसे देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पर स्थानीय नाविक नाव लेकर नदी में पहुंचे और दिलेरी दिखाकर धार में फंसे युवक की जान बचाई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। शारदा नदी की बाढ़ में फंसे ग्रामीण का वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर आप भी नाविकों और ग्रामीण की हिम्मत को सलाम करेंगे।



**कई गांव बाढ़ की चपेट में**

बनबसा बैराज से शुक्रवार शाम तक करीब पांच लाख क्यूसेक पानी पास किए जाने से शारदा नदी उफान पर है। कलीनगर और पूरनपुर क्षेत्र के करीब 10 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। लोग घरों की छतों के अलावा ऊंचे स्थानों पर भी शरण लिए हुए हैं। शुक्रवार शाम को ही कई गांवों में शारदा नदी का पानी घुसने लगा था। लोगों ने सामान को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के प्रयास शुरू कर दिए गए थे।

**देवहा नदी में भी बाढ़...**शारदा नदी के बाद देवहा नदी का भी जलस्तर बढ़ने से शहर के निचला इलाका बाढ़ की जद में आ गया। शुक्रवार रात जलस्तर बढ़ने के बाद पानी शहर के बेनी चौधरी इलाकों में घुस गया। करीब 50 से अधिक घर बाढ़ की जद आ गए। जलस्तर बढ़ने की संभावना के चलते शुक्रवार रात पुलिस प्रशासन की ओर से अनाउंसमेंट का लोगों को ऊंचे स्थान पर जाने के लिए सचेत किया गया था। जिसके चलते कुछ लोग जरूरी सामान को लेकर ऊंचे स्थानों पर पहुंच गए हैं।

# अमरोहा की DM बनीं निधि गुप्ता वत्स: बरेली में 24 माह तक संभाला नगर आयुक्त का पद

**बरेली**। बरेली में दो साल से अधिक का कार्यकाल संभालने वालीं नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स के कार्यकाल में विकास कार्यों के साथ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के संचालन तक फेल हो गए हैं। जनता से लेकर पार्षदों तक ने उनके कार्यकाल में खूब खरी खोटी सुनाई लेकिन विकास के कार्य धरातल पर शून्य ही रहे। ऐसे में अब उनको अमरोहा के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। ऐसे में आने वाले नगर आयुक्त के सामने भी कई बड़ी चुनौतियां होंगी। 2015 बैच की आईएएस हरियाणा की मूल निवासी निधि गुप्ता वत्स ने बरेली की नगर आयुक्त के तौर पर 16 जुलाई 2022 को कमान संभाली थी। इसके बाद से ही नगर निगम लगातार अपने विकास कार्यों के अलावा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के संचालन को लेकर सुर्खियों में बना रहा। दो साल दो माह के कार्यकाल में सड़कों के गड्ढे तक नहीं भर गए हैं।



इसके अलावा पार्षदों ने भी कई बाद नगर आयुक्त को भरे सदन और संवाद के दौरान खरी-खोटी सुनाई। इसमें निगम के अधिकारियों की अवमानना और समन्वय ना बनाने का मामला भी चर्चा का विषय बना रहा। इसके अलावा भी विकास कार्य प्रभावित हैं। अब बलरामपुर के सीडीओ संजीव कुमार मौर्य को नगर आयुक्त की जिम्मेदारी मिली हैं, जिनके लिए सबसे बड़ी चुनौती स्मार्ट सिटी के 14 कार्य होंगे।

**'परियोजना पूर्ण, लेकिन संचालन का अभाव दे रहा गलत संदेश'**...स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के 14 कार्यों को लेकर महापौर उमेश गौतम ने भी मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चलाई गई स्मार्ट सिटी योजना में बरेली शामिल हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशन में शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की परियोजनाओं पर काम किया गया। परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद भी संचालन नहीं किया जा रहा। परियोजनाएं या तो बंद है या फिर टेंडर के झूले में झूल रही हैं। संचालन के अभाव से जनमानस में परियोजनाओं के प्रति गलत संदेश जा रहा है।

**स्मार्ट सिटी के इन 14 प्रोजेक्ट का संचालन नहीं हो सका**...महापौर की ओर से भेजी गई सूची के मुताबिक पटेल चौक पर स्काई वॉक, मालगोदाम रोड पर तांगा स्टैंड, कामर्शियल कॉम्प्लैक्स, गांधी उद्यान फाउंटेन, संजय कम्यूनिटी सेंटर का एसटीपी प्लांट, डीडी पुरम में फूड पार्क, रायफल क्लब, स्मार्ट कियोस्क, स्मार्ट टायलेट, अर्बन हॉट, मल्टी लेवल पार्किंग, जीआईसी ऑडिटोरियम, शी लॉज, आर्गेनिक वेस्ट कम्पोस्टर, वूमेन हेल्प डेस्क आदि का संचालन नहीं हो पा रहा है।

**व्यवस्थाओं सुधारने में ही लग जाएगा लगभग छह माह का समय**...नए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को नगर निगम की व्यवस्थाओं को ठीक करने में ही लगभग छह माह का समय लग जाएगा।

# लखीमपुर खीरी में फिर बाढ़: पलिया बना टापू, सड़कों पर बह रहा पानी



**लखीमपुर खीरी**। लखीमपुर खीरी जिले में दो दिन लगातार बारिश होने और बनबसा बैराज से पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी में फिर बाढ़ आ गई है। घाघरा और मोहाना नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। प्रशासन ने बाढ़ के मद्देनजर जिलेभर में अलर्ट जारी कर निचले स्थानों पर रहने वाले लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए कहा है। शुक्रवार को ही पलिया-भीरा मार्ग पर बाढ़ का पानी बहने लगा।

प्रशासन ने इस मार्ग पर पूरी तरह से आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके चलते शारदा पुल और अतरिया क्रॉसिंग पर वाहनों की लाइनें लगी रहीं। हालांकि अतरिया क्रॉसिंग से नाव के जरिये लोगों का आवागमन शारदा पुल तक हो रहा है। बारिश के बाद बाढ़ आने से लोगों की मुसीबत बढ़ गई हैं। शनिवार को शारदा नदी की बाढ़ का पानी पलिया के प्रवेश द्वार पर आ गया। पलिया भीरा मार्ग पर चीनी मिल के सामने सड़क पर करीब डेढ़ फिट पानी भर गया है। साथ ही मोहल्ला ढाकिन, मिल कॉलोनी में भी बाढ़ का पानी घुसने लगा है। गोविंदनगर और भानपुरी खजुरिया में पानी घुस गया है। मझगई क्षेत्र के गांवों में भी पानी घुसने की बाद कही जा रही है। खजुरिया संम्पूर्णानगर मुख्य मार्ग के किनारे स्थित कमलापुरी गांव भी बाढ़ से घिर गया।

प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में लेखपालों की टीम को लगाया है। बीती रात एसडीएम ने एनडीआरएफ टीम के साथ गोविंदनगर और भानपुरी खजुरिया गांव पहुंचकर ग्रामीणों को बाढ़ के लिए सतर्क किया, साथ ही किसी प्रकार की परेशानी होने पर प्रशासन को जानकारी देने की बात कही।

महेवागंज में शुक्रवार को एसडीएम सदर और तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह ने बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मिलपुरवा और खमरिया बाढ़ राहत चौकियों का भी मुआयना किया। अधिकारियों ने शनिवार तक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने की आशंका जताई है। उन्होंने ग्रामीणों से ऊंचे स्थानों पर जाने को कहा।

# फर्जी समझौतानामे पर केस रद्द कराने पहुंचे याचियों पर दो लाख जुमार्ना

**प्रयागराज**। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न के मामले में फर्जी समझौतानामा दाखिल कर मुकदमा रद्द करवाने वाले पति, सास और दो ननदों के खिलाफ पर दो लाख का जुमार्ना लगाया है। तीन हफ्ते में जुमार्ना न अदा करने पर ट्रायल कोर्ट की ओर से वसूली की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में खत्म हो चुके मामलों की फिर से सुनवाई शुरू करने का आदेश भी दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमसेरी की अदालत ने बागपत निवासी पीड़िता के पति असलम, सास भूरी और ननद आसमां नाजमा की ओर से ट्रायल कोर्ट में चल रही आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए दिया। मामला बागपत के बागपत थाना क्षेत्र का है। पीड़िता अफसाना का निकाह असलम संग वर्ष 2016 में हुआ था। वर्ष 2020 में अफसाना ने पति, सास, ससुर और दो ननदों के खिलाफ घरेलू हिंसा, मारपीट और दहेज उत्पीड़न का तीन मुकदमा दर्ज कराया। दो मुकदमों में फर्जी समझौतानामा लगा कर ट्रायल कोर्ट में लंबित घरेलू हिंसा और मारपीट दो मुकदमे वापस करवा लिए। जबकि, दहेज उत्पीड़न का मामला रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल किया। याचियों के अधिवक्ता पवन कुमार ने दलील दी कि मामला पारिवारिक है। दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया है। लिहाजा, यह मुकदमा भी रद्द किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### कांस्टेबल की हत्या के जुर्म में व्यक्ति को आजीवन कारावास

**प्रतापगढ़ (उप्र)**। प्रतापगढ़ की एक अदालत ने पुलिस कांस्टेबल की हत्या के सात साल पुराने मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि रानीगंज थाने के कांस्टेबल राजन प्रसाद ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि प्रसाद ने अपनी शिकायत में कहा कि 18 अप्रैल 2017 की सुबह वह कांस्टेबल राज कुमार सिंह के साथ क्षेत्र के बुढ़ौरा कुम्भापुर गांव में हत्या के एक मामले में इरशाद अली के यहां पड़ताल करने के लिए गए थे। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि शिकायत के अनुसार इरशाद की मां से बात कर दोनों लोग वापस लौट रहे थे कि तभी इरशाद चारदीवारी लांघ कर पहुंचा और पिस्तौल से गोलियां चलाने लगा। गोली लगने से कांस्टेबल राजकुमार सिंह घायल हो गये। सिंह ने बताया कि घटना के बाद इरशाद मोटरसाइकिल से फरार हो गया। वहीं घायल कांस्टेबल को जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इरशाद के विरुद्ध हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) अजय कुमार ने शुक्रवार को साक्ष्यों के आधार पर इरशाद को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा उस पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया।

### कौशांबी में छात्राओं से छेड़खानी, दो आरोपी गिरफ्तार

**कौशांबी**। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली दो छात्राओं के साथ रास्ते में तीन युवकों के छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि छेड़खानी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कौशांबी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिषेक सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक इंटरमीडिएट कॉलेज की दसवीं कक्षा की दो छात्राओं ने थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि कॉलेज से घर वापस जाते समय तीन युवकों ने रास्ते में उनके साथ छेड़खानी की। इस संबंध में थाना पश्चिम शरीरा में आरोपी संदीप दुबे, अमोल मिश्र और अरुण तिवारी के खिलाफ शनिवार को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा 64/74/115(2) 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। सीओ ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों संदीप दुबे व अमोल मिश्र को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय भेजा गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि तीसरा आरोपी अरुण तिवारी अभी फरार है और शीघ्र ही उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। मामले में आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

### बरेली में युवक की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**बरेली**। उत्तर प्रदेश में बरेली की एक अदालत ने उत्सव के दौरान गोलियां चलाने का विरोध करने पर एक युवक की हत्या करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला करीब पांच वर्ष पुराना है। अदालत ने दोषी पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) हेमेंद्र गंगवार ने शनिवार को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश अफशां ने बरेली जिले के थाना क्योलड़िया के परशुरामपुर गांव के निवासी रेहान (22) को हत्या करने के आरोप में दोषी करार देते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 11 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। नवंबर 2019 में उत्सव के दौरान गोलियां चलाने से मना करने पर रेहान ने उसी गांव के सलीम (18) की हत्या कर दी थी। गंगवार ने बताया कि क्योलड़िया थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी मोहम्मद शफी ने गांव के ही रेहान के खिलाफ दो नवंबर 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि उसका बेटा सलीम गांव के भूरा की बेटी की गोद भराई रस्म में शामिल होने गया था। गोद भराई के समय रेहान तमंचे से गोलियां चला रहा था। सलीम ने रेहान को सबके सामने गोलियां चलाने से मना किया। इसको लेकर रेहान और सलीम में कहा सुनी होने लगी। इससे नाराज होकर रेहान ने सलीम के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों के तर्क व जिरह सुनने और साक्ष्यों को सुनने के बाद अदालत ने रेहान को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

### क्लीनिक में रेप, 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**बिजनौर**। यूपी के बिजनौर में एक क्लीनिक में महिला से रेप के मामले में पुलिस ने बसपा नेता 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले पर पुलिस ने कहा कि 32 साल की महिला के साथ रेप के मामले में ये केस दर्ज किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टर पर घटना का वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप है। उन्होंने इसे निराधार बता कर दावा किया है कि महिला कभी उनके क्लिनिक में नहीं आई थी। पुलिस के मुताबिक 9 सितंबर को महिला की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की थी। पीड़िता ने कहा था कि 4 महीने पहले वह बीमार पड़ गई और फिर उसने अपने गांव के एक व्यक्ति से संपर्क किया। जो उसे डॉ शकील अहमद के क्लिनिक में ले गया। एएसपी ग्रामीण ने शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि क्लिनिक में उसे एक नर्स ने इंजेक्शन लगाया। फिर वह बेहोश हो गई। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि वासुलीदीन ने उसके साथ रेप किया। जबकि अहमद ने इस कृत्य का वीडियो बनाया। एएसपी ने कहा कि बाद में जब उसने वासुलीदीन के बेटे से घटना की शिकायत की तो उसने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने कहा कि मामले में पुलिस ने इस मामले में जो एफआईआर दर्ज की है उसमें धारा 64, 123, 115 (2), 352 के तहत केस दर्ज किया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(3) (आपराधिक धमकी) और 61(2) (आपराधिक साजिश में भाग लेना) को भी जोड़ा है। बता दें कि बीएसपी के जिस नेता पर रेप का आरोप लगा है उसने 2022 के राज्य विधानसभा चुनावों में चांदपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव हार गया था। उसने खुद को चांदपुर विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान बसपा प्रभारी भी बताया। अहमद ने कहा कि मैं उस महिला को नहीं जानता और वह कभी मेरे क्लिनिक में नहीं आई। हमारे पास मरीजों का रिकॉर्ड है। क्लिनिक सीसीटीवी की निगरानी में है यह मामला झूठा है।

### जेल से छूटे शख्स की सड़क दुर्घटना में मौत

**कन्नौज**। एक शख्स यूपी की इटावा जेल में सजा काट रहा था। रिहाई के लिए घरवाले उसकी राह देखते-देखते थक गए थे। इस बीच खबर मिली कि वो रिहा होने वाला है। रिहाई की डेट भी आ गई। शख्स जेल से बाहर भी आ गया। लेकिन घर तक नहीं पहुंच सका। जेल से छूटने के बाद घर जाते समय सड़क दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते है परिवार में मातम पसर गया है। जानकारी के मुताबिक कन्नौज जिले के थाना गुरसहायगंज क्षेत्र का रहने वाला विजय हत्या के मामले में इटावा जेल में सजा काट रहा था। बीते दिन जेल से उसकी रिहाई हुई थी। जेल से निकलने के बाद वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ ऑटो से घर आ रहा था। तभी लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के तलाग्राम क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो की टक्कर से ऑटो चकनाचूर हो गया। इस हादसे में जेल से छूटे विजय की मौके पर ही मौत हो गई। विजय की बेटी की भी मौत हो गई। पत्नी और ऑटो चालक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया है। मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज चल रहा है। 21 मई 2012 में छोटेलाल निवासी ग्राम पडुआपुर की खेत में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस केस में 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। मुख्य आरोपी विजेंद्र था बाकी आरोपियों में बाबू, राम, छविराम और विजय थे।

# इंजी राशिद करते थे भाजपा-पीडीपी गठबंधन सरकार के दौरान एमएलए हॉस्टल में बीफ पार्टियों का आयोजन

**राजेश कुमार (जेके)**

**जम्मू कश्मीर:** सुनील डिंपल ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में दरार और अस्थिरता की भविष्यवाणी की है, किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन दलों को गठबंधन के बाद भी पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा।

सुनील डिंपल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिशन स्टेटहुड की घोषणा की।

यह निराशाजनक है कि अन्य कश्मीर स्थानीय राजनीतिक दलों की तरह, जम्मू-कश्मीर के नेता भी एर राशिद ने विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा-एनसी को सरकार बनाने में मदद करने के लिए अनुच्छेद 370, 35-ए और जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल होने का इंतजार किए बिना यूटी दर्जे के तहत विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उसी रोडमैप का पालन किया।

उन्होंने कहा कि इंजी राशिद भाजपा-पीडीपी गठबंधन सरकार के दौरान एमएलए हॉस्टल में बीफ पार्टियों का आयोजन करते थे।

डिंपल ने कहा कि 5 अगस्त 2019 के संघर्ष के बाद आज तक हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है कि जब तक जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक हम केंद्र शासित प्रदेश के तहत



विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। डिंपल ने आरोप लगाया कि एर राशिद ने भी स्थानीय कश्मीरी पार्टियों और नेताओं के उसी रोडमैप का अनुसरण किया है, जो कुर्सी की लालच में जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए बिना और अनुच्छेद 370 के बिना चुनाव लड़ रहे हैं। डिंपल ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा एनसी-भाजपा सरकार बनाने के लिए तैयार है। एर राशिद को रिहा करना भाजपा की साजिश का हिस्सा है, ताकि भाजपा-एनसी जम्मू-कश्मीर सरकार बनाई जा सके।

डिंपल ने कहा कि मिशन स्टेटहुड का वादा एक स्वर में जम्मू-कश्मीर के लोगों से किया गया था। पहले जम्मू-कश्मीर राज्य फिर विधानसभा चुनाव। लेकिन इसने सभी एर राशिद को चौंका दिया और सभी कुर्सी की लालच में यूटी के तहत अनुच्छेद 370, 35-ए और राज्य का दर्जा दिए बिना चुनाव में कूद पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के बाद एनसी-भाजपा सरकार बनाने के लिए गुप्त समझौता किया है। डिंपल ने कहा कि इंजीनियर रशीद को रिहा करना भाजपा की रणनीति का हिस्सा है, ताकि भाजपा-एनसी सरकार को मदद मिल सके और कश्मीरी पार्टियों में फूट डालकर विधानसभा में पर्याप्त सीटें हासिल की जा सकें। डिंपल ने कहा कि मेरा नैतिक मूल्य मुझे यह इजाजत नहीं देता कि विधानसभा में जाने के बाद उपराज्यपाल दरवाजा खटखटाएं और मुख्यमंत्री, विधायक चाय और पानी का गिलास देने के लिए दौड़े। उन्होंने कहा कि गठबंधन के बाद भी कोई भी राजनीतिक दल या गठबंधन दल बहुमत हासिल नहीं कर पाएगा। डिंपल ने कहा कि कश्मीर में इंजीनियर रशीद, जमते इस्लामी, आवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस, अपनी पार्टी, आजाद पार्टी, पीडीपी जैसी कश्मीरी राजनीतिक पार्टियां कश्मीरी पार्टियों और गठबंधन सहयोगियों को नुकसान पहुंचाएंगी और सभी पार्टियों को 10 से 12 सीटों का खंडित जनादेश मिलेगा। डिंपल ने कहा कि उन्हें कई पार्टियों ने पार्टी के जनादेश, पार्टी टिकट की पेशकश की है, लेकिन मैं केवल जम्मू-कश्मीर राज्य के तहत विधानसभा चुनाव लड़ूंगी।

डिंपल ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के युवाओं को नहीं भूल सकती और धोखा नहीं दे सकती, जिन्होंने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर राज्य के निरस्तीकरण, विध्वंस के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों और युवाओं के प्यार और समर्थन के साथ जम्मू-कश्मीर राज्य की बहाली और विधानसभा चुनाव के लिए मेरे साथ बहुत संघर्ष किया। डिंपल ने आरोप लगाया कि ये विधानसभा चुनाव राज्य को बहाल करने और 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में हमारी जीत के बाद हो रहे हैं। डिंपल ने कहा कि हमारी मांग थी कि विधानसभा चुनाव राज्य के तहत हों न कि केंद्र शासित प्रदेश के तहत, जिसमें एलजी और मुख्य सचिव को अधिकार दिए जाएं और अब मैं सिद्धांतों और विचारधारा से समझौता नहीं कर सकती। क्या सभी राजनीतिक दल कुर्सी की लालसा में, नाविकों को सचिवालय विधानसभा में भाजपा एलजी को पानी और चाय का गिलास देने के लिए तैयार हैं और जम्मू कश्मीर के एक करोड़ तीस लाख लोगों की आकांक्षाओं को बेच दिया है, समझौता किया है? डिंपल ने अपने रुख पर अपनी लड़ाई जारी रखने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया, जिसके लिए उन्होंने सैकड़ों बार गिरफ्तारियां दीं, जेल गए, जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने, विलय की शर्तों, अनुच्छेद 370 के लिए भूख हड़ताल की और सभी लोगों, राजनीतिक नेताओं, पार्टियों को एक मंच पर एकजुट किया।

डिंपल ने कहा कि जो पार्टी नेता केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे के तहत चुनाव नहीं लड़ने की बात कह रहे थे, वे अब दोहरी सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने को तैयार हैं और अपने बेटे, बेटियों, रिश्तेदारों को जनादेश जारी कर रहे हैं, कुर्सी की हवस के लिए यह कैसा मजाक है। डिंपल ने आरोप लगाया कि सभी राजनीतिक नेता, यहां तक ??कि पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री भी आत्मसमर्पण कर रहे हैं और अब विधानसभा सचिवालय में एलजी, एससी के सामने चपरासी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में काम करने को तैयार हैं। डिंपल ने आरोप लगाया कि सभी राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्र में धोखा दिया, मिशन स्टेटहुड के मुद्दे की नकल की, लेकिन अतीत में लोगों, युवाओं के लिए हर मुद्दे पर ईमानदारी से संघर्ष नहीं किया।

## दिल्ली जिम ओनर की हुई हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली हत्या की पूरी जिम्मेदारी

**शोभित**

**दिल्ली:** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश एरिया में एक मामला सामने आ रहा है जिसमे की एक शक्श को 8 बार गोली मार्कर हत्या की गयी , उउळश में दृश्य सामने आये। मरने वाला का नाम नादिर शाह बताया जा रहा है, उउळश में गोली लगने से पहले वह एक काली रवश के साथ खड़े हुए दिखाई दिए। पुलिस के हिसाब से उसपर 11 गोली चली जिसमे से उसको 8 गोली लगी और पीड़ित की गुरूवार को अस्पताल में जान चली गयी उनका यह मानना है की वह एक गैंगवॉर का शिकार हुए।

गोली मारने वाले ने हत्या करने से पहले जिम के आसपास 1 घंटे तक निगरानी करी और फिर वारदात को अंजाम दिया, CCTV फुटेज में शाह को गोली लगने से पहले वह एक शक्श के साथ बात करते हुए नजर आए , चश्मदीद गवाहों के द्वारा जानकारी मिली की जिम के सामने 10 बारी गोली चलने की आवाज आयी।

घटना के बाद गैंगस्टर रोहित गोदरा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर दावा किया की इस वारदात को उसकी गैंग ने मिलकर अंजाम दिया है जो लॉरेंस बिश्रोई और गोल्डी बरार की गैंग के साथ निजी सम्बन्ध रखते है। गोदारा ने वैंकोवर आइलैंड में पंजाबी सिंगर आप ढिल्लों के घर के सामने जो हवाई फायरिंग की जो घटना हुई थी उन्होने उसकी भी पूरी जिम्मेदारी ली।

रोहित गोदारा लावेरेन्स बिश्नोई गैंग का हिस्सा है और वर्तमान में वह अमेरिका में रहकर ऐसे मुकदमो को अंजाम देता है और पिछले 2 3 सालो विदेश में छुप कर रह रहा है।

## लखनऊ में डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चतुर्थ स्थापना दिवस पर आए मुख्यमंत्री

**अनिल गुप्ता**

**उत्तर प्रदेश:** लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चतुर्थ स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी समारोह में सम्मिलित हुए उन्होंने यह बात कही इस अवसर पर चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न लोगो को सम्मानित किया गया साथ ही संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन किया और बुकलेट का विमोचन तथा विकास कार्यों का लोकार्पण भी हुआ देश के सबसे अच्छा और सस्ता आयुर्विज्ञान संस्थान एक ऐसा अस्पताल जो पूरे भारत में इंस्टीट्यूट बनकर ना सिर्फ प्यार उत्तर प्रदेश और पूरे भारत के भी मरीज का इलाज लोहिया संस्थान में एक महत्पूर्ण रूप से देश के




सेवा में रात दिन लगा रहा हैं।

सामान्य बीमारी के पीड़ितो को सामुदायिक प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाना चाइए सभी डॉक्टर मरीज का इलाज ईमानदारी से करे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने यह बात लोहिया संस्थान में चतुर्थ स्थापना दिवस पर समारोह में कही योगी जी कहा की मुख्यमंत्री राहत कोष की भी सुविधा हम बिना भेदभाव के लोगों को लाभ हमारी सरकार दे रही समय से अस्पताल में पैसा पहुंच जाता हैं जिससे मरीज लोग अपना ऑपरेशन करवा लेते है, ताकि उनकी जिंदगी गंभीर बीमारी से बच जाए आयुष्मान कार्ड की सुविधा दे रही है।

सरकार की तरफ से 5 लाख तक फ्री इलाज करवा सकते हैं लोहिया संस्थान में एक साल में 9 लाख मरीजों को ओपीडी में इलाज मिला योगी जी का लोहिया संस्थान में हर महीने दौरे पर जाते है डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी लोहिया संस्थान में दौरे पर जाते रहते हैं और वार्ड में मरीजों से हाल चाल पूछते हैं समय से इलाज और दवाई मिल रही हैं या नही भोजन पानी की व्यवस्था अच्छी है लोहिया संस्थान पूरे उत्तर प्रदेश में नई ऊंचाई को छू चुका है गरीबों से लेकर अमीरों तक का इलाज एक समान होता है कोई भेदभाव नहीं है सभी बीमारी का इलाज डॉक्टर अच्छे से करते है।

## कविंदर ने अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में भ्रामक बयानबाजी के लिए फारूक की आलोचना की

**राजेश कुमार (जेके)**

**जम्मू कश्मीर:** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री कविंदर गुप्ता ने अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में पुराने और भ्रामक बयानबाजी को जारी रखने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि फारूक की टिप्पणियां जनता को धोखा देने के इरादे से किए गए "शेख चिल्ली के सपनों" से ज्यादा कुछ नहीं दर्शाती हैं।

आज यहां आयोजित बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के पिछले प्रयास असफल रहे थे। सर्वोच्च न्यायालय ने इन याचिकाओं को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया था, जिससे निरस्तीकरण की अंतिमता पर जोर



दिया गया। उन्होंने कहा, "अनुच्छेद 370 को बहाल करने के बारे में डॉ. फारूक अब्दुल्ला के बार-बार के दावे न केवल भ्रामक हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए भी नुकसानदेह हैं।"

इसके अलावा, कविंदर ने कांग्रेस पार्टी की भी आलोचना की और उस पर मतदाताओं को गुमराह करने के लिए इसी तरह की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आगामी विधानसभा चुनावों में ऐसी रणनीतियां सफल नहीं होंगी, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के लोग तेजी से समझदार और समझदार हो गए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जमीनी स्तर पर सक्रिय और सतर्क रहने को कहा। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "यह जरूरी है कि हम जमीनी स्तर पर बने रहें और लोगों तक भाजपा की प्रमुख नीतियों और उपलब्धियों को सक्रिय रूप से पहुंचाएं। हमारा ध्यान जम्मू-कश्मीर के उत्थान और विकास पर होना चाहिए और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मतदाताओं को हमारे विजन और पहलों के बारे में अच्छी जानकारी हो।"

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में हुए "बड़े पैमाने पर और अभूतपूर्व विकास" पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक, मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को बदल दिया है। इस क्षेत्र ने पहले जैसा विकास का दौर देखा है। यह महत्वपूर्ण है कि हम इन उपलब्धियों को उजागर करना जारी रखें और लोगों को जागरूक करें कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से हम कितनी दूर आ गए हैं।" कविंदर ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की अपील की ताकि केंद्र शासित प्रदेश में विकास की गति जारी रहे।

## 14 सितंबर को सैनी विकास संगठन ने किया बैठक का आयोजन



**प्रमोद कुमार बंसल**

**राजस्थान:** आज दिनांक 14 सितंबर 2024 को सैनी विकास संगठन के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष बबलू बबेरवाल के द्वारा की गई जिसमें बबेरवाल ने बताया आगामी होने जा रहे कोटपूतली में पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर2024 को है अभी तक संगठन द्वारा नौ जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है उसका तृतीय परिचय सम्मेलन 15 सितंबर रविवार दोपहर 2 बजे से 4 शाम बजे महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति संस्थान भवन नारायणपुर में किया जा रहा है।

समाज के योग युवक-युवती अपना परिचय देने अवश्य पधारे।

संगठन के पदाधिकारी जिले के सभी तहसीलों के गांव-गांव ढाणी ढाणी जाकर प्रचार संचार किया जा रहा है समाज से अपील की जारी के ज्यादा ज्यादा सम्मेलन में भागीदारी निभाएं सम्मेलन सम्मेलन आने समय की जरूरत है।

मौके पर मौजूद रहे रामरतन सैनी, पोखरमल सैनी, चौथमल सैनी, रामोतार सैनी, सुभाष जमालपुरिया, रामस्वरूप सैनी, गंगाराम सैनी, मोनू सैनी, श्रीराम सैनी, नेहरू सैनी, रामजीलाल सैनी, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, कुलदीप बानसूर, आदि मौजूद रहे।

## सुनील डिम्पल ने किश्तवाड़ में दो जेसीओ की शहादत पर किया प्रदर्शन

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** सुनील डिम्पल ने किश्तवाड़ में दो जेसीओ की शहादत, कश्मीर में जारी मुठभेड़ों, पुंछ में विस्फोट की आतंकवादी योजना के खिलाफ पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन का नेतृत्व किया और पाकिस्तान के झंडे जलाए।

डिम्पल ने पीओके, गिलगित-बल्तिस्तान को आजाद कराने, पाकिस्तान पर युद्ध और सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने की मांग की।

मिशन स्टेटहुड के अध्यक्ष सुनील डिम्पल ने किश्तवाड़ में दो जेसीओ की शहादत, कश्मीर घाटी में जारी मुठभेड़ और पुंछ में विस्फोट की आतंकवादी योजना के खिलाफ पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन, प्रदर्शन का नेतृत्व किया और पाकिस्तान के झंडे जलाए।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए




सुनील डिम्पल ने कहा कि यह बहुत चौंकाने वाला है कि किश्तवाड़ में आतंकवादियों ने हमला किया, हमारे बहादुर सेना के जेसीओ शहीद हो गए और सेना के जवान घायल हो गए।

डिम्पल ने आरोप लगाया कि कश्मीर के बारमुल्ला में मुठभेड़ चल रही है और पुंछ, राजौरी में विस्फोट करने की आतंकवादी योजना को पियरपंजाल, पुंछ और चिनाब घाटी में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद होने से विफल कर दिया गया।

डिंपल ने आरोप लगाया कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और जम्मू-कश्मीर डोगरा राज्य के ध्वस्त होने के बाद जम्मू क्षेत्र के सभी दस जिलों में उग्रवाद अपने भयानक रूप में सामने आ रहा है। डिंपल ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, हमारे सुरक्षा बलों पर हमलों और लक्षित हत्याओं को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुनील डिंपल ने आईएसआई, लश्कर तोएबा, पाकिस्तान, आईएसआई, लश्कर को चेतावनी दी कि जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। उन्होंने भारतीय सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस को मिशन स्टेटहुड का पूरा समर्थन दिया और कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग पीओके के लोगों को जम्मू कश्मीर राज्य का हिस्सा बनाने के लिए भारतीय सेना का पूरा समर्थन करेंगे। डिंपल ने चेतावनी दी कि आईएसआई, पाकिस्तान स्लीपर सेल, जम्मू-कश्मीर में सक्रिय और मौजूद हैं। सेना को पूरी तरह से ऑपरेशन शुरू करना चाहिए। डिंपल ने भारतीय सेना प्रमुख से अपील की कि वे सर्जिकल स्ट्राइक करें, पाकिस्तान के साथ युद्ध करें और पीओके, गिलगित, बलूचिस्तान को आजाद कराएं तथा पीओके को भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा बनाएं। डिंपल ने सेना प्रमुख से मांग की कि वे पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दें, युद्ध शुरू करें, सर्जिकल स्ट्राइक करें तथा जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आईएसआई, अफगानी आतंकवादियों को मार गिराएं। अन्य नेता स्वर्ण लाल, एस काला सिंह, अरुण वर्मा, मोहिंदर लीची, मोहन लाल, केवल कुमार, दलीप, विकास, दीपक, बालू कुमार लोहरी शाहा तथा कई अन्य

## एक नजर

### पैलानी तहसील के अंतर्गत चिल्ला घाट पर बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे बांदा डीएम



**मदन/उत्तर प्रदेश:** मध्य प्रदेश की पहाड़ी इलाको में हो रही बारिश की वजह से नदिया उफान पर, तो वहीं केन नदी का जलस्तर खतरे के निशान से दो मीटर नीचे आ गई है, यमुना नदी भी अपने उफान पर कायम है, बाढ़ की स्तिथि का जायजा लेने पहुँचे।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, पैलानी तहसील के चिल्ला घाट का किया मुआयना,संबंधित अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश, बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट, नदी की तलहटी पर बसे गावो पर प्रशासन की नजर, कई इलाकों में बाढ़ के कारण आवागमन बंद, सैकड़ो बीघा फसल भी आई बाढ़ की चपेट में बाढ़ चौकियों और नदी किनारे बसे गांवों के किनारे नावे तैनात, जनपद में केन नदी नीचे उतरी तो वहीं यमुना नदी पर बाढ़ निरंतर जारी।

### अतिवर्षा से ग्राम जोनिया में घरों में भरा पानी, सरपंच ने ग्रामीणों को कराया विद्यालय में व्यवस्थित



**अरविंद्र गुप्ता/मध्य प्रदेश:** दतिया जिले की सेवढ़ा जनपद के ग्राम पंचायत जोनिया में लगातार हो रही वर्षा से निचली बस्तियों में भर गया था वारिस का पानी, जीवन हुआ अस्त व्यस्त, लोगो के घरों में रखा अनाज एवं गृहस्थी का सामान पानी से हुआ बर्बाद, मानव तो मानव पशुओं का भरी बारिश के कारण बुरा हाल, ग्राम के सरपंच मनीष शर्मा ने मानवता दिखाते हुए निचली बस्तियों के लोगो को शासकीय विद्यालय में व्यवस्थित कराया और सरपंच द्वारा खाने पीने का सामान एवं भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

सरपंच जोनियां मनीष शर्मा का कहना है कि, जब तक निचली बस्तियों में रहने वाले लोगो के घरों का पानी खाली नहीं हो जाता तव तक उनके रहने एवं खाने पीने की व्यवस्था मेरे द्वारा बराबर सुचारू रूप से की जायेगी।

### जनपद मीरजापुर विंध्याचल पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष ने किया डोर टू डोर संपर्क



**सूरज मौर्य/उत्तर प्रदेश:** जनपद मीरजापुर विंध्याचल पिछड़ा वर्ग के उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहनलाल श्रीमाली जी जन-जन से डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं मिल रहे हैं सोहनलाल श्रीमाली जी जब से अपने पद पर आसीन हुए हैं उसके पहले भी और उसके बाद भी जैसे पहले लोगों से मिलते थे उनकी परेशानियों को जानते थे आज भी उनका दिनचर्या वही है। लोगों से मिलना उनकी परेशानियों को जानना उनकी परेशानियों का हल निकालना उसी क्रम में विंध्याचल वार्ड नंबर 13 के पूर्व सभासद पति संगम लाल त्रिपाठी जी से मुलाकात की संगम लाल त्रिपाठी जी एक समाजसेवी हैं जो की हर वर्ग की लिए सदैव तत्पर रहते हैं संगम लाल त्रिपाठी के साथ लव दुबे की उपस्थित रहे यह भी एक समाजसेवी हैं और समाज की पीड़ा को हमेशा प्रतिबिंब तक पहुंचाते हैं।

### रामभरोस शाह को भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद में शपथ दिलाई



**विपिन सौरभ/बिहार:** रामभरोस शाह को भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद का बिहार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रामभरोस शाह सिंघवारा प्रखंड के कटासा अंतर्गत वार्ड संख्या 9 के रहने वाले हैं उत्तराखंड स्थित प्रधान कार्यालय में शनिवार को भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद के एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता भारतीय प्रशासनिक सुधार के संगठन के संस्थापक राधा आदर्श चौधरी एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष शाह ने की इस दौरान रामभरोस शाह को नियुक्ति पत्र सोते हुए उन्हें पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार बाल विवाह अपराध उन्मूलन के लिए कार्य करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक एवं लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ने की शपथ दिलाई।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 244 परिवारों को मिले पक्के मकान

**मंगी लाल/'राजस्थान:** सूत्र अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 6 वर्ष पहले ग्रामीणों से आवेदन लिए गए थे' प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बिलाड़ा पंचायत समिति क्षेत्र के 30 ग्राम पंचायतो के आवासहीन 1658 परिवारों में से 30% ग्रामीणों को जल्द ही पक्के मकान का तोहफा मिलने वाला है ' प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2018-19 में पंचायत समिति के विभिन्न ग्राम पंचायतो के मुख्यालयो और आयोजित ग्राम सभाओं मेप्राप्त आवेदन में जांच पश्चात छटनी कर पात्र परिवारों का चयन किया गया था' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्के मकान का तोहफा देंगे 'जिसमें बिलाड़ा पंचायत के आवासहीन परिवार भी शामिल है' विकास अधिकारी पंचायत समिति बिलाड़ा के अनुसार बिलाड़ा पंचायत समिति को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कुल 244 ग्रामीणों को पक्के आवास बनाने का लक्ष्य मिला था जिसमें से 72 स्वीकृति तथा350 पंजीकरण कर दिए' फिर पात्र सभी परिवारों को आवास प्लस की वरीयता सूची में पंजीकरण के आदेश पर पुनः पंजीकरण किया गया है'

# मीरजापुर में आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया आंदोलन



**सूरज मौर्य**

**उत्तर प्रदेश:** मीरजापुर में आज आम आदमी पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव काशी प्रांत सुनील कुमार पांडे एडवोकेट एवं जिला अध्यक्ष बी सिंह के नेतृत्व में भोगांव घाट पर डोम समाज द्वारा किए जा रहे मुर्दा टैक्स वसूली के विरोध में किए जा रहे आंदोलन और आम आदमी पार्टी के आज प्रदर्शन के दृष्टिगत जिलाधिकारी मिजार्पुर प्रियंका निरंजन द्वारा मुर्दा टैक्स वसूली का ठेका निरस्त किए जाने को लेकर आज आम आदमी पार्टी ने लोकप्रिय जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन जी से मुलाकात करके उन्हें इस ऐतिहासिक आदेश के लिए बहुत-बहुत बधाई और साधुवाद और धन्यवाद दिया और भोगांव के निवासियों की बिजली पानी आवास शौचालय की समस्या को भी दूर करने के लिए गांव में ब्लॉक स्तरीय कैंप लगाने का अनुरोध किया जिसे माननीय जिला अधिकारी मिजार्पुर ने स्वीकार करते हुए अधिकारियों से भोगांव गांव में कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सरकारी कैंप लगाने का निर्देश जारी किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव काशी प्रांत सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि भोगांव घाट की पर मुर्दा टैक्स लगाए जाने को लेकर वहां की नागरिकों द्वारा 11 दिन से भूख हड़ताल किया जा रहा था आम आदमी पार्टी मिजार्पुर मेरे नेतृत्व में 11 सितंबर 2024 को धरना स्थल पर गई थी और आंदोलन का नेतृत्व करते हुए जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन का ऐलान किया गया था इस प्रदर्शन को संज्ञान में लेते हुए मिजार्पुर की लोकप्रिय जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन जी द्वारा मुर्दा टैक्स वसूली का ठेका निरस्त करने का आदेश जारी किया गया इसके लिए आम आदमी पार्टी जिलाधिकारी मिजार्पुर को धन्यवाद ज्ञापित करती है प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी मिजार्पुर के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बी सिंह ने कहा कि हम जनता की समस्याओं को लेकर सदैव जनता के साथ खड़े हैं।

आम आदमी पार्टी मिजार्पुर की जनमानस की समस्याओं को लेकर सजग और सक्रिय है यह आंदोलन भोगांव घाट के नागरिकों की एकता की जीत है इस आंदोलन के लिए सभी आंदोलनकारी को बहुत-बहुत बधाई आम आदमी पार्टी देता है प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट जिला महासचिव नियाजल्लाह खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ शेरू विमला देवी राजकुमार विशाल कुमार श्रीवास्तव नूरी जहां नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नागेंद्र प्रसाद तिवारी विधानसभा 96 अध्यक्ष सत्यम त्रिपाठी जिला अध्यक्ष यूथ विंग संतोष सोनी नगर अध्यक्ष यूथ विंग रामबाबू यादव संतोष कुमार पांडे मनीष कुमार मौर्य छोटे लाल तिवारी मनीष सिंह आनंद कुमार सिंह महताब अली माता प्रसाद जायसवाल संजय कुमार मौर्य हेमंत कुमार मौर्य ओम प्रकाश बिंद राजाराम इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुत्तों ने किया राष्ट्रीय पक्षी मोर पर हमला, हुआ घायल



**प्रदीप शर्मा**

**राजस्थान:** अलवर जिले की रैणी तहसील के ग्राम पंचायत गढी सवाईराम के जंगल में एक मोर को श्र्वान (कुत्तों) के एक दल ने हमला कर घायल कर दिया। मोर की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़े और श्र्वान (कुत्तों) के चंगुल से मोर को छुड़वाया। प्रत्यक्षदर्शी सियाराम मीणा ने बताया कि पानी में भीगे एक मोर पर प्रातः लगभग 8:30 बजे कुत्तों ने हमला कर दिया। वहां जाकर सोनू, सियाराम आदि लोगों ने मोर को छुड़वाकर लक्ष्मणगढ़ वन रेंज मे फोन किया। रेंज के कर्मचारी जयराम मीणा के मौके पर पहुंचने से पहले लोगो ने राजयकिय पशु चिकित्सालय गढी सवाईराम के डॉक्टरों द्वारा मोर का प्राथमिक उपचार करवाया तथा वन विभाग के कर्मचारियों को सौंप दिया।

## शा पू मा शाला सिनोधा में मेन गेट पर हुई तालाबंदी



**डॉ. कुमार सेन**

**छत्तीसगढ़:** शा पू मा शाला सिनोधा में 13 सितंबर को हुआ तालाबंदी छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के शा पू मा शाला सिनोधा में समस्त ग्रामवासी ग्राम सिनोधा एवं शाला विकास समिति सिनोधा द्वारा 13 सितंबर को स्कूल मे एक दिन की तालाबंदी करने की पूर्व सूचना व चेतावनी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को दिया गया था। शिक्षिका स्वाती चंद्राकर को अपने मूल शाला शा पू मा शाला सिनोधा मे वापस भेजे और मांग पुरा नही होने पर स्कूल में तालाबंदी करने की चेतावनी दी थी। पर शिक्षिका स्वाती चंद्राकर अपने मूल शाला शा पू मा शाला सिनोधा में नही आयी जिसके चलते आज दिनांक 13/09/2024 को मेन गेट में समस्त ग्रामवासी ग्राम एवं शाला विकास समिति सिनोधा द्वारा तालाबंदी कर स्कूल के सामहे पंडाल लगाकर धरने पर बैठ गये। स्कूली छात्र-छात्रायें भी शिक्षक कि कमी के कारण पालकों व ग्राम वासिंयो के साथ धरने पर बेठकर शिक्षक कि मांग करने लगे।

शा प्रा शाला सिनोधा में कुल 2 शिक्षक कक्षा 1 से 5 तक 88 बच्चों का अध्यापन कार्य कर रहे हैं और शा पू मा शा सिनोधा मे दो शिक्षक कक्षा 6वी 7वी 8वी मे कुल 71 छात्र-छात्राओ को पढञा रहे हैं। छात्र-छात्रायें ने बताया कि शिक्षक कि कमी के कारण एक दिन में 2-3 विषय की पढ़ायी होती है बाकी विषयों कि पढ़ाई दुसरे दिन होता है।

शिक्षिका स्वाती चंद्राकर अपने मूल शाला शा पू मा शाला सिनोधा में वापस आने तैयार है। शिक्षा विभाग प्रशासन उन्हें शा पू मा शाला बृजराज महासमुंद से आने नही देना चाहते शा पू मा शाला बृजराज महासमुंद अंग्रेजी माध्यम का स्कूल है और स्वाती चंद्राकर अंग्रेजी विषय की टीचर हे उनके आने से शा पू मा शाला बृजराज महासमुंद अंग्रेजी माध्यम का स्कूल डगमगा जायेगा।

शासन की ओर से शिक्षा विभाग के महासमुंद केअधिकारी. तहसिलदार तुमगांव, नायब तहसिलदार पटेवा अपने साथ विकासखण्ड शिक्षाअधिकारी महासमुंद के आदेशानुसार हेमलाल साहू शिक्षक शा पू मा शाला बावनकेरा और निरंजन दीवान शिक्षक शा पू मा शाला पथर्री को अपने साथ लेकर आये और विकासखण्ड शिक्षाअधिकारी महासमुंद के आगामी आदेश पर्यंत तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिनोधा में अध्यापन कार्य करेंगे यह जानकारी समस्त ग्रामवासी ग्राम सिनोधा एवं शाला विकास समिति सिनोधा को दिया औ? काफी समझाने के बाद स्कूल का ताला खुलवाकर छात्र-छात्राओं को शाला मे प्रवेश कराया गया।

## मुरादाबाद में बारिश में हाईवे पर कार्रवाई के लिए खड़ी यातायात पुलिस ने अपनाई आधुनिकता




**मो. राशिद**

**उत्तर प्रदेश:** मुरादाबाद में बारिश में हाईवे पर कार्रवाई के लिए खड़ी टीआई अनुराधा सिंघल व अन्य मुरादाबाद आधुनिकता के दौर में यातायात पुलिस अब लेजर स्पीड गन से लैस हो गई है बढ़ते सड़क हादसों पर लगाम कसने के लिए यातायात पुलिस ने पहली बार ओवर स्पीड वाहनों की धड़कन के लिए लेजर स्पीड गण को सड़क पर उतारा है 10 दिन में ट्रैफिक पुलिस ने करीब 250 ओवर स्पीड वाहनों के चालान काटे हैं, जबकि शराब पीकर चलने वाले 77 वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई की है टी आई अनुराधा सिंगला ने बताया है कि प्रशासन के आदेश पर 3 सितंबर से शुरू और स्पीड ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान की धड़कन बारिश की वजह से धीमी हो गई है यातायात पुलिस ने पहली बार लेजर स्पीड गण को हाईवे पर उतारा है।

इसके जरिए 1000 मीटर की दूरी तक तेज रफ्तार से दौड़ने वाले वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं उन्होंने बताया कि 10 दिन के अंदर लेजर स्पीड गंज से करीब 250 वाहनों के चालान काटे हैं जबकि शराब पीकर से 70 वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्यवाही की है प्रत्येक वाहन चालक से ?10000 का शुल्क व 16 गया है जबकि ओवर स्पीड वाहन चालकों से प्रति वहां 2000 की वसूली की गई है उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस बढ़ाते सड़क हादसों पर लगाम करने के लिए हाईवे समेत अन्य मार्गों पर पूरी तरह से मुस्ताक है इसके लिए 17 सितंबर तक अभियान चलाया जा रहा है 10 दिन में वसूल 13 लख रुपए।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस के राजस्व में करीब 13 लख रुपए का इजाफा हुआ है 3 सितंबर से चलाए जा रहे हैं अभियान में ओवर स्पीड तृतीय वाहन चालक से ?2000 का शुल्क घुसल गया है तेज रफ्तार से वहां दौड़ने वाले 250 वाहनों से ट्रैफिक पुलिस ने करीब ?500000 का राजस्व जूता है वही शराब पीकर चलने वाले प्रत्येक वाहन चालक से ?10000 की वसूली की गई है इससे भी करीबआठ रूपए का इजाफा हुआ है और स्पीड ड्रिंक एंड ड्राइव से 10 दिन के अंदर ट्रैफिक पुलिस को 13 लख रुपए का राजस्व मिला है।

## धार्मिक नगरी हरियाडाणा में हुआ बाबा रामसा पीर का जागरण



**मंगी लाल**

**राजस्थान:** धार्मिक नगरी हरियाडाणा में उदेडी स्थित बाबा रामसा पीर मंदिर तथा गांव के अन्य स्थानों पर बाबा रामसा पीर का भाद्रपद दशम पर विभिन्न धार्मिक आयोजन, जागरण एवं भजन संध्याओं का आयोजन किया गया। बड़े उत्साह और उमंग और भक्ति भावना से भजन एवं कीर्तन सभाओं का आयोजन किया गया। गांव के उंदेडी स्थित बाबा रामदेव जी के मंदिर में भी भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस भजन संध्या का आयोजन गोपाल सिंह पातावत महेंद्र सिंह जी पातावत बाबूलाल जी सेन महेंद्र जी जांगिड़ द्वारा आयोजित किया गया। भजन संध्या में गणेश वंदना के बाद बाबा रामदेव जी की पूजा अर्चना धूप, दीप, नैवेद्य द्वारा की गई'मुख्यगायक कलाकार बाबू गिरी जी और उन कीभक्त मंडली के द्वारा बड़े ही रोचक तरीके से भावपूर्ण मधुर स्वर लहरी एवं संगीत द्वारा रामदेव जी से संबंधित एवं अन्य संबंधित भावपूर्ण भजनों द्वारा शानदार रोचक प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, प्रातः रामदेव जी की आरती के पश्चात महा प्रसादी का आयोजन किया गया 'इसमें आसपास के ग्रामीण जन, भक्त गण एवं श्रद्धालु द्वारा भजन संध्या और महा प्रसादी का आनंद उठाया।

## जयपुर में निकली गोपाल जी महाराज की 206वीं हेडे की परिक्रमा



**प्रदीप शर्मा**

**राजस्थान:** जयपुर ठाकुरजी, गोपालजी महाराजा की 206 वी हेडे? की परिक्रमा ठाकुरजी गोपालजी महाराज की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 206 वी ठाकुरजी श्री गोपालजी महराज की छठ की हेडे की परिक्रमा भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06 सम्वत 2081 को निकाली गई, जिसमे बाबा ताड़केश्वर नाथ और ठाकुरजी की कृपा से जय लबानिया, वैभव लबानिया, कृष्णा शर्मा, अर्जुन शर्मा को शाही वेशभूषा पहनाकर चांदी की पालकी में बैठाकर कराया नगर भ्रमण। जयपुर परिधान सफेद धोती कुर्ता और गुलाबी रंग की पगड़ी में दिखे लोग, परिक्रमा का भक्तों ने जगह-जगह किया भव्य स्वागत। श्री गोपाल जी महाराज की 206 वी हेडे की परिक्रमा फतेह कुंज बिहारी जी का मन्दिर से शुरू हुई उस दौरान लोगों के समूह ढोलक मंजिरे बजाते हुए पैदल चल रहे थे।

घाट के हनुमान जी के दर्शन कर घाट की गुनी के नीचे मंदिर पहुंचे। यहां झांकी में चार बालकों को राधा, कृष्ण, ललिता, विशाखा के रूप में शाही श्रृंगार किया गया।रियासत कालीन भव्य पोशाक पहनाकर महंगे जेवर पहनाये ओर चांदी की पालकी में बैठाकर शाम को नगर परिक्रमा की।

# धूप की खुशबू से महक उठे जिनालय

## महिलाओं ने व्रत रखकर मनाया सुगंध दशमी पर्व



**अजय सिंह**

**मध्य प्रदेश:** पोरसा दशलक्षण (पर्यूषण) पर्व पर भाद्रपद शुक्ल दशमी को दिगंबर जैन समाज व्दारा सुकाण्ड जैन मंदिर में सुगंध दशमी का पर्व मनाया गया। जैन समाज के महिला पुरुषों ने इस दिन सभी जैन मंदिरों में जाकर श्रीजी के चरणों में धूप अर्पित की। इससे आसपास का वायुमंडल सुगंधित व स्वच्छ हो गया। धूप की सुगंध से जिनालय महक उठे। सुगंध दशमी व्रत का दिगंबर जैन धर्म में काफी महत्व है। महिलाएं हर वर्ष इस व्रत को करती हैं।

धार्मिक व्रत को विधिपूर्वक करने से मनुष्य के सारे अशुभ कर्मों का क्षय होकर पुण्य की प्राप्ति होती है तथा मोक्ष की राह आसान होती है। साथ ही सांसारिक दृष्टि से उत्तम शरीर प्राप्त होना भी इस व्रत का फल बताया गया है। सुगंध दशमी के दिन हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील, परिग्रह इन पांच पापों के त्याग रूप व्रत को धारण करते हुए चारों प्रकार के आहार का त्याग, मंदिर में जाकर भगवान की पूजा, स्वाध्याय, धर्मचिंतन-श्रवण, सामायिक आदि में अपना समय व्यतीत करने का महत्व है। इस दिन जैन धर्मावलंबी अपनी-अपनी श्रद्धानुसार कई मंदिरों में जाकर अपना शीश नवाकर सुंगध दशमी का पर्व उत्साह से मनाते हैं।

सुगंध दशमी के दिन नगर के जैन मंदिरों में जाकर 24 तीर्थंकरों को धूप अर्पित की गई। सभी जैन धर्मावलंबियों ने इस पर्व को बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया। जैन मंदिरों में विशेष तौर पर साज-सज्जा, आकर्षक मंडल विधान सजाने के साथ-साथ मनोहारी झांकियों का निर्माण भी किया गया। इस अवसर पर सुगंध दशमी कथा का वाचन भी हुआ। सुकांण्ड जैन मंदिर पर गोरमी एवं पोरसा से आए सभी श्रावकों का महावीर स्वामी दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी सुकांण्ड धन्यवाद देता है एवं सभी के पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना करती है।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का खरनाल हैलीपेड पर हुआ भव्य स्वागत, भावपूर्ण अगवानी



**मनोज कुमार चोरदिया/राजस्थान:** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भारतीय वायुसेना के विशेष हैलिकॉप्टर से शुक्रवार को दोपहर बजे नागौर जिले के खरनाल हैलीपेड पहुंचे। पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उनके साथ हैं। जहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनकी भावपूर्ण अगवानी करते हुए भव्य स्वागत किया।

हैलीपेड पर अगवानी एवं स्वागत करने वालों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, भाजपा उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा, पूर्व विधायक मोहनराम चौधरी, रिछपाल मिर्धा, श्रीराम भींचर, जिला भाजपा अध्यक्ष रामनिवास सांखला, रेवंतराम डांगा, पांचला सिध्दा महंत सूरजनाथ महाराज जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस प्रमुख हैं।

### लापता व्यक्ति को जम्मू-कश्मीर पुलिस कठुआ ने उसके परिजनों से मिलाया




**राजेश कुमार (जेके)/जम्मू-कश्मीर:** पुलिस कठुआ ने थाना कठुआ के जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में एक लापता व्यक्ति को उसके परिजनों से मिलाया।

04/09/2024 को थाना कठुआ में एक लापता व्यक्ति शकील अहमद खोजा पुत्र घ. के बारे में शिकायत दर्ज कराई गई थी। नबी खोजा निवासी बनकूट बांदीपोरा श्रीनगर ए/पी चक सज्जन कठुआ और तदनुसार इस पुलिस प्रतिष्ठान की दैनिक डायरी में डीडीआर नंबर 10 दिनांक 04.09.2024 के तहत गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई और लापता व्यक्ति का पता लगाने के लिए खोज शुरू की गई। 13.09.2024 को डीएसपी मुख्यालय कठुआ की देखरेख में एसएचओ पीएस कठुआ के नेतृत्व में पीएस कठुआ की एक पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत के बाद गुमशुदा व्यक्ति का पता लगा लिया और गुमशुदगी की रिपोर्ट डीडीआर नंबर 08 दिनांक 13.09.2024 के तहत बंद कर दी गई। इस बीच, कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, पता लगाए गए व्यक्ति को उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को सौंप दिया गया।

### सरकार के भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित हुआ राज्यस्तरीय कार्यक्रम



**बजरंग लाल/राजस्थान:** हिंदी दिवस के अवसर पर राजस्थान सरकार के भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राजस्थान की माननीय उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत एवम गोपाल जी शर्मा के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी को सशक्त बनाने में अहम योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष प्रयासों के कारण हिंदी भाषा विश्व में प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही है। इस वर्ष हिंदी ने देश की राजभाषा के रूप में जनसंवाद और राष्ट्रीय एकता के 75 वर्ष पूरे किए हैं। हमारा सौभाग्य है कि हम इस गौरवपूर्ण दौर के साक्षी हैं। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के शासन सचिव डॉ. के.के पाठक जी, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के निदेशक व संयुक्त शासन सचिव श्री मनीष गोयल जी, स्कूल शिक्षा और भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल जी सहित हिंदी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी और विभिन्न कार्यक्षेत्रों के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े चोर कर रहा था चोरी गांव वालों ने पड़कर किया पुलिस के हवाले



**प्रदीप/उत्तर प्रदेश:** दिनदहाड़े चोर कर रहा था चोरी गांव वालों ने पड़कर किया पुलिस के हवाले पूरा मामला हरचंदपुर थाना के अंतर्गत का है जो की 3 किलोमीटर दूरी छा तैया गांव का है जहां पर बंद मकान देखकर दिन में ही करीबन 11:00 बजे तीन बाइक सवार होते हैं।

मकान का ताला तोड़ने लगते हैं परंतु कुछ ही समय में मकान मालिक आ जाता है और जैसे ही मकान मालिक को देखकर बाइक सवार कर भागने की कोशिश करते हैं परंतु एक कर पड़ जाता है। गांव वालों की हत्या चढ़ जाता है जैसे ही गांव वालों को पूरा पता चला तो गांव वाले इकट्ठा हो गए और और कर से पूछताछ करने लगे, परंतु फोन करने पर भी बाइक सवार के कर वापस नहीं आए और अपने एक साथी को छोड़कर भाग गए।

गांव वालों ने चोर को पुलिस को बताया पुलिस मौके पर टकर चोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है जैसे कि, थाना के अंतर्गत लगातार हो रही चोरियों को मध्य नजर रखते हुए सो बबीता पटेल ने पहले सबको अवगत कराया था की की चोरों से सावधान रहें। परंतु इस तरह की कई ग्रुप चल रहे हैं। चोरों के और इसमें से आज एक पकड़ा गया हरचंदपुर रलड बबीता पटेल ने बताया कि, कार्यवाही कर रहे हैं और पूछताछ करने के बाद दो और चोरों को पकड़ लाने का।

# 45 साल बाद किसी PM ने किया डोडा दौरा शंखनाद बजाकर होगा हरियाणा में चुनावी प्रचार

**शोभित**

जम्मू-कश्मीरः आज ढट मोदी करेंगे 2 राज्यों में चुनावी प्रचार , पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुबह 11 बजे करेंगे रैली 45 साल के बाद किसी प्रधान मंत्री का होगा डोडा में दौरा। इसके बाद वह 2 बजे कुरुक्षेत्र पहुंचकर जनसभा को सम्बोद्धित करेंगे। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद होंगे विधान सभा के चुनाव , बीजेपी भी मिशन 50 में जुटी हुई है।



आज ढट मोदी करेंगे 2 राज्यों में चुनावी प्रचार , पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुबह 11 बजे करेंगे रैली 45 साल के बाद किसी प्रधान मंत्री का होगा डोडा में दौरा। इसके बाद वह 2 बजे कुरुक्षेत्र पहुंचकर जनसभा को सम्बोद्धित करेंगे। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद होंगे विधान सभा के चुनाव , बीजेपी भी मिशन 50 में जुटी हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर से चुनावी शंखनाद करेंगे। आज सुबह 11 बजे मोदी चुनावी रैली को सम्बोद्धित करेंगे। डोडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा चार दशकों के बाद यानी 45 साल के बाद किसी प्रधान मंत्री की पहली रैली। इससे पहले 1979 में इंदिरा गांधी ने डोडा में रैली की थी , रैली स्थल की ड्रोन से निगरानी होगी इसके लिए पुरे परिसर को सील कर दिया गया है आसपास के इलाको में भी आर्मी ने सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

जम्मू एंड कश्मीर में 90 सीटों की वोटिंग 3 चरणों में होगी , पहला चरण की वोटिंग 18 सितम्बर को होगी और दुसरे और तीसरे फेज का मतदान 25 सितम्बर और 1 अक्टूबर को संगठित होगा। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग ने 31 अगस्त को ही जम्मू एंड कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का एलान कर दिया गया था।

डोडा की रैली के बाद हरियाणा जायेंगे पीएम मोदी। कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में दोपहर दो बजे पीएम मोदी एक रैली को संबोधित करेंगे। मोदी 6 जिलों के 23 उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट की अपील करेंगे। पीएम की रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्ट , और बीजेपी के प्रभारी समेत सभी बड़े नेता और मंत्री मौजूद रहेंगे। हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी । पार्टी को उम्मीद है कि पीएम की रैली का काफी असर पड़ेग।

# रैणी के खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जाएंगे खेलने



**प्रदीप शर्मा**

**राजस्थानः** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रैणी के खिलाड़ी सेपक टकरा खेल में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खेलने भीलवाड़ा जाएंगे। जिनमे है शिवानी जांगिड़ पुत्री संतोष कुमार जांगिड़, संजना सैनी पुत्री मूलचंद सैनी, मुस्कान मीना पुत्री मुकेश चंद्र मीणा, दिलकुश कुमार बेरवा पुत्र बाबूलाल बैरवा, भवानी प्रजापत पुत्र लालाराम प्रजापत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता निर्णायक अरविंद कुमार मीणा, राकेश कुमार मीणा के द्वारा चयन किया गया है। इनको राज्य स्तरीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर प्रशिक्षक रघुवीर नागर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुर्जा में दिया जाएगा। इन सभी की खुशी के पलों को सभी ग्राम वासियों और विद्यालय स्टाफ ने साझा किया।

इन खिलाड़ियों को प्रेरित करने वालों में राजेंद्र कुमार मीणा सीबीईओ, रामस्वरूप मीणा एसीबीओ, तिलक राज प्रधानाचार्य, रामस्वरूप मीणा उप प्रधानाचार्य, राजेश कुमार मीणा व्याख्याता, राजेश गुप्ता लाइब्रेरियन, लक्ष्मीकांत शर्मा प्रशासनिक सहित सभी अधिकारी रहे।

## एक नजर

# मीरजापुर में विंध्याचल थाना प्रभारी ने फोर्स के साथ त्योहार को देखते हुए किया फ्लैग मार्च



**सूरज मौर्य/उतर प्रदेशः** मीरजापुर के छानबे क्षेत्र के विजयपुर ग्राम सभा में शुक्रवार की शाम में सीओ सिटी विवेक जावला, थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश पांडेय, गैपुरा चौकी प्रभारी आनंद शंकर सिंह और पुलिस कर्मियों द्वारा विजयपुर मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च कर गणेशचतुर्थी व मूर्ति विसर्जन के रूट को देखा और विजयपुर बाजार में आमजनता से बातचीत किया। विजयपुर बाजार में जाते आम ग्रामीण से भी बातचीत किया।

विजयपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रशुल से भी मुलाकात किया और आम जनमानस के बारे में जानकारी प्राप्त किया। विजयपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रशुल ने बारावफात के बारे में सीओ सीटी को जानकारी दिया` सीओ सीटी ने गणेश चतुर्थी, गणेश मूर्ति विसर्जन तथा बरावफात को बड़े ही शांति पूर्ण ढंग से मनाया जाय। इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं किया जाये। यदि इसमें कोई भी संदिग्ध पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई किया जायेगा। इस फ्लैग मार्च से आमजनता तथा ग्रामीणों में भय बना है। गणेश मूर्ति विसर्जन में कोई भी लापरवाही नहीं किया जायेगा।

# जिला गडचिरोली फारेस्ट गार्ड का घोट प्रादेशीक वन विभाग में हुआ तबादला



**महेश पंदूरंग शिंदे/महाराष्ट्रः** चौडमपल्ली रेज आफि स मे मार्कंडा के गाव में कर्त्यव निभाते उनके द्वारा सराहनिय कार्य हुए। बारिश के मौसम में जिम्मेदारी के साथ परेशानी भी बढ़ गई थी। गांव पास होने के वजह से लावारिस कुत्ते रहते वन्यजीव के शिकार के प्रमाण बढ़ गये थे। घरेलू कुत्ते को गले में पट्टा बांधने सक्ती कर-के लावारिस कुत्तो को चिडीयाघर भेजकर वन्यजीव के प्रति लगाव दिखता है। गैस के बढ़ते दाम से गांव में मजदूर लोगों के प्रति सहानभूतीं, जंगल में पडी लकडी घर का चुला जलने के लिये भी मना नही करते थे, लेकिन कुछ लोगों द्वारा जंगल में लकडी चोरी के साथ करंट लगाकर शिकार भी की जाते है। इसलिये जंगल में मार्कंडा आफि स क्वाटर में घर परिवार के साथ रहकर उनके सहकर्मी के साथ दिन - रात पेट्रोलिंग पर रहते थे। कर्त्यव पर रहते समय गैरमौजूदगी में फारेस्ट क्वाटर में उउळश कमेरा की जरूरत आवश्यक है।

इस विषय में उपाय करके सेवा की कार्यपूर्ती हो, ताकी अधिकारी के सुरक्षा के साथ अवैध धंदे पर रोक लगाई जा सके। अनजाने में लोगों द्वारा गुमराह होने के वजह से मुश्किल हालात से गुजरना पडा। वन्यजीव प्रतिबंध परिक्षेत्र में रस्ता पार होते समय सड़क दुर्घटना में लोगों के साथ वन्यजीव के सुरक्षा हेतू, बरीगटे लगाकर सुरक्षा नियंत्रण किया। उनके परिक्षेत्र सभी लोगों के साथ अपने निस्वार्थ भाव से कर्त्यव का निर्वाहन करते हुए जिम्मेदारी के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करके लोगों के सेवा हेतू "घोट प्रादेशीक वन विभाग" में सेवा के लिये स्थानांतर हुआ।

# विधानसभा चुनाव से पहले विधानसभाध्यक्ष का गोटन में कार्यक्रम



**मनोज कुमार चोरदिया**

**राजस्थानः** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को एल.के. सिंघानिया एजुकेशन सेंटर गोटन में लेडी अनुसुइया सिंघानिया मैमोरियल अखिल भारतीय हिंदी व अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। देवनानी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि, वाद-विवाद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रथम सीढ़ी होती है।

वाद विवाद के शीर्षक 'भारत असहिष्णुता की ओर बढ़ता' पर उन्होंने कहा कि भारत में एक ही धर्म है वह सनातन है बाकी सब पंथ है। उन्होंने बच्चों से कहा कि सब समस्याओं का समाधान केवल राष्ट्रवाद है और इसके लिए एक भारत -श्रेष्ठ भारत- अखंड भारत का भाव लेकर हम सबको आगे बढ़ना होगा।

श्री देवनानी ने वाद-विवाद में भारत सहिष्णु हैं के पक्ष वालों के चिन्तन को उद्धृत करते हुए कहा कि इसके लिए हम सबको मिलकर सकारात्मक आगे बढ़ते रहना चाहिए।

# पोरसा में लगातार हो रही बारिश से निचले इलाके की बस्तियों में भरा पानी

**अजय सिंह तोमर**

**मध्य प्रदेशः** पोरसा पिछले काफी समय से लगातार हो रही बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में पानी भरा लोग हुए परेशान सन, क्षेत्र के गांव जगह मकान धराशाई हुए। आज सैकड़ों लोग नहीं सो पाए क्योंकि घरों में पानी भरा हुआ था।



1980 से पूर्व जो बारिश हुआ करती थी उसको आज फिर मौसम ने याद दिला दिया।

लगातार हो रही रिमझिम व तेज बारिश से कच्चे मकानों को काफी खतरा है आज लगातार हुई बारिश से मजदूर लोग मजदूर के लिए नहीं जा पाए।

सब्जी मंडी में हुए दलदल से लोग सब्जी खरीदने नहीं पहुंचे दुकानदार पूरे दिन भर खाली बैठे दिखे। सन 1980 से पूर्व इस प्रकार लगातार बारिश से हुआ करती थी तब लोग बेहद परेशान हुआ करते थे। घरों में सात -सात दिन तक लगातार रोटी नहीं बन पाती थी, लोग दाल चावल से या फोगदे से गुजारा किया करते थे।

संत सियाराम दास महाराज से हुई बातचीत के मुताबिक उन्होंने बताया कि, सन 1980 से पूर्व मई और जून में लकड़ी और कन्डो को सुरक्षित मई जून के महीने में में सुरक्षित रखा करते थे और लगातार बारिश होने से लाइट भी नहीं आती थी इसलिए आटा नहीं पिस्स पता था तब दाल चावल या फोगदा बना करके खिचड़ी बनाकर के महेरी बनाकर के गुजर होती थी आज मौसम इसी प्रकार का दिख रहा है अगर पहले की तरह लगता 7 दिन बारिश हुई तो अब क्या होगा यह तो समय ही बताएगा।

आज शहर की अधिकांश गलियों में पानी भरने से लोग बेहद परेशान हुए अस्पताल के जच्चा घर में भी पानी भरा लगातार हो रही बारिश से दो मकान गिरे लाखों रुपए का हुआ नुकसान।

पोरसा शहर के वार्ड क्रमांक 12 पचौरीपुरा गांव में देर रात दो मकान गिरने से लाखों रुपए के हुआ नुकसान।

जानकारी के लिए बता दे कि मुकेश पचौरी और नरेंद्र शर्मा का देर रात को अचानक बारिश के चलते मकान गिर पड़े,गनीमत रही कि उन मकानों में कोई नहीं था।सभी घरवाले बगल वाले मकान में सो रहे थे। पोरसा पटवारी सातेश सिंह तोमर को जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर नुकसान का आकलन कर पंच नामा तैयार किया। इसी तरह ग्राम गोकुलपुरा में चारों तरफ पानी भरा हुआ है गांव के रहने वाले रामस्वरूप महौर की दीवाल गिर पड़ी तथा भूरे की दीवार को नुकसान पहुंचा।

# अध्यापक के बेटे ने रचा इतिहास 20 साल की उम्र में करेंगे देश की सेवा

**गोलू सेन**

**मध्य प्रदेशः** गुना में आनंद धाकड़ सीडीएस में अन्तिम रूप से चयनित होकर भविष्य में लेफ्टिनेंट आर्मी ऑफिसर बनकर अपना एवं अपने गांव के साथ समस्त गुना ज़िले का नाम रोशन करने वाले हैं। आनंद धाकड़ मूलतः गुना ज़िले की ग्राम पंचायत ढुरढुरू अंतर्गत ग्राम नोहर के रहने वाले हैं इनके पिता शासकीय शिक्षक हैं जो भौरा गिर्द गांव में पदस्थ है। पिता का नाम जयनारायण धाकड़ हैं। उनका एवं धाकड़ समाज का नाम रोशन किया है अभी तक गुना जिले से कोई भी धाकड़ समाज में आर्मी ऑफिसर नहीं बना 20 साल की उम्र में आर्मी ऑफिसर की ट्रेनिंग के लिए चेन्नई जा रहें हैं।




आनंद धाकड़ ने 20 साल की उम्र में ही अपने पिता का किया सर फक्र से ऊंचा

आजकल के जमाने में इतनी कम उम्र में इतनी अधिक मेहनत करने के बाद भी लोग नौकरियों के लिए तरस रहे हैं।

मां-बाप पूरी मेहनत के साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा की तालीम देते हैं लेकिन बहुत ही काम बच्चे ऐसे होते हैं जो मां-बाप की उम्मीदों पर खारे उतार पाते हैं लेकिन यहां ऐसा नहीं है आनंद धाकड़ ने अपनी पूरी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई के साथ-साथ फिजिकल मेहनत भी की और आज उनकी यह मेहनत रंग लाई वह आर्मी में जाकर अपने देश की सेवा के साथ-साथ पूरे गुना जिले का नाम गौरांवित करने वाले हैं।

आनंद धाकड़ का कहना है कि मेरी सफलता के पीछे मेरे पूरे परिवार और मेरे माता-पिता का पूरा योगदान है उनकी ही आशीर्वाद और उनके ही परिश्रम से मैं आज देश की सेवा करने लायक बन पाया हूं आनंद धाकड़ ने भावुक होते हुए कहा कि मेरे परिवार जैसा मेरे भाई, बहन और माता-पिता जैसे इस देश में सभी को ऐसा परिवार मिले और ऐसे मां-बाप मिले जो अपने बच्चों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं। हर समस्या में भी उन्होंने मेरा हर पल सहयोग किया और मुझे इस काबिल बनाया कि मैं अपने मां-बाप के साथ अपने देश का नाम रोशन कर सकूं देश की सेवा कर सकूं मैं धन्य हूं ऐसे मां-बाप पाकर जिन्होंने मुझे पला पोषा और मुझे इस लायक बनाया कि मैं अपनी मातृभूमि की सेवा करने में सक्षम आज बन पाया हूं।

# कुकड़ेश्वर के लव कुश कुशवाह समाज ने किया गणेश उत्सव का आयोजन



**ख्वाजा हुसैन**

**मध्य प्रदेशः** कुकड़ेश्वर प्रति वषार्नुसार इस वर्ष भी कुकड़ेश्वर लवकुश कुशवाह समाज नवयुवक मंडल समाज गणेश उत्सव समिति के छोटे-छोटे बच्चों ने गणपति स्थित कुकड़ेश्वर के रहवासियों ने भाद्रपक्ष शुक्ल चतुर्थी को प्रथम पुज्य गणेश चतुर्थी को राजा गणेशजी की विधिविधान मंत्रोच्चार से 10 दिनो के लिए बडे हर्षोल्लास से घट स्थापना की तत्प्रश्चात महाआरती करके प्रसाद वितरित किया गया।

मां आरती करने पहुंचे मध्य प्रदेश पटेल संघ प्रदेश प्रवक्ता एवं पत्रकार राजेंद्र पटेल पत्रकार भंवरलाल मांडीवाल आयुष कमटोरा सुरेश मालवीय टीबी एवं नगर के संगठन के पदाधिकारी एवं नगर के वरिष्ठ जन ने भी महाआरथी का लाभ लिया मौके पर समस्त नगर के रहवासी महिला, पुरूष, युवाजन मौजूद थे।

# दिव्यांगों सहित बीमार श्रद्धालु भी पहुंच रहे रामदेवरा

**अबदुल लतीफ/राजस्थानः** रुणीचे के धणी बाबा रामदेव की समाधि स्थल के दर्शनों के लिए सैकड़ों मील के सफर में श्रद्धालुओं की तकलीफें, बेबसी, शारीरिक मजबूरी भी राह में रोड़ा नहीं बन रही है। बच्चों के साथ बड़े, कोई दंडवत तो कोई नंगे पैर, पैरों में हुए फाले, न विश्राम का उचित स्थान, न भोजन का सही समय, ऊपर से भीषण गर्मी, लू के थपेड़े, कभी आंधी तो कभी बारिश, प्रतिदिन 20 से 40 किलोमीटर का पैदल सफर।



बावजूद इसके सभी तकलीफों को पार कर हर कोई बाबा के जयकारे लगाते रामदेवरा की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। सभी तकलीफों को सहते हुए भी श्रद्धालुओं की श्रद्धा व हौसला अपार है। राह की हर छोटी-मोटी तकलीफ को वे बाबा का प्रसाद मानते हुए सह लेते है। राह में दर्जनों कष्टों के बावजूद उनके मुंह से बाबा के जयकारे ही निकलते है। यही नहीं बड़े पदयात्री संघों में चल रहे श्रद्धालु एक दूसरे का हौसला बढ़ाते बाबा के दर की ओर बढ़ते है।

इनकी श्रद्धा और भक्ति देखकर स्थानीय लोग भी उनकी सेवा में आगे आने को मजबूर हो जाते है।पदयात्रा, दंडवत कर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही शारीरिक परेशानी के बावजूद कई दिव्यांग श्रद्धालु भी रामदेवरा पहुंचकर बाबा की समाधि के दर्शन कर रहे है। प्रतिदिन दर्जनों ऐसे दिव्यांग भी मेले में नजर आ रहे है। दिव्यांग श्रद्धालु अपने परिजनों की सहायता से रामदेवरा पहुंच रहे है। कोई वैशाखी, कोई व्हील चैयर तो कोई स्टीक के सहारे बाबा की समाधि के दर्शन कर रहा है। इन श्रद्धालुओं का मानना है कि राह की हजार मुश्किलें व उनकी शारीरिक पीड़ बाबा हर लेता है।

# सोनभद्र एसपी का ऐलान, त्रिनेत्र बनेगा अपराध नियंत्रण का बड़ा माध्यम

**आनंद कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** सोनभद्र जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालते हुए पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्रिनेत्र का मतलब यह होगा कि कस्बा -शहर की प्रमुख गलियों, चौराहों, तिराहों तथा ज्यादा भींड- भांड वाले जगहों तथा गांव-गांव के चट्टी- चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की पहल शुरू किया जाएगा।



इसके साथ ही शहरों तथा ग्रामीणों में जागरूकता के माध्यम से त्रिनेत्र को अपराध नियंत्रण का बड़ा माध्यम बनाया जाएगा। एसपी ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर टीम का गठन कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्कूल-कॉलेज के आस-पास जगह के अलावा स्कूल- कॉलेज में आने जाने वाले सड़कों पर भी टीम की पैनी नजर रहेगी। जिले के सभी थाना प्रभारियों, महिला हेल्प डेस्क से जुड़ी टीमों को पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी महिला का उत्पीड़न न होने पाए।

एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पुलिस के पास आने वाली जनता की शिकायतों का त्वरित व समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हो, इसके लिए जनसुनवाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों की एसपी कार्यालय में फीडिंग कराई जाएगी और उसकी समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराया जाएगा। इसको लेकर एक प्रारूप जिले के सभी थानों में उपलब्ध करा दिया गया है। जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि, थाने में आने वाली प्रत्येक प्रार्थना पत्र को समयबद्ध तरीके व गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाए।

# कलेक्टर ने किया बरमान घाट का निरीक्षण



**अनुप श्रीवास्तव**

**मध्य प्रदेशः** नरसिंहपुरजिले में लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर जल भराव वाले क्षेत्रों पर नजर बनाये रखने एवं किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने की तैयारियां करने के निर्देश कलेक्टर शीतला पटले ने सभी एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर पटले ने ग्राम पंचायत बरमानकलां के नर्मदा नदी तट पहुंचकर जलस्तर का जायजा लिया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को नदी के जलस्तर पर सतत नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित राहत कार्य हेतु सभी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिये।

कलेक्टर पटले ने तहसीलदार, सचिव, पटवारी को निर्देशित किया कि तट के समीप संचालित की जा रही दुकानों से लोगों को दूर किया जाये। गणेश विसर्जन के दौरान प्रतिमाओं का विसर्जन नदी तट पर न हो, इसके लिए पूर्व से तैयारियां की जाये।

उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिले में हो रही अति वर्षा के कारण नर्मदा नदी सहित अधिकांश नदी नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। नदियों के घाट तथा निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति हो रही है। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से सावधानी बरतने को कहा है। नागरिक नर्मदा नदी सहित अन्य नालों के घाट व तटों के किनारे न जाए।

बाढ़ होने की स्थिति में नदी नाले पार न करें। कोई भी नागरिक नर्मदा नदी सहित अन्य नदी नालों में स्नान करने न जाए। जल भराव की सूचना देने व मुनादी करने के निर्देश दिए। जिससे जल भराव क्षेत्र के नागरिक सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। नर्मदा नदी सहित अन्य नदियों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बचाव दल को तैनात रहने को कहा। किसी भी नागरिक को नदी के घाटों व तटों के किनारे न जाने के लिए समझाईश देने के निर्देश दिए। रात्रिकालीन में घाटों के किनारे बचाव दल को आवश्यक उपकरण रस्सी, लाईफ जेकेट, टॉर्च इत्यादि सहित तैनात रहने के लिए भी निर्देशित किया।

# मिर्जापुर प्रेस क्लब ने पत्रकार भवन के लिए जिलाधिकारी सहित अधिकारियों को दिया ज्ञापन



**राहुल गुप्ता/उत्तर प्रदेशः** मिजार्पुर जनपद में पुरानी एकमात्र रजिस्टर्ड संस्थान मिजार्पुर प्रेस क्लब द्वारा वर्षों से पत्रकार भवन की मांग की जा रही है ।मिजार्पुर प्रेस क्लब द्वारा एक बैठक आहूत की गई । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था. कि जिला प्रशासन को पत्रक देकर पत्रकार भवन के लिए मांग किया जाएगा।

उसी क्रम में आज मिजार्पुर प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को पत्रकार भवन के लिए ज्ञापन सौंपकर उनसे मांग की, जिनमें प्रमुख रूप से मिजार्पुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, सचिव अजय शंकर गुप्ता, सहित शिव शंकर उपाध्याय, सुजीत कुमार, जयंत चतुवेर्दी, सुरेश सिंह, शिव तिवारी, इंद्रप्रीत सिंह लकी, विजेंद्र दुबे, इंद्रेशश पांडे, सुमित गर्ग , राजू भारती सहित अनेक पत्रकारों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकार भवन की मांग की। ज्ञात हो कि मिजार्पुर प्रेस क्लब अपने स्थापना वर्ष 1995 से ही पत्रकार भवन की मांग कर रही है।

# क्विज प्रतियोगिता के लिए हुई सेमिनार आयोजित

**राजस्थानः** रैणी उपखंड क्षेत्र के सीएफएल सेंटर ब्लॉक-रैणी की ओर से गवर्नमेंट एग्रीकल्चर कॉलेज माचाड़ी एवं गवर्नमेंट पी जी कॉलेज राजगढ़ में भारतीय रिजर्व बैंक की और से क्विज प्रतियोगिता के लिए सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य एंव समस्त स्टाफ एवं कृषिल फाउंडेशन व भारतीय रिजर्व बैंक के सीएफएल मनी वाइज प्रोग्राम से फील्ड ऑफिसर मानसिंह कोली एंव डाटा ऑपरेटर लालचंद मीना मौजूद रहे।

## संपादकीय

# 'नैतिक नाकामी' के कारण

दिल्ली के भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने का आग्रह किया है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल कई महीनों से जेल में बंद हैं, पांच महीने से कैबिनेट की बैठक तक नहीं हुई है और न ही विधानसभा सत्र बुलाया जा सका है। मुख्यमंत्री किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते, लिहाजा दिल्ली के छठे वित्त आयोग का गठन नहीं किया जा सका है। यह संविधान का सरासर उल्लंघन है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की कई रपटें सदन में पेश नहीं की जा सकी हैं। दिल्ली अर्द्धराज्य में संवैधानिक, प्रशासनिक, सरकार और अंततः जनता के स्तर पर बहुत कुछ ठप पड़ा है, लिहाजा इस सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए।

भाजपा विधायकों ने यह पत्र तब लिखा है, जब विधानसभा चुनाव मात्र 4-5 माह दूर हैं और बर्खास्तगी के बाद वैकल्पिक सरकार बनाना व्यावहारिक नहीं है। चूंकि पत्र विधायकों ने लिखा है, लिहाजा यह राजनीतिक कवायद है। राष्ट्रपति ऐसे पत्रों के आधार पर सरकारें बर्खास्त नहीं किया करते। अलबत्ता औपचारिकता निभाते हुए राष्ट्रपति ने वह पत्र गृह मंत्रालय को भिजवा दिया। यदि दिल्ली के उपराज्यपाल सरकार और राजधानी शहर के हालात पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अपनी रपट भेजते और राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करते, तो उस पर गंभीर विचार किया जा सकता था। प्रधानमंत्री के साथ भी इस मुद्दे पर विमर्श किया जा सकता था। तब भी यह जरूरी नहीं था कि फाइल 'राष्ट्रपति भवन' भेजी ही जाती। दरअसल यह अध्याय केजरीवाल ने खुद लिखा है। बीते दोनों चुनावों में उनकी आम आदमी पार्टी (आप) को एकतरफा, प्रचंड बहुमत मिला था। दिल्लीवालों ने उसे एक अवसर देना तय किया था। शराब घोटाले में भ्रष्टाचार के आरोप में जब मुख्यमंत्री को ही जेल जाना पड़ा, तो उससे पहले ही केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था। यह केजरीवाल की 'नैतिक नाकामी' थी कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। बेशक संविधान इस संदर्भ में खामोश है कि यदि एक मुख्यमंत्री को जेल होती है, तो उसकी संवैधानिक बाध्यता और व्यवस्था क्या होगी? शायद संविधान रचने वाले हमारे पुरखों ने इस स्थिति की कल्पना तक नहीं की थी कि भ्रष्टाचार के आरोप में किसी मुख्यमंत्री को, बिना सजा सुनाए, जेल में बंद करने की नौबत आ सकती है। सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ ने भी केजरीवाल की नैतिकता का फैसला उन्हीं पर छोड़ दिया था। केजरीवाल को अदालत से जमानत भी नहीं मिल पा रही है। इन परिस्थितियों में केजरीवाल एक राष्ट्रवादी आंदोलनकारी की तरह हुंकार भरते रहे हैं कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे।

# मोदी क्यों नहीं वहा राहुल की तरह कांफ्रेस करते?

"भारतीयों ने तो डलास एयरपोर्ट पर भारी संख्या में पहुंचकर इंडिया इंडिया के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बाद में राहुल ने भारतीय प्रवासियों को एक बड़े कार्यक्रम में संबोधित किया। उनसे बतचीत की। दो विश्वविद्यालयों में वे गए। और वहां भारी तादाद में स्टूडेंट और टीचर उनको सुनने और उनसे बातचीत करने आए। अमेरिकी सांसद उनसे मिले।"

-शकील अख़्तर-



अब मोदी अमेरिका जा रहे हैं। राहुल ने तो कह दिया 56 इंच की छाती खत्म हो गई। अगर देश में अपने भक्तों को विश्वास दिलाना है कि नहीं वह छाती है तो अमेरिका में एक प्रेस कान्फ्रेंस कर लें। जैसे नेता प्रतिपक्ष वहां पत्रकारों के हर सवाल का जवाब दिया वैसे नेता पक्ष भी दे लें। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा कि मोदी प्रेस से नहीं डरते! देखो अमेरिका में जवाब दे रहे हैं।

राहुल गांधी का अमेरिका दौरा बहुत सफल रहा। इसका सबसे बड़ा पैमाना यह कि भारत में पिछले तीन दिन मोदी सरकार के मंत्री, पार्टी भाजपा, गोदी मीडिया अंध भक्तों को साथ मायावती को भी राहुल को ट्रोल करने के लिए कूदना पड़ा। झूठ गलतबयानी का गंदा नाला बहा दिया गया। मगर क्या हुआ?

वे अमेरिका में तो छा गए। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह उनका यह पहला विदेश दौरा था। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के साथ वहां की वर्तमान सरकार भी यह देखने के लिए उत्सुक थी कि भारत के नेता प्रतिपक्ष का वहां रह रहे भारतियों, अमेरिकी राजनीतिक सर्किल और पढी लिखी सोसायटी में कैसा स्वागत होता है।

भारतीयों ने तो डलास एयरपोर्ट पर भारी संख्या में पहुंचकर इंडिया इंडिया के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बाद में राहुल ने भारतीय प्रवासियों को एक बड़े कार्यक्रम में संबोधित किया। उनसे बतचीत की। दो विश्वविद्यालयों में वे गए। और वहां भारी तादाद में स्टूडेंट और टीचर उनको सुनने और उनसे बातचीत करने आए। अमेरिकी सांसद उनसे मिले। और सबसे बड़ी बात कि पिछले अमेरिकी दौरे की तरह इस बार फिर उन्होंने नेशनल प्रेस क्लब में प्रेस कान्फ्रेंस की। सिर्फ अमेरिकी नहीं वहां दुनिया भर का पत्रकार होता है और वह देख रहा था कि भारत का प्रतिपक्ष का नेता तो हमसे मिल रहा है जैसे दुनिया के बाकी बड़े नेता भी मिलते हैं। मगर भारत के प्रधानमंत्री तीन बार जीतने के बाद भी एक बार भी हमसे नहीं मिले। यह एक रिकार्ड है कि किसी देश का शासनाध्यक्ष वहां एक बार भी प्रेस से नहीं मिला हो। अन्तरराष्ट्रीय पत्रकार और राजनयिक जानना चाहते हैं कि किसी भी देश का सरकार प्रमुख और नेता प्रतिपक्ष जिसे वहां शेडो प्राइम मिनिस्टर भी कहते हैं दुनिया के अहम मुद्दों के बारे में क्या विचार रखता है। और भारत के इन दोनों संवैधानिक पदों वालों प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से तो अमेरिका और पश्चिमी देश हमेशा यह जानना चाहते हैं कि वे चीन के बारे में क्या रुख रखते हैं।

अमेरिकी और पश्चिमी देशों (नाटो) की समस्या अब रूस नहीं उसे तो उन्होंने यूक्रेन के साथ उलझा दिया है। चीन है। चीन किसी युद्ध में उलझे बिना अपनी विस्तारवादी योजनाओं को कामयाब करता जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन की दी क्लीन चिट चीन के लिए बहुत बड़ा सर्टिफिकेट है। उसे ही दिखाकर वह अमेरिका और पश्चिमी देशों से कहता है कि हमारे पड़ोसी देश भारत के प्रधानमंत्री ने तो साफ कहा है कि यहां न कोई घुसा है और न कोई है। आप लोग क्या सेटेलाइट से गलत गलत तस्वीरें दिखाते रहते हैं कि चीन ने भारत के इतने इलाकों में कब्जा कर लिया। गांव बसा लिए सड़कें बना लीं। भारत की सरकार तो कुछ कहती नहीं हैं। आप लोग कहते रहते हैं। और एक वहां का कांग्रेस के नेता राहुल गांधी। मुद्दई सुस्त गवाह चुस्त! चीन कहता है नहीं चलेगा !

अब सवाल तो यह है कि देश में यह सब प्रधानमंत्री मोदी से किए जाने चाहिए। मगर भाजपा मीडिया राहुल गांधी से पूछते हैं कि वहां टी शर्ट क्यों नहीं पहनी? हालांकि वे यहां से टी शर्ट पहन कर ही रवाना हुए थे और वहां टी शर्ट पहन कर ही उतरे थे। मगर और कोई सवाल लायक दिमाग उनका बचा नहीं है सब नफरत और विभाजन में फ्रीज हो गया तो उनके कपड़े, एक एक शब्द, पूरा वाक्य भी नहीं और जो नहीं कहा उस पर और जो कहा है उसका भ्रामक अर्थ बताकर वे देश की जनता में फिर राहुल विरोधी माहौल बनाना चाहते हैं।

मगर जैसा कि खुद राहुल ने कहा कि वह सब अब अतीत की बातें हो गईं। अमेरिका से राहुल का सबसे बड़ा मैसेज यही है। है तो भारत के लिए मगर दुनिया भी सुनेगी। हालांकि दुनिया के लिए मोदी का करिश्मा कभी था ही नहीं। वे महान भारत के प्रधानमंत्री हैं तो जो इस देश के प्रधानमंत्री होने के नाते सम्मान मिलना चाहिए था वह उन्हें मिलता है। देवगौड़ा को भी मिला, चौधरी चरण सिंह को भी, चन्द्रशेखर को भी। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री के नाते और फिर अपनी शख्सियत, शिक्षा, लेखकीय प्रतिभा और आजादी के आन्दोलन का नेतृत्व करने के कारण नेहरू ने कमाया उसका तो शतांश भी इन्हें नहीं मिल सकता। ढोल चाहे जितना पीटें की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नेहरू के बराबर हो गए मगर जैसे कोई ब्रेडमेन के बराबर टेस्ट खेलकर या उनसे ज्यादा खेलकर उनके बराबर नहीं हो सकता। या पेले के मुकाबले ओलंपिक में जाकर पेले के बराबर भी नहीं हो सकता वैसे ही नेहरू के कद को पाने का सवाल ही नहीं पैदा होता।

तो विदेशों में कुछ नहीं था। केवल भारत था और भारत रहेगा। मगर राहुल का यह कहना कि 56 इंच की छाती और मेरी ईश्वर से डायरेक्ट बात होती है अब सब अतीत की चीज हो गई। भारत में प्रधानमंत्री मोदी को और उनसे डर रहे मीडिया को और मोदी के बने अक्ल से अंधे भक्तों को यही बात सबसे नागवार लग रही है। भाजपा और आरएसएस में तो हो सकता है इस बात को लेकर थोड़ी खुशी हो कि मोदी की व्यक्तिगत राजनीति और महिमामंडन पर राहुल ने सही चोट की है मगर वे फिलहाल बोल नहीं सकते। डर उनमें भी है तो खुद उपत कर ( अपने आप, मनॉ से) मोदी का बचाव नहीं कर रहे हैं। मगर मीडिया और भक्त राहुल के पीछे लगे पड़े हैं। राहुल ने कहा कि 240 आने के बाद इनका डर खत्म हो गया है। और यह भी बताया कि 240 भी कैसे आईं। चुनाव आयोग, मीडिया, सारे वित्तिय साधन और हर संवैधानिक इन्स्टिट्यूशन कब्जे में कर लिए थे।

# देश में बढती रैगिंग की घटनाएं क्यों नहीं रूकती?

-नरेन्द्र भारती-

देश में बढती रैगिंग की घटनाएं क्यों नहीं रूकती यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है' हिमाचल का बहुचर्चित अमन काचरु रैगिगं कांड के बाद भी विश्वविद्यालयों व कालेजों में रैगिगं का संक्रमण बढता जा रहा हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायलय ने रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून लागू किया है मगर देश में रैगिग के बढते मामलों से यह कानून मजाक बनता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में हिमाचल के वाकनाघाट में एक निजी विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के एक छात्र से रैगिंग का मामला प्रकाश में आया है रैगिंग के आरोपी तीन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है व हॉस्टल व यूनिवर्सिटी से निकाल दिया है'इससे पहले आईआईटी मंडी मे रैगिंग की घटना सामने आई थी' आईआईटी प्रबंधन ने आरोपी 10 छात्रों को छः महीने विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया था तथा 72छात्रों पर 15 से 25हजार रुपए तक का जुमार्ना लगाया गया था' यह मामला बीते 11 अगस्त 2023 को घटित हुआ था' आईआईटी मंडी मे घटित यह बहुत ही संगीन मामला है इस मामले पर प्रशासन को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए' देश में रैगिंग के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं' रैगिंग के कारण प्रताड़ित छात्र आत्महत्या तक कर रहे हैं पिछले दिनों एम्स बिलासपुर मे भी एक मामला हो चूका है वहाँ भी एक छात्रा ने आत्महत्या की कोशिश की थी मगर बच गई थी' यूजीसी के आकड़ों के मुताबिक 2020 में देश में रैगिंग के 219 मामले सामने आये थे' 2021 में रैगिंग के 511मामले हुए थे' 2019 में उतर प्रदेश के इटावा में सैफई मैडिकल विश्वविद्यालय में रैगिंग का मामला घटित हुआ था' जहां सीनियर छात्रों ने 150 छात्रों के सिर मुंडवा दिए थे'यह एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के छात्र थे' ताकि अपराधियों को सजा मिल सके। रैगिग के मामलों में वृद्धि खतरनाक साबित हो रही है। वर्ष 2018 में ऐसा ही एक मामला मध्यप्रदेश के भोपाल में घटित हुआ था जहां रैगिंग से तंग आकर बीफार्मा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी, छात्रा के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने चार लड़कियों व एक अध्यापिका को गिरफतार कर लिया था। रैगिग का यह कोई मामला पहीं हे इस से पहले कई जघन्य वारदातें हो चुकी है। इतनी वारदातें होने के बाद भी इन घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है। रैगिग छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। रैगिग की इन वारदातों से छात्र खौफजदा होते जा रहे हैं। अगर यही हाल रहा तों छात्रों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा सकतें है क्योकि इन बारदातों से अभिभावक भी अपने बच्चों को असुरक्षित समझ रहे है। रैगिग का साधरण सा अर्थ एक दूसरे का परिचय जानना होता था मगर अब इसका स्वरुप बदलता जा रहा है। रैगिगं अब यातना बन गई है छात्रों को मानसिक रुप से प्रताडित किया जाता है, मारपीट की जाती है। आज तक पता नहीं कितने छात्र-छात्राएं रैगिग के कारण असमय मौत के मुह में जा चुंके है। उतरप्रदेश के इटावा में घटित इस घटना ने एक नई बहस को जन्म दिया था' देश के शिक्षण संस्थानों में प्रतिबन्ध के बाद भी यह मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। बीते हादसों से न तो प्रशासन ने सबक सीखा और न ही छात्रों ने सीख ली। यदि कडे कदम उठाए होते तो आज यह हादसा न होता। यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। रैगिग की यह बीमारी विश्वविद्यालयों, कालेजों के बाद अब स्कूलों में भी अपने पांव पसार चुकी है यदि इस पर समय रहतें रोक न लगाई तो आने वाले समय में घातक परिणाम भुगतने पडेगें। दें श में समय समय पर ऐसे दुखद हादसे होते रहते है मगर यह रुकनें के बजाए निर्बाध रुप से बढतें ही जा रहे हैं। समाचार पत्रों की खबरों के अनुसार मई में मुम्बई के ठाणें में रैगिग से तंग आकर एक छात्र ने ट्रेन के आगे कटकर आत्महत्या कर ली'दिल्ली के स्कूल आफ प्लानिगं एंड आर्किटैक्चर का एक होनहार छात्र रैगिगं के चलतें अपाहिज हो गया आरोप है कि प्रथम वर्ष के छात्र नवीन कुजुर को उसके सीनियर ने ऐसी यातनाएं दी कि वह चलने फिरने के काबिल नहीं रहा। आन्ध्रप्रदेश में एक कालेज में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्रा की रैगिग ली उनकी यातना से उस छात्रा ने अपनी आवाज खो दी थी। एक अन्य घटना में छात्र को क्लास में लडकी कहा जाता था छात्रों की इस हरकत से तंग आकर उस छात्र ने खुद को आग लगा दी थी। मुम्बई में एक कालेज में सीनियर छात्राओं ने एक जूनियर छात्रा को मिर्ची खिलाई और उठक बैठक करवाई'कोलकाता में एक कालेज में सीनियर जूनियर को ड्रग्स लेने के लिए मजबूर करते है और पिटाई करते हैं उत्तर प्रदेश में सरकार ने रैगिग के खिलाफ अभियान छेडा है तथा रैगिग करने वाले छात्रों को पांच साल तक दाखिला न देने को कडा फैसला लिया है। साल 2010 में एक साल में 164 केसों में 19 की मौत हो गई थी। देश में 2023 में भी यह मामले थमते नहीं आ रहे है। एक समय था कि कालेजो में रैगिग का नाम तक नहीं था मगर पिछले कुछ सालों से रैगिग के आकडों में अप्रत्याशित बढोतरी होती जा रही है। कालेज के कुछ बिगडैल किस्म के छात्र - छात्राएं कालेज का माहौल बिगाडनें में मशगुल रहते है, ऐसे मुठठी भर लोग छात्रों को अनावश्यक रुप से तंग कर रहे है ऐसे उदडं लोगों को कानून के मुताबिक सजा देनी चाहिए। आज यह रैगिगं भयानक होती जा रही है। बीते सालों में हिमाचल के सुन्दरनगर के पौलिटैक्निक कालेज में भी रैगिगं की वारदात प्रकाश में आई थी जिसमें सिरमौर का एक छात्र रैगिग का शिकार हुआ था हालांकि कालेज प्रशासन ने उन सीनियर लडकों को कालेज से निकाल दिया है पर कालेज से निकालना इसका समाधान नहीं है। केन्द सरकार व विश्वविद्यालय अनुदान आयेग को इन मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए क्योकि यदि समय रहते कारगर कदम नहीं उठाए तो हालात बेकाबू हो जाएगें छात्र -छात्राएं रैगिग के डर से प्रवेश नही लेगें। कालेजों में अराजकता पैदा करने वाले तत्वों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# बेलकीपर मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी

-राकेश अचल-

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 177 के जेल प्रवास के बाद बेल पर बाहर तो आ गए हैं, लेकिन अब जिम्मेदारी उन्ही की बढ़ गयी है, क्योंकि वे ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो न अपने दफ्तर जा सकता है और न ही किसी फाइल पर दस्तखत कर सकता है। हाँ वे राजनीति कर सकते हैं, जो उन्हें करना चाहिए और उन्हें हरियाणा और जम्मू -कश्मीर विधान सभा चुनाव के प्रचार में शामिल होकर ये साबित करना चाहिए कि वे भाजपा की बी टीम नहीं है।

अरविंद केजरीवाल को जिन शर्तों के साथ और जिन परिस्थितियों में जमानत मिली है, वे सामान्य नहीं है। वे अब पहले की तरह संप्रभु मुख्यमंत्री नहीं है। वे अब एक दिव्यांग मुख्यमंत्री हैं। अब उनके सामने दो ही विकल्प हैं कि वे या तो साहस कर अपना पद छोड़कर पार्टी के सुप्रीमो की हैसियत से काम करें या फिर नाम के मुख्यमंत्री बने रहे और अपने तमाम अधिकार अपने किसी निकटस्थ सहयोगी को दे दें अन्यथा नैतिकता हमेशा उनके आड़े आती रहेगी और सत्तारूढ़ भाजपा उन्हें बेलदार मुख्यमंत्री कहकर चिढ़ाती रहेगी। जेल जाने पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पद से इस्तीफा दे चुके हैं और उन्होंने जमानत पर आने के बाद दोबारा अपना पद हासिल कर लिया था क्योंकि उनकी जमानत में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं था जैसा कि केजरीवाल की जमानत में है।

केजरीवाल को जमानत भले ही देश की शीर्ष अदालत ने दी है लेकिन आम धारणा है कि उनकी जमानत को परोक्ष रूप से आसान केंद्र की और से बनाया गया। हकीकत जो भी हो लेकिन इस धारणा के चलते केजरीवाल पर ये आरोप आयद हो सकते हैं कि उन्हें हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का खेल खराब करने के लिए जमानत पर छोड़ा गया है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी का कांग्रेस से चुनावी समझौता होते-होते रह गया, ऐसे में यदि आम आदमी पार्टी हरियाणा में वोट -कटुवा पार्टी की भूमिका में चुनाव लड़ती है तो इससे एक तो विपक्ष का नुक्सान होगा दूसरे भाजपा के खिलाफ केजरीवाल की कथित लड़ाई की पोल भी खुल जायेगी।

आपको याद होगा कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के समय भी चुनाव अभियान में शामिल होने के लिए जमानत मिली थी। केजरीवाल ने इस रियायत का इस्तेमाल भी करने की कोशिश भी की लेकिन उन्हें केवल पंजाब में 3 सीटें ही मिल पायी। दूसरे किसी राज्य में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिली। अब केजरीवाल के लिए जरूरी हो जाता है कि वे विपक्षी एकता को मजबूत बनाने के लिए कुछ समय के लिए ही समय लेकिन दधीच की भूमिका में सियासत का हिस्सा बनें। वे या तो हरियाणा से अपने प्रत्याशी हटा लें या फिर अघोषित रूप से कांग्रेस की विजय के लिए काम करें। क्योंकि हरियाणा या किसी भी दूसरे राज्य में उनकी उपस्थिति अब केवल और केवल भाजपा के लिए ही फायदेमंद रहने वाली है।

केजरीवाल को यदि अपनी पार्टी की दशा बसपा जैसी नहीं करना है तो उन्हें अपनी रणनीति बदलना होगी। भाजपा के प्रति उनका विरोध केवल कागजी या दिखावे का नहीं होना चाहिए। उन्हें भाजपा से उसी तीव्रता के साथ लड़ना होगा जैसे कि कांग्रेस या दूसरे गैर भाजपा दल लड़ रहे हैं। भाजपा इस समय उसी तरह खलनायक की स्थिति में है जैसे किसी समय कांग्रेस थी। एक समय इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा लगा था, आज भाजपा हटाओ, देश बचाओ का नारा लगना चाहिए, क्योंकि भाजपा के दस साल के शासन काल में देश का बना कम और बिगड़ा ज्यादा है। देश का संविधान, समरसता, सौहार्द सब कुछ दांव पर लगा दिया गया है। केजरीवाल का ये सौभाग्य है कि भाजपा ने अब तक उनकी सरकार गिराने के लिए राष्ट्रपति शासन लगाने के पहले और आखरी विकल्प का सहारा नहीं लिया ह। भाजपा ऐसा आसानी से कर सकती है किन्तु जान-बूझकर ऐसा कर नहीं रही है। भाजपा ने पिछले दस साल में संविधान के अनुच्छेद 370 को जम्मू-कश्मीर से हटाने के अलावा सत्ता हथियाने के लिए किस संवैधानिक हथियार का इस्तेमाल नहीं किया। भाजपा ने पिछले दस साल में जितने भी राज्यों में चुनाव हारने के बाद सत्ता हथियाई उसके लिए आपरेशन लोटस चला, दल-बदल चला, खरीद-फरोख्त चली, अनैतिक समझौते हुए किन्तु राष्ट्रपति शासन कहीं भी नहीं लगाया गया, यह तक कि बंगाल में भी नहीं, जहां भाजपा की राजनीतिक दुश्मन नंबर एक सुश्री ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं।

काबिले गौर बात ये है कि इस समय भाजपा लोकसभा चुनाव में पिटने के बाद घायल शेर की तरह है।

# यूक्रेन संघर्ष : कारगर नहीं हुआ भारत का शांति प्रयास

-डॉ. मलय मिश्रा-

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूरोपीय राजधानियों और अमेरिका की अपनी लगातार यात्राओं में (वाशिंगटन डीसी में कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के साथ) अपनी 10-सूत्री शांति योजना के लिए समर्थन और लड़ाई जारी रखने के लिए हथियारों की लगातार आपूर्ति की पैरवी की है जिसका बाइडेन प्रशासन ने पूरा समर्थन किया है।

जैसे-जैसे रूस यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंच रहा है, कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल बढ़त का असर कम हो रहा है। रूस, यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा करने के करीब पहुंचते हुए कुर्स्क में यूक्रेन द्वारा हासिल की गई बढ़त को चुनौती दे रहा है। वहां कुर्स्क सैनिकों ने कई रूसी गांवों पर कब्जा कर लिया है। स्थिति में लगातार बदलाव होते रहता है। रूस ने अभी एक रणनीतिक स्थान मेमरिक गांव पर कब्जा करने की घोषणा की है जो कीव के रसद केंद्र पोक्रोव्स्क की ओर जाता है और लगभग 20 किमी दूर है। यूक्रेनी सरकार ने पहले ही पोकवोर्स्क में स्थानीय आबादी को इलाका खाली करने के आदेश दे दिए हैं जो बता रहे हैं कि दो युद्धरत देशों के बीच शांति लगातार घट हो रही है। यह भी लगता है कि शांति स्थापना के नई दिल्ली के प्रयास काम नहीं आए हैं। हालांकि पीएम मोदी की हालिया यूक्रेन यात्रा के दौरान शांति प्रयासों से बहुत उम्मीद नहीं की गई थी। युद्ध एक महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गया है और दोनों पक्षों की ओर से राहत के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। अगर पीएम की यह यात्रा उनकी पिछली मॉस्को यात्रा पर नाराजगी को शांत करने के लिए थी तो प्रधानमंत्री के मध्यस्थता के इशारे ने गुस्से को शांत करने कोशिश को कम नहीं किया बल्कि उनके यूक्रेनी मेजबान ने अपनी बाद की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इस संघर्ष के बारे में भारत के दृष्टिकोण में कई विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए जो कहा है वह उनकी नाराजगी को बताता है।

जुलाई में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के तुरंत बाद पोलैंड (21-22 अगस्त) और यूक्रेन (23 अगस्त) (यूक्रेन के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर) की पीएम मोदी की योजनाबद्ध यात्रा, रूस और यूक्रेन के बीच 30 महीने के संघर्ष में मध्यस्थता का भारत का सीधा प्रयास प्रतीत होता है। भारत ने शांति के लिए एकमात्र मार्ग के रूप में 'बातचीत और कूटनीति' का आह्वान करने में एक सुसंगत रुख अपनाया है और दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए बातचीत के द्विपक्षीय समाधान के प्रयास किए और दोनों राष्ट्रपतियों जेलेंस्की और पुतिन दोनों के साथ बैठकें कीं। इस सिलसिले में आखिरी बार क्रमशः जून में इटली में जी-7 बैठक और इस साल जुलाई में मास्को में द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के मौके पर बातचीत हुई थी।

शिखर बैठक के दौरान राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के चित्र जब छप रहे थे उसी वक्त रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन में बच्चों के अस्पताल पर हमला किया था जिसमें कैंसर से पीड़ित बच्चे मारे गए थे जिसकी वजह से यूक्रेन के राष्ट्रपति नाराज थे। इस हमले ने पश्चिमी देशों को और नाराज कर दिया तथा नाटो की 75 वीं वर्षगांठ के लिए समय में वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। उस पृष्ठभूमि के खिलाफ और दोनों बड़े शक्ति गठबंधनों के बीच अपने संतुलन कार्य को जारी रखते हुए, भारत के प्रयासों को यूक्रेनी पक्ष पर चिंताओं को दूर करने और पश्चिम के संघर्ष में जाहिर भारतीय नीति के साथ सहज महसूस करने के लिए सोचा जा सकता है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसने पश्चिम खुश नहीं है क्योंकि भारत ने रूस को हमलावर के रूप में घोषित करने से परहेज किया है एवं संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कई प्रस्तावों से परहेज किया है। इसके अलावा जी-7 की बैठक के तुरंत बाद 24 जून को स्विट्जरलैंड में यूक्रेन द्वारा आयोजित शांति सम्मेलन में भारत की ओर से जूनियर स्तर का प्रतिनिधि मंडल भेजा गया और बैठक की संयुक्त घोषणा पर भारत की ओर से हस्ताक्षर भी नहीं किए गए। इस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों ने भाग लिया था। एक निष्पक्ष शांतिदूत के रूप में भारत की स्थिति को इस संघर्ष के संदर्भ में अच्छा नहीं माना गया। इस बीच, यूक्रेन द्वारा रूस के दक्षिणी कुर्स्क क्षेत्र पर आश्चर्यजनक आक्रमण और अधिग्रहण, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद से रूसी क्षेत्र पर पहला हमला था जिसने दो युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थता के सभी प्रयासों को उलट दिया और मास्को को कतर मध्यस्थता प्रयासों को आगे नहीं बढ़ने देने में कड़ा रुख अपनाने को मजबूर कर दिया था जिसके लिए 22 अगस्त के लिए दोनों पक्षों के बीच एक आभासी बैठक होने वाली थी। 6 अगस्त को यूक्रेन का हमला रणनीति के तौर पर रूसी क्षेत्र में गहरे तक घुसना, सुद्जा शहर पर नियंत्रण करना और 80 से अधिक बस्तियों को अपने 400 वर्ग मील पर कब्जा करने को रूस के लिए एक धक्के के रूप में देखा चाहिए जो मूल रूप से रूस के साथ अपनी बातचीत की स्थिति में एक लाभ को सुरक्षित करने के लिए किया गया है। हालांकि पुतिन उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के अपने कब्जे वाले डोनेट्स्क क्षेत्र में जमीन नहीं छोड़ने के इरादे पर पक्के रहे हैं जिस पर रूस ने 22 फरवरी के आक्र मण के कुछ महीनों के भीतर कब्जा कर लिया वहां जनमत संग्रह कराया और रूसी कब्जे में किए लगभग 40, 000 वर्ग मील यूक्रेनी क्षेत्र (यूक्रेन का 20प्रतिशत) को रूस में मिला दिया।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें।

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट: DRI अफसरों को आयातित वस्तुओं पर शुल्क वसूली का भी अधिकार, कस्टम विभाग ने कोर्ट को दी जानकारी



**नई दिल्ली**। सीमा शुल्क विभाग ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों को सीमा शुल्क अधिनियम के तहत आयात के लिए पहले से मंजूरी प्राप्त वस्तुओं पर शुल्क वसूली की मांग करने का भी अधिकार है। सीमा शुल्क विभाग ने 9 मार्च, 2021 के फैसले की समीक्षा की मांग की है। जिसमें तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने माना था कि डीआरआई अधिकारियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत सीमा शुल्क विभाग द्वारा आयात के लिए पहले से मंजूरी दे दी गई वस्तुओं पर शुल्क की वसूली का अधिकार नहीं है। शीर्ष अदालत ने मेसर्स कैनन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सहित निजी फर्मों को डीआरआई द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को खारिज कर दिया था, जिसमें शुल्क का भुगतान करने, नहीं करने पर माल जब्त करने, ब्याज की मांग करने और सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जुमार्ना लगाने की मांग की गई थी। विभाग की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमन ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि फैसले में रिकॉर्ड के आधार पर छह स्पष्ट त्रुटियां हैं, जो इस निष्कर्ष पर पहुंचने के दौरान कानून के अपेक्षित प्रावधानों को संबोधित करने में विफल रहीं कि डीआरआई अधिकारी सीमा शुल्क अधिकारी नहीं हैं जो माल पर शुल्क की वसूली की मांग कर सकते हैं। विधि अधिकारी ने पीठ से कहा, "आज का डीआरआई अधिकारी कल सीमा शुल्क अधिकारी हो सकता है।" पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।"

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगातार 42वें महीने निवेश, एयूएम 66.7 लाख करोड़ के सार्वकालिक उच्च स्तर पर




**नई दिल्ली**। इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए आकर्षक बने हुए हैं। इसमें अगस्त में लगातार 42वें महीने निवेश आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में इक्विटी म्यूचुल फंड में कुल 38,239 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह जुलाई के 37,113 करोड़ की तुलना में 3.3 फीसदी अधिक है। अगस्त का निवेश किसी भी महीने के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा है। जून में 40,608 करोड़ का निवेश आया था। म्यूचुअल फंड उद्योग का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य 1.08 लाख करोड़ बढ़कर अगस्त में अब तक के सार्वकालिक उच्च स्तर 66.7 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। जुलाई में यह 65 लाख करोड़ रुपये था।

**एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड :** आंकड़ों के मुताबिक, सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) निवेश भी अगस्त में बढ़कर 23,332 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। साथ ही, कुल फोलियो की संख्या पहली बार 20 करोड़ के पार पहुंच गई। इसमें 14.3 करोड़ फोलियों इक्विटी के हैं।

**चौथे माह भी 34,000 करोड़ से ज्यादा निवेश :** अगस्त में लगातार चौथे महीने इक्विटी में 34,000 करोड़ से ज्यादा का निवेश आया है। फोकस्ड एवं इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम को छोड़कर सभी में निवेश आया है। इक्विटी स्कीम के तहत सेक्टर या थीमेटिक फंड में सर्वाधिक 18,117 करोड़ का निवेश आया है।

**अगस्त में लॉन्च हुए कुल छह एनएफओ :** अगस्त में कुल छह न्यू फंड ऑफर लॉन्च किए गए। इसमें से पांच सेक्टर या थीमेटिक फंड थे। इन पांचों ने 10,202 करोड़ रुपये जुटाए। डेट स्कीमों में 45,169 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह जुलाई की तुलना में 62 फीसदी कम है। सबसे ज्यादा 15,106 करोड़ ओवरनाइट फंड में निवेश आया है। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में पिछले महीने कुल 1,611 करोड़ रुपये आया। जुलाई में यह 1,337 करोड़ रुपये था।

### त्योहारों से पहले टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन बनाने वाली कंपनी में छंटनी, दावा- 200 लोगों की गई नौकरी




**नई दिल्ली**। त्योहारों से पहले मोबाइल, टीवी, फ्रिज और वाशिंग मशीन बनाने वाली एक कंपनी में छंटनी की खबर सामने आ रही है। खबरों के अनुसार सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स से लगभग 200 लोगों की विदाई हो गई है। कंपनी भारत में करीब 200 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि देश में कंपनी की कारोबारी वृद्धि धीमी पड़ रही है। मांग में कमी आने से कंपनी की बिक्री प्रभावित हुई है। यही कारण है कि कंपनी को छंटनी का फैसला करना पड़ा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह छंटनी मोबाइल फोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरणों और सहायक कार्यों से जुड़े कारोबार में होगी। अंदेशा है कि कुल प्रबंधकीय कार्यबल में लगभग 9 से 10% तक की छंटनी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है, उन्हें उनके रोजगार अनुबंध के अनुसार तीन महीने का वेतन तथा प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए एक महीने का वेतन देने की पेशकश की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, एक प्रतिद्वंद्वी घरेलू उपकरण कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि उन्हें सैमसंग इंडिया के अधिकारियों की ओर से नौकरियों के लिए कॉल आए हैं और बायोडाटा प्राप्त भी हुए हैं। जिन लोगों को नौकरी से निकाला गया है उनमें वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं, जो काफी कम वेतन पर भी हमारे साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं।"

सैमसंग इंडिया में जारी है हड़ताल

छंटनी की यह खबर ऐसे समय पर सामने आई है जब सैमसंग के चेन्नई कारखाने में काम करने वाले कर्मचारी लगातार तीसरे दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे त्योहारी सीजन से पहले टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन का उत्पादन प्रभावित हुआ है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी अपनी क्षमता के लगभग 50-80% उत्पादन के साथ संयंत्र को चलाने की कोशिश कर रही है।

# PM मोदी ने पूरी दुनिया को किया प्रेरित, कंपनियों के CEO बोले- भारत को आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य




**नई दिल्ली**। सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज कंपनियों के सीईओ ने पीएम मोदी के साथ बैठक की। बैठक के बाद तमाम सीईओ ने पीएम के दूरदर्शी नेतृत्व और सेमीकंडक्टर तकनीक के बारे में उनकी समझ की तारीफ की। उन्होंने कहा, सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी ओर से उठाए गए कदम असाधारण हैं।

उनका नेतृत्व सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को पावरहाउस बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। एसईएमआई के सीईओ अजीत मनोचा ने कहा कि पीएम मोदी के असाधारण नेतृत्व की कोई सानी नहीं है। इसने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। एनएक्सपी के सीईओ कर्ट सिवर्स ने कहा कि उनकी अब तक पीएम मोदी जैसे सेमीकंडक्टर उद्योग में गहन विशेषज्ञता रखने वाले किसी राजनीतिक नेता से मुलाकात नहीं हुई। जैकब्स के सीईओ बॉब प्रागाडा ने कहा कि पीएम मोदी भारत को वैश्विक स्तर पर ऊपर उठाने के लिए जो कर रहे हैं, वह न केवल भारत के लिए, बल्कि विश्व के लिए भी आवश्यक है। आईएमईसी के सीईओ ल्यूक वान डेन होव ने कहा कि वे पीएम के नेतृत्व से बहुत प्रभावित हैं। उनका नेतृत्व सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को पावरहाउस बनाने के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

**सीईओ के विचार भारत के भविष्य को देंगे आकार...**सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के सीईओ के साथ बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके विचार भारत के भविष्य को आकार देंगे। पीएम ने बैठक में विकास के विभिन्न स्तंभों के बारे में बात की, जिसमें सामाजिक, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे का विकास, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, अनुपालन बोझ को कम करना और विनिर्माण एवं नवाचारों में निवेश आकर्षित करना शामिल है।

**प्रोत्साहन के लिए मिले 20 प्रस्ताव...**सरकार को भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत केंद्र के प्रोत्साहन के लिए लगभग 20 प्रस्ताव मिले हैं। भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्थापित प्रौद्योगिकी सेगमेंट को लक्षित कर रहा है, जो बड़े आकार के चिप्स का उत्पादन करेगा। हम उन लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां एक नई सुविधा स्थापित करने की कुल लागत भी बहुत अधिक नहीं है। इसका मतलब भारत की ओर से सब्सिडी का भुगतान थोड़ा कम होगा।

### 62,000 करोड़ का मिलेगा प्रोत्साहन

सेमीकंडक्टर परियोजनाओं के लिए पैसे की कोई समस्या नहीं है। सरकार ने इनके लिए 62,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन की प्रतिबद्धता जताई है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा, पहले मंजूर 76,000 करोड़ रुपये में से सरकार के पास अभी भी छोटी परियोजनाओं को समायोजित करने की गुंजाइश है। जब नई परियोजनाएं होंगी तो अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा। सचिव ने मंगलवार को कहा, सेमीकंडक्टर मिशन के लिए लक्षित 76,000 करोड़ रुपये में से लगभग 62,000 करोड़ रुपये का वादा किया गया है। अब तक जहां भी दावे आए हैं, हम उन्हें निपटा रहे हैं। फिलहाल फंडिंग का कोई मुद्दा नहीं है।

## कांग्रेस के नए आरोपों पर हिंडनबर्ग रिसर्च ने दी प्रतिक्रिया




**नई दिल्ली** हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय प्रतिभूतिव विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच पर लगे नए आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी फर्म ने कहा है कि बुच अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब नहीं दे रही हैं। अमेरिकी फर्म ने यह प्रतिक्रिया सेबी अध्यक्ष पर कांग्रेस की ओर से शेयर बाजार में लिस्टेडक कई कंपनियों को सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंसल्टेंसी कंपनी में 99% हिस्सेदारी रखने का आरोप लगाने के एक दिन बाद दी है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक्स पर लिखा, "नए आरोप सामने आए हैं कि निजी परामर्श इकाई, जिसका 99% स्वामित्व सेबी अध्यक्ष माधबी बुच के पास है, ने सेबी द्वारा विनियमित कई सूचीबद्ध कंपनियों से भुगतान स्वीकार किया, ऐसा उनके सेबी की पूर्णकालिक सदस्य रहते हुए किया गया।

हिंडनबर्ग रिसर्च ने कांग्रेस पार्टी की ओर से लगाए गए आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि इन कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, डॉ. रेड्डीज और पिडिलाइट आदि शामिल हैं। हिंडनबर्ग के अनुसार ये आरोप बुच की भारतीय परामर्श इकाई पर लागू होते हैं, हालांकि उनकी (बुच की) सिंगापुर स्थित परामर्श इकाई के बारे में अभी तक कोई विवरण नहीं दिया गया है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि बुच ने अपने ऊपर लगे सभी आरापों के हफ्तों बाद भी उनपर चुप्पी बनाए रखी है।

## उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 398 अंक टूटा



**नई दिल्ली** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 398.13 (0.48%) अंकों की गिरावट के साथ 81,523.16 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 122.65 (0.49%) अंक टूटकर 24,918.45 पर पहुंच गया।

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को उतार-चढ़ाव के बाद ऑटो, धातु और बैंकिंग शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। यह गिरावट अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े आने से पहले दर्ज की गई। इस दौरान, बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.47 लाख करोड़ रुपये घटकर 461.02 लाख करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स, एसबीआई, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम और एलएंडटी में सबसे ज्यादा गिरावट दिखी। इनके शेयर 1.4% से 5.7% तक गिर गए। इसके विपरीत, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, सन फार्मा और बजाज फिनसर्व के शेयर भी लाल निशान पर बंद हुए। ऑटो शेयरों में 1.28% की गिरावट आई। टाटा मोटर्स 5.7% गिरकर निफ्टी50 और ऑटो इंडेक्स में सबसे अधिक गिरावट वाला शेयर रहा।

यूबीएस ने कमजोर वित्तीय स्थिति और उच्च मूल्यांकन का हवाला देते हुए अगले 12 महीनों में भारतीय ऑटोमेकर के शेयरों में 21% की गिरावट की आशंका जाहिर की है। वैश्विक मांग में नरमी की बढ़ती चिंताओं के बाद मंगलवार के कारोबारी सत्र में ब्रेंट क्रूड वायदा दिसंबर 2021 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

# सैमसंग वैश्विक स्तर पर 30 फीसदी कर्मचारियों की करेगी छंटनी, भारत भी होगा प्रभावित




**नई दिल्ली**। अमेरिका समेत कई देशों में मंदी का दौर चल रहा है। कई बड़ी कंपनियां कर्मचारियों को निकाल रही हैं। ऐसे में दक्षिण कोरिया की बड़ी टेक कंपनी सैमसंग भी वैश्विक स्तर पर बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक दुनियाभर में अपने कर्मचारियों की वर्कफोर्स में 30 फीसदी की कमी करने की योजना बना रही है। ऐसे में सैमसंग की इस योजना से सैकड़ों कर्मचारियों को बड़ा झटका लग सकता है।

**इन क्षेत्रों पर पड़ेगा सबसे अधिक असर...**रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सैमसंग द्वारा कर्मचारियों को निकालने का असर प्रशासनिक, सेल्स, मार्केटिंग स्टाफ पर पडेगा। यह कर्मचारी अमेरिका, यूरोप, एशिया और अफ्रीका क्षेत्र में सबसे ज्यादा दिखाई देगा। कंपनी की यह योजना साल के अंत तक पूरी हो सकती है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि सैमसंग दुनिया की सबसे बड़ी स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों में एक है। इसके साथ ही कंपनी टीवी और मेमोरी चिप्स का भी निर्माण करती है। इस संबंध में कंपनी ने कहा है कि कंपनी के इस निर्णय से वर्कफोर्स में एडजेस्टमेंट होगा और साथ ही काम की एफिशियंसी में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**सैमसंग के दुनियाभर में कर्मचारी...**रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि कंपनी ने वैश्विक स्तर पर कर्मचारियों को निकालने का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। ऐसे में कंपनी के प्रोडक्ट तैयार करने वाले कर्मचारी इस योजना से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैमसंग के दुनियाभर में 267800 कर्मचारी हैं, इनमें से आधे से अधिक कर्मचारी दक्षिण कोरिया से बाहर कार्य करते हैं।

सैमसंग की सेल्स और मार्केटिंग टीम में लगभग 25100 कर्मचारी हैं, जो कंपनी का काम देखते हैं। वहीं, हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, सैमसंग के प्रशासनिक कामों के लिए 27800 कर्मचारी शामिल हैं। बीते कुछ समय से सैमसंग कई चुनौतियों का सामना कर रही है। रिपोर्ट्स में यह भी बताया जा रहा है कि कंपनी बीते 15 सालों में सबसे कम राजस्व जुटाया है। इसके साथ ही कंपनी का चिप बिजनेस भी काफी नीचे गिर गया है, इस वजह से कंपनी को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**भारत और चीन भी होंगे प्रभावित...**रिपोर्ट्स में यह बताया जा रहा है कि भारत में भी सैमसंग की इस योजना का असर देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि सैमसंग ने इस संबंध में भारत में मिड लेवल के कर्मचारियों को अच्छा पैकेज देना शुरू कर दिया है। साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि भारत में लगभग एक हजार कर्मचारियों को निकाला जाएगा। वहीं, चीन में सैमसंग कंपनी अपने सेल्स के 30 फीसदी कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है।

## दुनिया के शीर्ष 25 हवाई अड्डों में भारत से सिर्फ एक एयरपोर्ट, दिल्ली-मुंबई को मिला यह स्थान



**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय विमानन विश्लेषण फर्म डअॠ के अनुसार, दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (क्क्क्अ) वैश्विक "मेगाहब" हवाई अड्डों की नवीनतम रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गया है। यह पिछली बार इस रैंकिंग में 25वें स्थान पर था। यह ऐसे हवाई अड्डों की रैंकिंग है जहां से सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित होते हैं। इस रैंकिंग के अनुसार शीर्ष 50 में दिल्ली के अलावे मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा (सीएसएमआईए) शामिल है। हालांकि, मुंबई का हवाई अड्डा पिछले वर्ष की तुलना में 10 स्थान नीचे खिसक कर 44वें स्थान पर आ गया है। हालांकि, दिल्ली और मुंबई दोनों हवाई अड्डे कम लागत वाली एयरलाइन (एलसीसी) संचालन के लिए मेगाहब हवाई अड्डों की ओएजी की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस मामले में इंडिगो की सेवाओं की बदौलत दिल्ली हवाई अड्डा पिछले साल के छठे स्थान से चढ़कर 5वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि मुंबई हवाई अड्डा 11वें स्थान पर बना हुआ है। विश्व स्तर पर शीर्ष पांच मेगाहब हवाई अड्डों में लंदन के हीथ्रो, कुआलालंपुर के इंटरनेशनल, टोक्यो के हानेडा, एम्स्टर्डम के शिफोल और सियोल के इंचियोन हवाई अड्डे का नाम शामिल हैं। एलसीसी मेगाहब श्रेणी में कुआलालंपुर इंटरनेशनल हवाई अड्डा सबसे आगे है, इसके बाद मनीला के निनॉय एक्विनो इंटरनेशनल, इंचियोन और सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट का स्थान है। ओएजी डेटा के अनुसार, इंडिगो दिल्ली एयरपोर्ट पर 39 प्रतिशत और मुंबई एयरपोर्ट पर 41 प्रतिशत उड़ानें संचालित करता है। दिल्ली से 156 गंतव्यों के लिए कुल 11,099 कम लागत वाले उड़ान संचालित होती हैं, जबकि मुंबई से 127 गंतव्यों के लिए 8,461 उड़ान संचालित होते हैं। कुल उड़ानों की बात करें तो दिल्ली में यह आंकड़ा 21,781 है, जबकि मुंबई में 12,849 हैं।

ओएजी की रैंकिंग 100 सबसे बड़े वैश्विक और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के उड़ान आंकड़ों पर आधारित है। इसमें सितंबर 2023 से अगस्त 2024 तक के लिए कुल निर्धारित सीटों पर विचार किया गया है। भारत, जो अब अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार है। यह सबसे तेज से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है।

## बायजू के खिलाफ दिवालियापन कार्यवाही से जुड़ी याचिका पर 17 सितंबर को सुनवाई



**नई दिल्ली** सुप्रीम कोर्ट बायजू मामले में एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ अमेरिका स्थित ऋणदाता ग्लास ट्रस्ट की अपील पर 17 सितंबर को सुनवाई करेगा। अदालत ने बुधवार को इस पर सहमति दी। बता दें कि एनसीएलएटी ने एड-टेक कंपनी बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और बीसीसीआई के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाये के निपटान को मंजूरी दे दी थी।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से वकीलों के एक समूह ने आग्रह किया कि मामले में बाद के घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई की जाए। बायजू की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल ने याचिका का उल्लेख करते हुए कहा कि मामले की जल्द से जल्द सुनवाई की जानी चाहिए। बीसीसीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एड-टेक फर्म की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस दलील का समर्थन किया।

कौल ने कहा कि मामले में एक अन्य याचिका भी दायर की गई है और उस पर 17 सितंबर को सुनवाई होगी, इसलिए या तो मौजूदा याचिका पर उसी दिन सुनवाई की जाए या फिर दोनों मामलों की सुनवाई इस शुक्रवार को की जाए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ह्यह्यहम दोनों याचिकाओं पर 17 सितंबर को सुनवाई करेंगे।ह्लह्ल अमेरिकी आधारित ऋणदाता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि इन मामलों की सुनवाई 17 सितंबर को एक साथ की जाए। इससे पहले 22 अगस्त को पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था कि संकटग्रस्त एड-टेक फर्म के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही के सिलसिले में ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) कोई बैठक नहीं करेगी। इसने याचिका पर अंतिम सुनवाई 27 अगस्त को तय की थी।

पीठ ने कहा था कि इस बीच जो भी घटनाक्रम घटित हो सकते हैं, उन्हें नकारा जा सकता है, यदि उसे लगता है कि अपीलीय दिवाला न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ अमेरिका स्थित ऋणदाता की अपील में कोई दम नहीं है। इस याचिका का उल्लेख इससे पहले 20 अगस्त को भी बायजू और बीसीसीआई द्वारा किया गया था और शीर्ष अदालत ने तब भी एड-टेक फर्म के खिलाफ दिवाला कार्यवाही में लेनदारों की समिति (सीओसी) गठित करने से दिवाला समाधान पेशेवर (आईआरपी) को रोकने के लिए अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था।

# एचडीएफसी और एक्सिस बैंक पर 2.91 करोड़ जुमार्ना टाटा मोटर्स ने तीन लाख तक घटाए ई-वाहनों के दाम

**नई दिल्ली**। आरबीआई ने अनुपालन में विफल रहने पर एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक पर 2.91 करोड़ का जुमार्ना लगाया है। इसमें से एक्सिस बैंक पर 1.91 करोड़ और एचडीएफसी पर एक करोड़ रुपये का दंड लगा है। आरबीआई ने मंगलवार को कहा, दोनों बैंकों ने केवाईसी, जमा पर ब्याज दर और कृषि से संबंधित कर्ज के गारंटी जैसे नियमों का पालन नहीं किया था।

**टाटा मोटर्स ने तीन लाख तक घटाए ई-वाहनों के दाम...**टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-वाहनों) के दाम तीन लाख रुपये तक घटा दिए हैं। इसमें नेक्सॉन ईवी की कीमत सबसे अधिक तीन लाख कम हुई है। पंच ईवी की 1.2 लाख रुपये और टियागो की 40,000 रुपये घटाई गई है। यह कटौती सीमित समय तक के लिए है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवत्स ने कहा, इस कटौती के साथ हम ग्राहकों को लाभ देने को ई-वाहनों के लिए उच्च अधिग्रहण लागत संबंधी बाधा को तोड़ रहे हैं।

**छोटे कारोबारों के लिए बढ़कर पांच लाख करोड़ रुपये होगी क्रेडिट गारंटी...**सरकार ने अगले दो वर्षों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) योजना के जरिये सूक्ष्म व लघु उद्यमों को दी जाने वाली क्रेडिट गारंटी को बढ़ाकर पांच लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा है। अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त (सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम) रजनीश ने कहा, पिछले दो वर्षों में योजना के जरिये चार लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी दी गई है। फिक्की के एक कार्यक्रम में मंगलवार को रजनीश ने कहा, 22 वर्षों में सीजीटीएमएसई के तहत 2.6 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी दी गई। लेकिन पिछले दो वर्षों में हमने चार लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी दिया है। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में एमएसएमई को संगठित क्षेत्र के दायरे में लाकर एक बड़े अंतर को पाट दिया है।




**बैंक जमा की तुलना में अधिक कर्ज वृद्धि से बढ़ेंगी नकदी की चुनौतियां...**बैंकों की ओर से दिए जाने वाले कर्ज की वृद्धि दर जमा की तुलना में अधिक होने से बैंकिंग प्रणाली के समक्ष आने वाले समय में नकदी की चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। उद्योग मंडल फिक्की व भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, कर्ज वृद्धि से तालमेल बनाए रखने के लिए बैंकों को जमा बढ़ाना होगा। साथ ही, कर्ज की लागत को भी कम रखना होगा।

प्रतिभागी बैंकों से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में उच्च और आकर्षक दरों के कारण सावधि जमा में तेजी आई है। सर्वे में शामिल सार्वजनिक क्षेत्र के 80 फीसदी बैंकों ने 2024 की पहली छमाही में बचत एवं चालू खाते में जमा घटने की सूचना दी।

**नई दिल्ली: डीजीसीए ने ईवीटीओएल विमानों के लिए दिशानिर्देश जारी किए...**विमानन नियामक डीजीसीए ने ऐसे इलेक्ट्रिक विमानों के लिए उड़ान योग्यता प्रमाणन के दिशानिर्देश जारी किए हैं जो ऊर्ध्वाधर तरीके से उड़ान भरने और उतरने में सक्षम हैं। वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग सक्षम विमान (वीसीए) के प्रमाणन के लिए आधारभूत उड़ान योग्यता मानदंड को रेखांकित करने वाला एक सलाहकार परिपत्र जारी किया गया है। ये विमान विद्युत प्रणाली द्वारा संचालित होते हैं और इन्हें कि नाम से जाना जाता है। नागरिक विमानन महानिदेशालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा, "इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य प्रमाणन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना तथा भारत में उभरती हुई ईवीटीओएल प्रौद्योगिकियों की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाईनलः

### भारतीय एथलीट साबले स्टीपलचेज में नौवें स्थान पर रहे




**ब्रुसेल्स (बेल्जियम), एजेंसी।** केन्या के अमोस सेरेम ने मोरक्को के पेरिस ओलंपिक चैंपियन सौफियान एल बक्काली को हराकर 8:06.90 सेकेंड का समय लेकर डायमंड लीग का खिताब अपने नाम कर लिया।

ब्रुसेल्स में अपने डायमंड लीग फाइनल डेब्यू में भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने शुक्रवार रात बाउडैइन स्टेडियम में 3000 मीटर स्टीपलचेज में नौवां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए अविनाश ने 8ः17.9 सेकेंड का समय लिया। वहीं, केन्या के अमोस सेरेम ने मोरक्को के पेरिस ओलंपिक चैंपियन सौफियान एल बक्काली को हराकर 8:06.90 सेकेंड का समय लेकर डायमंड लीग का खिताब अपने नाम कर लिया।

दौड़ की शुरुआत में, राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले खिताब के लिए चुनौती देने की स्थिति में दिखाई नहीं दिए, क्योंकि वह दस धावकों के समूह में अंत में थे। वहीं, अमोस ने दौड़ के अंतिम 400 मीटर में अपनी बढ़त बनाए रखी और एल बक्काली को पीछे छोड़ दिया।

### नवदीप ने खोला अपने गुस्से से भरे सेलिब्रेशन का राज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवदीप सिंह ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। नवदीप ने 47.32 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता और फिर इसके बाद जश्न मनाने के अनोखे अंदाज ने उन्हें देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर कर दिया। नवदीप ने जिस अंदाज में अपने गोल्ड मेडल को सेलिब्रेट किया, वो कई दिनों तक सोशल मीडिया पर वायरल रहा। अब इंडिया टीवी के साथ एक खास बातचीत में स्टार जैवलिन थ्रोअर ने अपने अनोखे सेलिब्रेशन को लेकर खुलकर बात की।

नवदीप ने बताया कि अगर उनके दिमाग में होता तो वह बोलते ही नहीं। माहौल गर्म था। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए खेल रहे थे और उसी वजह से जोश में थे। उस वक्त वह काफी इंटेंसिटी महसूस कर रहे थे। नवदीप ने पहले सिल्वर मेडल जीता था, लेकिन शुरुआती चैंपियन ईरानी खिलाड़ी सादेग बेइत सायाह को अयोग्य घोषित किये जाने के बाद उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। नवदीप ने ईरानी एथलीट को अयोग्य घोषित किए जाने को लेकर भी अपनी राय दी।

**2028 में गोल्ड जीतना अगला लक्ष्य**

उन्होंने कहा कि मैं पहले स्थान पर चल रहा था और फिर ईरानी एथलीट उससे आगे निकल गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक पर वह दोनों प्रतिस्पर्धी हैं, लेकिन ट्रैक से बाहर वह दोस्त हैं। एक दोस्त के तौर पर उन्हें ईरानी एथलीट के लिए बुरा लगा।

हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफीः 2024

# भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

● कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए दोनों गोल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। हालांकि जहां पेरिस ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट भारत ने अपने चारों मैच जीते हैं तो वहीं पाकिस्तान ने दो मैच ड्रॉ किए और दो जीते हैं।

इस तरह से दोनों ही टीमें अपराजेय हैं लेकिन फॉर्म के हिसाब से भारतीय टीम बीस है। एक खास बात यह भी है कि पाकिस्तान की हॉकी टीम पिछले 8 साल से भारत के खिलाफ जीत का इंतजार कर रही है। आखिरी बार पाकिस्तान ने 2016 में साउथ एशियन गेम्स में भारत को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद से पाकिस्तान एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाया है।

2013 से अब तक भारत और पाकिस्तान 25 बार विभिन्न टूर्नामेंटों में भिड़ चुके हैं। इनमें से 16 बार भारत ने जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान ने 5 मैच जीते हैं और 4 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। दोनों टीमों की हाल की भिड़ंत एशियन गेम्स में हुई थी, जहां भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था, जो पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी हार थी। हालांकि पाकिस्तान ने हाल ही में सुल्तान अजलान शाह कप में दूसरा स्थान हासिल किया था, लेकिन उनकी टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। पाकिस्तान पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया और 2023 के वर्ल्ड कप में भी जगह नहीं बना सका था। एशियन गेम्स में भी उन्हें भारत से 10-2 से करारी हार झेलनी पड़ी थी।

इसके बावजूद, पाकिस्तान की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अब तक की यात्रा मजबूत रही है और वे उम्मीद कर रहे हैं कि हॉकी में भारत को फिर से टक्कर दे सकें। भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी में अब तक के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें क्रिकेट जैसी कहानी नजर आती है। जहां पाकिस्तान 2000 तक मजबूत टीम थी और लेकिन बाद में भारत ने बाजी मारी है।

साल 2000 तक पाकिस्तान ने 93 में से 47 मैच जीते थे, जबकि भारत ने 29 मैचों में जीत हासिल की थी। कुल मिलाकर अब तक दोनों टीमों के बीच 180 मैच हो चुके हैं, जिनमें भारत ने 66 और पाकिस्तान ने 82 मैच जीते हैं। पिछले 30 सालों में भारत ने 37 मैच जीते हैं, जबकि पाकिस्तान ने 35 मैचों में जीत दर्ज की है। 15 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

## विनेश ने झूठ बोला?

### पेरिस ओलंपिक और पीटी ऊषा को लेकर हरीश साल्वे के दावे ने मचाई सनसनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विनेश फोगाट ने हाल ही में दावा किया था कि पेरिस ओलंपिक में डिस्क्वालिफाई होने के बाद भारत सरकार ने जान-बुझकर उनकी कोई मदद नहीं की थी. साथ ही ये भी आरोप लगाया था कि इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी ऊषा उनके साथ सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए पहुंची थीं. उनके इस दावे को अब भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरिश साल्वे ने गलत बताया है.

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स में विनेश का केस लड़ने वाले साल्वे ने हाल ही एक इंटरव्यू में दावा किया है कि इस मामले में भारत सरकार का किसी तरह का रोल नहीं था. क्योंकि द्धह्व को सरकार से स्वतंत्र रहकर काम करना होता है. सरकार के दखल देते ही एसोसिएशन को बाहर कर दिया जाता है. पेरिस में फाइनल मुकाबले से डिस्क्वालिफाई होने के बाद विनेश फोगाट के मामले आईओए ने सीएएस में चैलेंज किया था. सीएएस ने इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के फैसले को सही ठहराते हुए विनेश के खिलाफ फैसला दिया था.

अब हरीश साल्वे ने दावा किया है कि आईओए इस फैसले को स्विस कोर्ट में चैलेंज करना चाहता था. लेकिन खुद विनेश ने इससे इनकार कर दिया. साल्वे के इस दावे के बाद सनसनी मच गई है. विनेश पर झूठ बोलने का आरोप लग रहा है.

विनेश ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 50 किलोग्राम कैटेगरी में पहले ही राउंड में जापान की वर्ल्ड नंबर-1 युई सुसाकी को हराकर तहलका मचा दिया था.

इसके बाद उन्होंने अपना क्वार्टर फाइनल मैच भी आसानी से जीता और क्यूबा की गुजमैन लोपेज को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी.



दलीप ट्रॉफी 2024:

### प्रथम सिंह के बाद तिलक वर्मा ने भी खेली शतकीय पारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे चरण के मुकाबले में मयंक अग्रवाल की कप्तानी में इंडिया ए का सामना इंडिया डी के साथ हो रहा है जिसकी कप्तानी श्रेयस अय्यर कर रहे हैं।

इस मैच की दूसरी पारी में इंडिया ए के लिए ओपनिंग करते हुए पहले प्रथम सिंह ने शतक लगाया और फिर इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने भी अपनी टीम के लिए शतकीय पारी खेली। कप्तान मयंक अग्रवाल ने भी दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया।

इस मैच की पहली पारी में इंडिया ए ने बल्लेबाजी करते हुए शम्स मुलानी के 89 रन और तनुष कोटियान के 53 रन की पारी के दम पर 290 रन बनाए। इसके जवाब में इंडिया डी ने पहली पारी में 193 रन बनाए। पहली पारी में इंडिया डी के लिए देवदत्त पडीक्कल ने सर्वाधिक 92 रन की पारी खेली, लेकिन पहली पारी में इंडिया ए को 97 रन की बढ़त मिली।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफीः

## स्टार्क ने कोहली के लिए जारी की चेतावनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विराट कोहली के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में खुल कर कहा है कि वह इस भारतीय बल्लेबाज के खिलाफ मुकाबले का पूरा लुत्फ उठाते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में यह दोनों क्रिकेटर एक बार फिर आमने-सामने होंगे।

स्टार्क ने कहा कि मैं विराट कोहली के साथ अपनी जंग का पूरा लुत्फ उठाता हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने एक-दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। उन्होंने कहा कि हम दोनों के बीच कुछ अच्छे मुकाबले हुए हैं। मैं उसे एक या दो बार आउट करने में सफल रहा और इसमें कोई संदेह नहीं कि उसने मेरे खिलाफ काफी रन बनाए हैं। इसलिए यह हमेशा अच्छा मुकाबला होता है जिसका हम दोनों पूरा आनंद लेते हैं।

मिचेल स्टार्क ने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली को केवल चार बार आउट किया है। जबकि भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज का तेज गेंदबाज के खिलाफ औसत 59 है, स्ट्राइक रेट 59.9 है। भारत ने अब ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

यह श्रृंखला नवंबर, दिसंबर और जनवरी में खेली जाएगी और यह आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का भी हिस्सा होगी। इसमें कोई शक नहीं कि विराट कोहली और स्टार्क के बीच की लड़ाई सीरीज का अहम फैक्टर होगी। बाएं हाथ का तेज गेंदबाज घरेलू परिस्थितियों में एक बेहतरीन खिलाड़ी है, जबकि दूसरी ओर कोहली भी ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में टिके नहीं हैं क्योंकि उन्होंने वहां शानदार क्रिकेट खेली है। बता दें कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा मैच दिन-रात का होगा जो 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा में होगा और उसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बॉक्सिंग-डे टेस्ट होगा। आखिरी मैच 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

केसीएलः

## विष्णु विनोद ने 32 गेंद में ठोका शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विष्णु विनोद ने केसीएल में शानदार शतक लगाकर त्रिशूर टाइटंस को 8 विकेट से जीत हासिल करवा दी। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज ने सिर्फ 45 गेंदों पर 139 रन बनाए। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 300 से भी ऊपर की रही। उन्होंने 31 गेंदों पर शतक लगाया और इसी दौरान 32 गेंदों में शतक पूरा किया।

बीते दिनों दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान आयुष बदोनी ने भी तेजतर्रार बल्लेबाजी से सबको हैरान कर दिया था। आयुष ने 55 गेंदों पर 19 छक्कों की मदद से 165 रन बनाए जिससे टीम स्कोर 308 तक पहुंच गया था। बहरहाल, रिपल्स ने त्रिशूर के सामने 182 का टारगेट रखा था। विष्णु ने शुरूआत से ही आक्रमक खेल दिखाया और विकेट के चारों ओर बड़े शॉट लगाए। यह विष्णु ही थे कि त्रिशूर टीम ने 13 ओवर के अंदर ही टारगेट हासिल कर लिया।

विष्णु के सलामी जोड़ीदार अहमद इमरान ने 18 गेंदों में 24 रन बनाए। वहीं, रिपल्स के कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन ने 58 गेंदों में 90 रन बनाकर अपनी टीम को 181 तक पहुंचाया था। केसीएल के आठवें मैच में जीत हासिल कर त्रिशूर टाइटंस अंक तालिका में आगे आ गई है। दोनों पक्ष 6 अंकों के स्तर पर हैं लेकिन टाइटंस बेहतर रन रेट के साथ अच्छी स्थिति में हैं। नाविक 14 अंकों के साथ छह टीमों की तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

## पाकिस्तान क्रिकेट फिर शर्मसार!

● शोएब मलिक पर फिक्सिंग के गंभीर आरोप ● 19 साल पुराना है मामला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर शर्मसार हो गया है क्योंकि दिग्गज खिलाड़ी बासित अली ने शोएब मलिक पर मैच फिक्सिंग के गंभीर आरोप लगाए हैं. सालों पहले मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आमिर और सलमान बट पर लगे फिक्सिंग के आरोपों की याद अब एक बार फिर ताजा हो गई है. दरअसल बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर शोएब पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने जानबूझकर अपनी टीम को हराया था.

दरअसल बासित अली ने साल 2005 में हुई नेशनल टी20 कप के मुद्दे को एक बार फिर उछाल दिया है. पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ने उस टूर्नामेंट में हुए सियालकोट स्टालियंस बनाम कराची जेब्राज मैच को याद किया, जिसमें स्टालियंस को आखिरी 4 ओवर में महज 25 रन बनाने थे.

स्टालियंस के कप्तान शोएब मलिक अर्धशतक लगाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनकी टीम जीत की दहलीज पर खड़ी थी. मलिक 53 गेंद में 88 रन बनाकर नाबाद लौटे थे, फिर भी उनकी टीम 4 रन से मैच हार गई थी. इस कारण स्टालियंस और मलिक की पारी पर सवाल खड़े होने लगे थे. हालांकि शोएब मलिक ने मैच के बाद हुए एक इंटरव्यू में अपनी पारी का बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन लोगों के लिए उनकी बातों पर भरोसा करना बहुत मुश्किल काम प्रतीत हो रहा था. मलिक पर बाद में जुर्माना भी ठोका गया.

ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टी-20

## सलामी बल्लेबाज का अनोखा कारनामा

### गेंद से रचा इतिहास, टी-20 में ऐसा करने वाला बना पहला खिलाड़ी



**कार्डिफ, एजेंसी।** पहले टी-20 में जीत दर्ज करने के बाद ऑस्ट्रेलिया दूसरे टी-20 में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सकी। कार्डिफ में खेले गए इस रोमांचक मुकाबलें में ऑस्ट्रेलिया को मेजबान इंग्लैंड ने 3 विकेट से शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक और जोश इंग्लिश के 42 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 193 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में इंग्लैंड ने लियाम लिविंगस्टोन की तूफानी पारी की मदद से 19 ओवर में 7 विकेट खोकर 194 रनों का टारगेट हासिल कर लिया।

लियाम ने 47 गेंदों पर 5 छक्के और 6 चौकों की मदद से 87 रनों की पारी खेली। इस तरह इंग्लैंड की टीम सीरीज में दमदार वापसी करने में सफल रही।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया भले ही हार गई लेकिन उससे सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने गेंदबाजी में नया कीर्तिमान रच दिया। दरअसल, मैथ्यू शॉर्ट ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी करने आए और उन्होंने 22 रन देकर इंग्लैंड की आधी टीम को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके साथ ही इस ओपनर ने बतौर गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट इतिहास में पहली बार बड़ा कमाल कर दिया।

#### मैथ्यू शॉर्ट का अनोखा कारनामा

शॉर्ट ऑस्ट्रेलिया की ओर से 7वें गेंदबाज के रुप में बॉलिंग करने आए और महज 22 रन देकर 5 विकेट अपने नाम कर लिए। शॉर्ट ने इंग्लैंड के ओपनर फिलिप सॉल्ट, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बैथल, सैम करन और ब्रायडन कार्से को अपना शिकार बनाया और इस तरह वह मेन्स क्रिकेट के इतिहास में 7वें गेंदबाज के तौर पर 5 विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिसमें शॉर्ट आखिरी गेंदबाज के रुप में गेंदबाजी करने आए और इंग्लैंड की आधी टीम को अकेले आउट करने का बड़ा कारनामा कर दिखाया।

यही नहीं, मैथ्यू शॉर्ट मेन्स टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 5 विकेट लेने वाले फुल मेंबर नेशन के पहले सलामी बल्लेबाज बन गए हैं। दिलचस्प बात ये रही कि शॉर्ट ने सिर्फ 3 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 22 रन देकर 5 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया।



# फुहारों के बीच खिली-खिली दिखें आप

चुभती-झुलसा देने वाली गर्मी के दिन खत्म। अब आया मस्त मानसून का मौसम। जितनी बेसब्री से हमें फुहारों के आने का इंतजार रहता है, उतनी ही दिक्कतें भी सामने आती हैं। कभी चेहरे का मेकअप पैची होने लगता है तो कभी बाल चिपचिपे हो जाते हैं। कभी कपड़े बदन से चिपक कर एक समस्या बन जाते हैं। समस्या होती है तो उसका समाधान भी होता है। बारिश के मौसम में आने वाली समस्याओं का निदान आइए जानते हैं

मानसून में महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना काफी कठिन हो जाता है। बारिश में जाने के लिए जी तो मचलता है, लेकिन कभी मेकअप बिगड़ जाने का डर, कभी बाल बिगड़ जाने का डर और कभी त्वचा की सुरक्षा उन्हें बाहर निकलने से रोकती है, पर बारिश में घर भी तो नहीं बैठा जा सकता। थोड़ी सी सावधानियों से आप बारिश का मजा भी ले सकती हैं और सजने-संवरने के अपने शौक को भी पूरा कर सकती हैं।

इस मौसम में सिबेशियस व स्वेट ग्लैंड ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं, जिससे त्वचा चिपचिपी व ज्यादा पसीने व डैंड्रफ से युक्त हो जाती है। इसलिए प्रतिदिन माइल्ड शैंपू से बाल धोएं। हर धुलाई के बाद अच्छी क्वालिटी के कंडीशनर का प्रयोग करें। बाल झड़ेंगे नहीं। बाल उलझे, रूखे व बेजान नहीं होंगे।

इस मौसम में बारिश में भीगे गीले बालों में अक्सर जुएं पड़ जाती हैं। बारिश में भीगे गीले बालों को भी शैंपू अवश्य करें। सिर में खुजलाहट होने पर नाखून से कुरेदें नहीं। त्वचा पर इन्फेक्शन होने का खतरा रहता है। कई बार दो-तीन दिन बाल न धोने पर बारिश में भीगे होने के कारण सिर में छोटे-छोटे दाने भी हो जाते हैं।

यदि किसी वजह से सिर न धो रहे हों तो सूखे सिर में कोई भी टेलकम पाउडर डाल कर कंघी कर लें। डस्ट निकल जाएगी, पसीना नहीं आएगा। बारिश के मौसम में 1-2 घंटों के लिए सिर पर दही लगाएं। इसके अलावा मूंग की दाल को दरदरा पीस कर सिर में लगाएं, अच्छी कंडीशनिंग हो जाएगी। बालों में अच्छी शाइन आ जाएगी। एलोवेरा का जूस निकाल कर इसका पल्प भी कुछ देर सिर में एक-डेढ़ घंटा लगा कर फिर शैंपू कर लें। जर्म्स, दाने व डैंड्रफ खत्म हो जाएगी। यदि इन्फेक्शन ज्यादा हो



तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। बाल धोने के बाद तौलिए से अच्छी तरह सुखा कर चौड़े दांत की कंघी से बाल सुलझाएं। बारिश में भीगने के बाद बाल हमेशा खुले रखें।

इस मौसम में यदि सिर में तेल लगाएं तो दो-तीन घंटे बाद ही सिर धो लें। ज्यादा देर तेल लगा रहेगा तो वह फेस पर आ जाएगा। बारिश के मौसम में हेयर जेल, मूस, हेयर स्प्रे का इस्तेमाल न करें। उमस के कारण सिर में पसीना अधिक आता है, इसलिए बालों में स्टाइल बनाने से पहले ह्यूमिडिटी प्रोटेक्टिव जेल लगाएं।

इस मौसम में स्ट्रेट बालों को कर्ल करने व कर्ल बालों को स्ट्रेट करने से बचें। कर्ल बालों में स्टाइलिंग क्रीम या जेल लगा कर सेट कर लें व स्ट्रेट बालों की ढीली पोनीटेल बना लें। ध्यान रखें कि क्रीम व जेल एल्कोहल बेस्ड हो, जो बालों को चिपचिपा होने से बचाए।

इस मौसम में वातावरण में ही नमी होने के कारण ब्लो ड्राई, रोलर सैटिंग आदि टिक नहीं पाते, इसलिए इनसे बचना चाहिए। ऐसे में लोअर बन व पोनीटेल अच्छी रहेंगी। गर्दन तक का कट इस मौसम में हमेशा चींटियां काटने का एहसास कराता है, ऐसा कट न रखें। इस मौसम के लिए विशेषतौर से मेंटेनेंस फ्री कट होना चाहिए। फ्रंट में फ्रींजिस दे सकते हैं।

## मेकअप टिप्स

सावन की बरसती बूंदें मन को अवश्य खुशी देती हैं, पर ये बूंदें ही चिपचिपे, उलझे बाल, तैलीय त्वचा व तन के श्रृंगार को तहस-नहस कर देती हैं। घर से बाहर जाने से बीस-पच्चीस मिनट पहले सनस्क्रीन लोशन लगा लें।

इस मौसम में जरूरत से ज्यादा मेकअप बेस लगाने से बचें। अगर लगाएं तो सिलिकोन बेस या वॉटर प्रूफ फाउंडेशन की पतली परत लगाएं। पानी की बूंदें पड़ते ही पानी व पसीना बहकर निकल जाएगा। मेकअप वैसे का वैसा रहेगा। पाउडर बेस पर बूंदें पड़ते ही मेकअप पैची हो जाएगा।

बारिश के मौसम में मेकअप हल्का ही करें। मेकअप बेस अपनी त्वचा से एक टोन गहरा लें। एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि हेयर लाइन के पास पसीना ज्यादा आता है, इसलिए इस हिस्से पर फाउंडेशन कम से कम लगाएं।

बारिश में आंखों का मेकअप ज्यादा खराब हो जाता है। इस मौसम के लिए काजल, आई लाइनर, मस्कारा आदि वॉटर प्रूफ ही लें। इस मौसम में विशेषतौर से ट्रांसपेरेंट मस्कारा व कलर्ड काजल पेंसिल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आई शैडो व ब्लश ऑन लगाना हो तो कभी भी पाउडर बेस न लगा कर मौसम को ध्यान में रखकर क्रीम बेस्ड ही लगाएं। इसके लिए लिपस्टिक को भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है। पर ध्यान दें त्वचा पर अच्छी तरह फैल जाए।

बारिश के मौसम में लिपग्लॉस का प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए, यह हर फुहार की बूंद के साथ होठों के इर्द-गिर्द फैलता है। लिपस्टिक भी गॉढ़ी न लगाकर हल्की ही लगाएं। पूरा मेकअप हो जाने के बाद मेकअप फिक्सिंग स्प्रे लगा लें। इससे मेकअप सेट हो जाता है। बिंदी स्टिक ऑन ही इस्तेमाल करें।



इस मौसम में चिपचिपी त्वचा से छुटकारा पाने के लिए चंदन पाउडर में गुलाब जल मिला कर चेहरे, गर्दन व बांहों पर लगाएं। थोड़े से जीरा पाउडर में नारियल का तेल मिला कर इसे गर्दन व आसपास के हिस्सों पर लगाएं।

चिकनी त्वचा वाले लोग शहद व नींबू का रस बराबर भाग में मिला कर लगा सकते हैं। यदि आप चाहें तो इसमें अंडे की सफेदी भी मिला लें। एक घंटा त्वचा पर लगा रहने दें फिर ठंडे पानी से धो दें। इसके अलावा कच्चे दूध में बेसन मिला कर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

शुष्क त्वचा वाले लोग एक बड़ा चम्मच दूध की क्रीम में गुलाब जामुन मिला कर लगाएं व पंद्रह मिनट बाद त्वचा धो लें। त्वचा को साफ करने के लिए पपीते के छोटे टुकड़े करें, इनसे त्वचा को साफ करें। पपीते का रस व गूदा पांच-सात मिनट तक त्वचा पर लगा रहने दें, फिर त्वचा धो लें।

## स्किन केयर टिप्स

इस मौसम में रात को त्वचा की टोनिंग करना चाहिए। इसके लिए एक छोटा चम्मच दूध में पांच बूंदें चमेली के तेल की मिलाएं। इस तैयार मिश्रण को चेहरे व गर्दन पर लगाएं। बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन लोशन लगाना बंद नहीं करना चाहिए।

इन दिनों फंगस इन्फेक्शन सबसे ज्यादा हो जाता है। गीले कपड़े व गीले जूते देर तक न पहने रहें। एंटी फंगस साबुन से त्वचा को साफ करें। शरीर के जोड़ों, पांवों की उंगलियों आदि में साधारण या एंटी फंगस पाउडर का इस्तेमाल करते रहें।

बारिश के मौसम में बेजान हो जाने वाली त्वचा में नई जान डालने के लिए शहद व दही बराबर मात्र में मिला कर अच्छी तरह से चेहरे व गर्दन पर लगाएं। पंद्रह मिनट बाद त्वचा धो लें।



# विंड चाइम से बढ़े घर की रौनक

विंड चाइम, इसे पवन घंटियां भी कहा जाता है। इसके प्रयोग से सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है। विंड चाइम धातु, लकड़ी, बांस या सिरेमिक पाइप से बनी होती है। ये पाइप अंदर से बांसुरी की तरह खाली होते हैं। इन पाइपों को रेशमी धागों से बांधा जाता है। लकड़ी और बांस से बनी विंड चाइम पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व दिशा में लगानी चाहिए। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ने के साथ-साथ नाम व यश भी बढ़ता है। छह रॉड वाली गोल्डन व येलो कलर की विंड चाइम उत्तर-पश्चिम दिशा में लगाने से यश एवं समृद्धि में वृद्धि होती है। नौकरी एवं व्यवसाय में तरक्की के अवसर मिलते हैं। सात रॉड वाली सिल्वर व सफेद रंग वाली विंड चाइम घर में पश्चिम दिशा में लगाने से परिवार के सदस्यों तथा ऑफिस में लगाने से सहकर्मियों और नौकरों से संबंध अच्छे बने रहते हैं।

जिन लोगों की जन्मतिथि में धातु तत्व की कमी हो, उन्हें मेटल की विंड चाइम और पृथ्वी तत्व की कमी होने पर सिरेमिक विंड चाइम का प्रयोग करना चाहिए। एल्यूमिनियम, लोहे व पीतल के पाइप वाली विंड चाइम का प्रयोग हानिकारक होता है। इन पर पाउडर कोटिंग की जाती है, लेकिन इनकी आवाज कर्कश होती है।

## क्रिस्टल बॉल

यह घर में नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि करती है। घर में किसी भी प्रकार का वास्तु दोष होने पर पूर्व दिशा में 9 क्रिस्टल बॉल्स का गुच्छा लगाने से काफी हद तक वास्तु दोष से मुक्ति पाई जा सकती है। घर की पश्चिम दिशा में क्रिस्टल बॉल इस प्रकार लगाएं कि सूर्य की किरणें उस पर पड़ें। इससे घर के बुजुर्गों और महिलाओं में दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। घर के निराशाजनक वातावरण को दूर कर सुख-शांति और धन की वृद्धि करने में भी यह सहायक है। घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में डायमंड कट वाली क्रिस्टल बॉल, जहां पिता-पुत्र संबंधों में मधुरता लाती है, वहीं जीवन में प्रेम का संचार भी करती है।

## सिक्के और घंटियां

फेंग्शुई सिक्के ऊपर से गोल और अंदर से वर्गाकार छेद लिए होते हैं। घर में सौभाग्य और समृद्धि लाने के लिए इन सिक्कों का प्रयोग किया जाता है। इसके लिए तीन फेंग्शुई सिक्कों को लाल रंग के रिबन या रेशमी धागे से एक साथ बांधकर पर्स या दुकान के गल्ले में रखा जाता है। इसके अलावा इन सिक्कों को केवल मुख्य द्वार पर अंदर की तरफ और तिजोरी के दरवाजे पर भी बांधा जा सकता है। इन सिक्कों के साथ-साथ छोटी घंटियों को भी बांधा जा सकता है। लाल रिबन से बंधी ये घंटियां सौभाग्य का प्रतीक होती हैं। इन घंटियों से किसी प्रकार की ध्वनि नहीं होती। पुरानी हो जाने पर इन घंटियों को बदल देना चाहिए।

# नरम बूंदों के साथ गरम पकौड़ी

मौसम बारिश का हो और पकौड़ी का स्वाद न लिया जाए, यह कैसे हो सकता है। इस मौसम में सबका मन गरमा-गरम पकौड़ी खाने को करता है। तो आइए जानते हैं कैसे बनाएं पकौड़ी।



## कच्चे केले के पकौड़े



### सामग्री

6 कच्चे केले, 200 ग्राम बेसन, आधा चम्मच गरम मसाला, नमक स्वादानुसार, एक चौथाई चम्मच हल्दी, एक कद्दूकस किया प्याज, 3-4 बारीक कटी हरी मिर्च, तलने के तेल

### बनाने की विधि

केलों को उबालकर छीलें व हाथ से अच्छी तरह मेश कर लें। बेसन को सूखा ही भून लें। भुने बेसन में मेश किया केला, कटी सामग्री व मसाले खूब अच्छी तरह मिक्स कर लें। आवश्यकता हो तो इसमें थोड़ा-सा दूध मिला लें। अब एक कड़ाई में तेल गर्म कर लें। कम आंच पर उलट-पलट कर गुलाबी होने तक तलें। केले के इन पकौड़ों को गरमा-गरम चाय के साथ पेश करिए या किसी खट्टी-मीठी चटनी के साथ इसका स्वाद दुगुना हो जाएगा।

## भुट्टा-पालक पकौड़ी



### सामग्री

5 भुट्टे नरम दाने वाले,100 ग्राम पालक कटा हुआ, 4-5 हरी मिर्च, एक टुकड़ा अदरक, 4-5 लहसुन की कली , आधा चम्मच जीरा, हरा धनिया बारीक कटा हुआ, एक बड़ा चम्मच बेसन , नमक स्वादानुसार , आधा चम्मच लाल मिर्च , एवं तलने के लिए तेल

### बनाने की विधि

सबसे पहले भुट्टों को साफ करके कद्दूकस करें। भुट्टे, पालक, हरी मिर्च, अदरक एवं लहसुन को थोड़ा मोटा ही पींस लें। अब सभी मसालों को बेसन में मिलाकर अच्छी तरह से खोल लें। पीसे हुए भुट्टे व पालक को बेसन में लपेटकर तेल में तलें। तलने के बाद इसे चटनी के साथ सर्व करें।

## पालक रोल पकौड़ी



### सामग्री

पालक के 15 पत्ते , 200 ग्राम बेसन, 2 चम्मच चावल का आटा, 2 आलू उबले व मैश किए हुए, एक चम्मच धनिया, चौथाई चम्मच हल्दी, दो-तीन हरी मिर्च बारीक कटी, एक चम्मच लाल मिर्च, एक चम्मच अदरक बारीक कटा हुआ , हरा धनिया कटा हुआ, तलने के लिए तेल, नमक स्वादानुसार,

### बनाने की विधि

मैश हुए आलू में सभी मसाले मिलाएं। हर पत्ते को अच्छी तरह पोंछकर उन पर थोड़ा सा आलू का मिक्सचर रखें और रोल कर लें। बेसन का गाढ़ा घोल बनाकर उसमें चावल का आटा मिला दें। हर रोल को उसमें डुबोकर फ्राई करें।

## मशरूम के पकौड़े



### सामग्री

200 ग्राम मशरूम, 200 ग्राम बेसन, बारीक कटा हुआ हरा धनिया, नमक स्वादानुसार कटा हुआ मिर्च- तीन, तलने के तेल

### बनाने की विधि

मशरूम को साफ करके धो लें। इनको कुछ देर स्टीम देकर मुलायम कर लें। बेसन में नमक-मिर्च व पानी डालकर पकौड़ों के हिसाब से घोल तैयार कर लें। इसी में हरा धनिया भी डाल दें। मशरूम को आधे-आधे काटकर बेसन लपेटकर गर्म तेल में तलें। आपके लिए गर्मागर्म मशरूम के पकौड़े तैयार हो गए।

## क्रिस्पी बैंगन पकौड़े



### सामग्री

एक भुर्ते वाला बड़ा बैंगन, 4-5 खड़ी लाल मिर्च
2-3 कली लहसुन, 1 कप बेसन
आधा कप चावल का आटा, नमक स्वादानुसार
1 चम्मच नींबू का रस, एक चौथाई चम्मच हल्दीएक चौथाई चम्मच अजवाइन, 1 चुटकी हींग
तलने के लिए तेल।

### बनाने की विधि

बैंगन को धोकर पतली गोल-गोल स्लाइस काट लें। लाल मिर्च, लहसुन, नमक, नींबू रस एवं थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। बेसन में चावल का आटा, हींग, नमक, अजवाइन एवं थोड़ा पानी मिलाकर पकौड़े का घोल तैयार करें। एक कड़ाही में तेल गर्म करें। बैंगन की एक स्लाइस लेकर इस पर लाल मिर्च का पेस्ट चुपड़े। ऊपर से दूसरी स्लाइस रखें। इसे बेसन के घोल में डुबोकर गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तलें। गर्मागर्म क्रिस्पी बैंगन पकौड़ों को सॉस और हरी चटनी के साथ परोसें। इसका स्वाद लाजवाब लगेगा।



# गुलशन देवैया ने दीपिका को बताया मेहनती



इन दिनों दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे चर्चित अभिनेत्री बनी हुई हैं। दीपिका के साथ काम कर चुके अभिनेता गुलशन देवैया ने अपने एक साक्षात्कार में उनसे जुड़े अनुभव को साझा किया है। गुलशन देवैया ने दीपिका के बारे में अपनी राय साझा करते हुए कहा कि वो फिल्म के सेट पर कलाकारों को सहज महसूस कराती हैं। वो एकदम पेशेवर अभिनेत्री हैं। सेट पर मिलनसार रहती हैं। हालांकि, बहुत ज्यादा मिलनसार भी नहीं हैं। गुलशन ने बताया कि दीपिका पादुकोण इस बात को अच्छे से समझती हैं कि काम के दौरान सीमा क्या होनी चाहिए। उनके साथ काम करने में लोग सहज होते हैं, लेकिन इतना भी नहीं कि उनसे दोस्ती की जा सके। गुलशन ने दीपिका को एक मेहनती अभिनेत्री करार दिया। दीपिका पादुकोण और गुलशन देवैया ने फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला में काम किया था, जिसे संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में रणवीर सिंह ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी, इसलिए गुलशन का उनके साथ काम करने का भी अनुभव है, जिसे साझा करते हुए उन्होंने बताया कि रणवीर सिंह हमेशा ही चार्ज रहते हैं। गुलशन ने रणवीर को ऊर्जा का भंडार करार दिया। गुलशन देवैया के अभिनय करियर की बात करें तो उन्होंने शैतान, हंटर, कंमाडो 3, हेट स्टोरी, ब्लर, मर्द को दर्द नहीं होता, बधाई दो, दैट गर्ल इन यैलो बूट्स, ए डैथ इन द गंज, दम मारो दम, दोबारा अलविदा, अनपॉस्ड, लव अफेयर्स और पैडलर्स समेत कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें हाल ही में, थ्रिलर फिल्म उलझ में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। इसमें जान्हवी कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी।



# आईसी 814- द कंधार हाईजैक पर उठे विवादों के बीच बोलीं पत्रलेखा

बॉलीवुड अभिनेत्री पत्रलेखा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज आईसी 814- द कंधार हाईजैक की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं। इस सीरीज में बाकी कलाकारों के साथ-साथ उनके अभिनय की भी काफी सराहना हो रही है। हालांकि, इस सीरीज को काफी विवादों का सामना भी करना पड़ा है। नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हो रही इस सीरीज को भारत सरकार के द्वारा भी आपत्ति का सामना करना पड़ा था। इस पर बात करते हुए अब पत्रलेखा ने कहा कि है कि ये शो कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं है।

## यह सीरीज कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं है

पत्रलेखा इस सीरीज में एक केबिन क्रू की भूमिका निभा रही हैं, जो काफी बहादुरी से मुश्किल हालातों का सामना करती है। इस सीरीज पर पिछले हफ्ते सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने, आतंकवाद को छिपाने और लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपों को लेकर आपत्ति जताई थी। इसे लेकर नेटफ्लिक्स के कंटेंट हेड को तलब भी किया गया था। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए पत्रलेखा ने कहा, यह स्पष्ट रूप से कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं है। यह एक शो है, जिसे लिखा गया है और जाहिर है, इसके कुछ हिस्से काल्पनिक भी हैं। अभिनेत्री ने कहा कि शो में कई किरदारों ने वास्तविक घटना से जुड़े लोगों के असली नाम का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह सीरीज घटना के प्रति सम्मान और इसे एक नई व्याख्या देने का एक गंभीर प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह सभी लोगों द्वारा इसकी प्रमाणिकता बनाए रखने के साथ-साथ एक निजी अनुभव देने की साझा कोशिश है। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें जब यह शो ऑफर हुआ, तो उनकी वो यादें ताजा हो गईं। उन्होंने कहा कि वह इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें बचपन की अपहरण की घटना और बड़ी-बड़ी बंदूकों वाले लोगों की न्यूज में दिखाई गई नाटकीय तस्वीरें याद हैं। वह कंधार की इस घटना से जुड़ी उनकी पहली याद है। अभिनेत्री ने कहा कि ये शो उनकी जिंदगी का एक खास हिस्सा बन कर रहेगा।

बताते चलें कि इस सीरीज का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है। यह रोमांचक सीरीज 24 दिसंबर, 1999 को इंडियन एयरलाइंस के आईसी-814 विमान को पांच आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिए जाने पर आधारित है। इब्राहिम अतहर, सनी अहमद काजी, जहूर इब्राहिम, शाहिद अख्तर और सईद शाकिर नामक आतंकियों द्वारा इस विमान को हाइजैक कर लिया गया था। ये विमान काठमांडू से दिल्ली के लिए उड़ी थी, जिसे उड़ान भरने के 40 मिनट बाद ही 154 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के साथ हाइजैक कर लिया गया था। इस सीरीज में विजय वर्मा, पंकज कपूर, मनोज पाहवा, नसीरुद्दीन शाह आदि कई कलाकार नजर आए हैं।

# मिस्टर बच्चन के फ्लॉप होने पर रवि तेजा ने निर्माताओं को लौटाए 4 करोड़ रुपए

एक्टर रवि तेजा को हाल ही में फिल्म मिस्टर बब्बन में देखा गया था। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई है। 70 करोड़ रुपए की लागत में बनी इस फिल्म ने महज 13 करोड़ रुपए का कारोचार किया था। मिस्टर बच्चन के फ्लॉप होने पर निर्माताओं को तगड़ा घाटा हुआ है, जिसे देखते हुए तेजा ने बहा कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार मिस्टर बच्चन के फ्लॉप होने पर तेजा और हरीश ने अपनी फीस का कुछ हिस्सा फिल्म के निर्माता पोपल मीडिया फैक्ट्री को लौटा दिया है। उन्होंने नुकस्वन को भरपाई के लिए फीस का 15 प्रतिशत हिस्सा सौटाया है। जा रहा है कि तेजा ने 4 करोड़ रुपए और हरीश ने 2 करोड़ रुपर वापस कर दिए हैं। मिस्टर बच्चन अजय देवगन की फिल्म रेड की रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन हरीश शंकर ने किया है। बता दें कि मिस्टर बच्चन की कहानी भी हरीत ने लिखी थी, वहीं भूषण कुमार ने इस फिल्म का निर्माण टोजी विश्व प्रसाद, विवेक कुचिनोटला, कृष्ण कुमार, अभिषेक पाठक और कुमार मंगल पाठक के साथ मिलकर किया था। इस फिल्म में भाग्यश्री बोरसे और जगपति बाबू जैसे कलाकार भी नजर आए थे।



# फिल्म बॉर्डर 2 में कन्फर्म हुई दिलजीत दोसांझ की एंट्री



सनी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन भी लीड रोल में नजर आएंगे। पिछले काफी समय से यह खबरें आ रही थीं कि इस फिल्म में सिंगर दिलजीत दोसांझ भी दिखाई देंगे। हालांकि इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई थी। अब इस पर एक नया अपडेट सामने आया है। दरअसल इसमें अब दिलजीत की एंट्री कन्फर्म हो गई है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो साझा किया है, उसके बैकग्राउंड में दिलजीत की आवाज सुनने को मिल रही है। वीडियो में वह कहते हैं... इस देश की तरफ उठने वाली हर नजर झुक जाती है खौफ से, इन सरहदों पर जब गुरु के पास पहरा देते हैं। बॉर्डर 2 में दिलजीत एक्शन करते नजर आएंगे।

# एला की भूमिका निभाकर छा गईं चार्ली चौहान

टेलीविजन अभिनेत्री चार्ली चौहान अपना जन्मदिन मना रही हैं। चार्ली को असल पहचान शो बेस्ट फ्रेंड्स फॉरेवर से मिली थी। इस शो में अभिनेत्री ने एला की भूमिका निभाकर तारीफें बटोरी थीं। चार्ली ने करियर की शुरुआत रियलिटी शो रोडीस 7 से की थी। चार्ली शो नच बलिए और कैसी ये यारियां में भी नजर आ चुकी हैं।





# क्या सिंघम अगेन में नजर आएंगे सलमान?



हाल ही में फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी आगामी कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन का एक वीडियो साझा किया था, जिसके बाद से ही सिंघम फ्रेंचाइजी के प्रशंसक यह उम्मीद कर रहे हैं, जिस हीरो की एंट्री के बारे में रोहित शेट्टी वीडियो में बात करते नजर आ रहे हैं वह कहीं दबंग के चुलबुल पांडे उर्फ सलमान खान तो नहीं हैं। अजय देवगन स्टारर सिंघम अगेन इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह इस दिवाली पर रिलीज हो रही है। इस बीच, कई तस्वीर और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसने अफवाहों को हवा दे दी है कि सलमान खान फिल्म सिंघम अगेन में चुलबुल पांडे के रूप में कैमियो कर सकते हैं। प्रशंसक इस कैमियो के लिए उत्साहित हैं और अब यह तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। सलमान के एक ने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें एक में सलमान खान और दूसरे में अजय देवगन नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान और अजय देवगन को एक सीन में देख सकते हैं। हालांकि सलमान की सिघम अगेन में होने की जानकारी को अभीतक रोहित शेट्टी या फिर किसी भी फिल्म के निर्माता ने पुष्टि नहीं की है। दरअसल, रोहित शेट्टी ने हाल ही में एक वीडियो के जरिए फैंस को दिखाया कि इस बार उनकी कॉप यूनिवर्स की फ्रेंचाइजी में एक बड़े कलाकार की एंट्री का जिक्र किया है। रोहित शेट्टी के इस खास वीडियो के बाद अब सिंघम फ्रेंचाइजी के प्रशंसक यह कयास लगा रहे हैं इस बार रोहित शेट्टी की इस फिल्म में सलमान खान की एंट्री पक्का है। वैसे अभी तक कुछ भी ऑफिशियल नहीं किया गया है। रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें हम उन्हें एक कार का स्वागत करते हुए देख सकते हैं। अंदर कोई बैठा है लेकिन वह स्पष्ट नहीं है। कैप्शन में लिखा है, इस हीरो के बिना सिंघम अधूरा है...इस दिवाली स्कॉर्पियो आएगी भी, घूमेगी भी, लेकिन एंट्री किसी और की होगी... अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन इस साल दिवाली पर सिनेमाघरों में आएगी।



# गानों को आपत्तिजनक बताने पर हनी सिंह ने तोड़ी चुप्पी

हनी सिंह एक मशहूर भारतीय रैपर और गायक हैं। उनके गानों को लेकर अक्सर उन पर सवाल उठाए जाते हैं, जिसे लेकर अब उन्होंने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ उन पर ही सवाल क्यों उठाए जाते हैं, जबकि इस तरह के गाने हमेशा से बनते रहे हैं।

यो यो हनी सिंह देश के मशहूर रैपर-गायक हैं। उन्होंने कई शानदार पंजाबी गाने बनाए हैं। उन्हें पंजाबी संगीत में क्रांति लाने वाले कुछ चुनिंदा कलाकारों में से एक माना जाता है। हालांकि, उनके गानें कई बार विवादित भी रहे हैं। इस वजह से उनपर कई गंभीर आरोप भी लगे हैं, जिनमें उनके गानों को आपत्तिजनक और महिलाओं के प्रति नफरती भी बताया गया है। हाल में ही रैपर ने इस पर इंटरव्यू के दौरान बात की है। इस दौरान उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि ऐसा करने वाले अन्य लोगों से कभी सवाल क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि सिर्फ उन्हें ही एक आसान लक्ष्य के रूप में क्यों देखा जाता है?

## सिर्फ मैं ही क्यों गलत

हनी सिंह ने कहा, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने इसमें जोड़ते हुए कहा कि दिग्गज गीतकार गुलजार ने लिखा था, बीड़ी जलाईले जिगर से पिया, जिगर में बड़ी आग है। उन्होंने कहा कि महिला का जिगर कहां होता है? उन्होंने कहा कि लोगों को इससे कोई आपत्ति क्यों नहीं होती है। इसके अलावा उन्होंने एक और गाने का जिक्र करते हुए कहा, जुबान पे लगा नमक इश्क का, इस गाने में महिला का इस तरह का चित्रण क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह यह सब सुनकर बड़े हुए हैं। इस पर उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा, फिर मैं ही क्यों गलत हूं?

## अब चुप नहीं बैठेंगे हनी सिंह

मशहूर रैपर-गायक ने आगे कहा कि उन्होंने इन आरोपों पर कभी बात नहीं की, इसलिए लोगों को लगा कि वे आसान शिकार हैं। हालांकि, अब वे चुप नहीं रहेंगे। इस दौरान उनसे महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश करने वाले उनके गीतों के बारे में पूछा गया, तो हनी ने कहा, ऐसे थोड़ी न होता है। उन्होंने कहा कि पहले भी इसी तरह के गाने थे, लेकिन वे लोगों को ठीक लगते थे। हनी ने कहा कि लोग चोली के पीछे क्या है, जैसे विवादास्पद गानों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हनी सिंह को ही क्यों गाली दी जाती है और उनको आप लीजेंड बोलते हो? मैं भी बोलता हूं। हम दोहरी शख्सियत लेकर चल रहे हैं आज के दौर में।

## नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री

बताते चलें कि यो यो हनी सिंह ने अपने शानदार करियर में कुछ बेहद सफल चार्टबस्टर गाने दिए हैं, जिनमें अंग्रेजी बीट, पार्टी ऑल नाइट, लुंगी डांस, ब्लू आइज़, सनी सनी, चार बोतल वोडका, आटा माझी सटकली, यार ना मिली, देसी कलाकार, ब्लू आइज जैसे गाने शामिल हैं। अपने करियर की उंचाई के दौरान वह नशा और अपनी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण रैपर लंबे समय तक मनोरंजन जगत से दूर रहे थे। हालांकि, अब एक बार फिर वह सक्रिय हो चुके हैं।

# बच्चे पैदा करने से डरती हैं तमन्ना!



तमन्ना भाटिया इन दिनों श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' में 'आज की रात' गीत की सफलता के चलते खूब सुर्खियों में बनी हैं। हाल ही में उन्होंने एक साक्षात्कार में अपने निजी जीवन के बारे में चर्चा की। इस दौरान अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह बच्चे पैदा करने से क्यों डरती हैं? तमन्ना ने कहा, 'मेरे माता-पिता ने मुझे इस हद तक प्यार करके मेरे लिए सब कुछ बिगाड़ दिया है कि मैं वास्तव में बच्चे पैदा करने से डरती हूं।' अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं किसी को इतना प्यार, देखभाल और पोषण कैसे कर पाऊंगी कि वह वास्तव में एक अलग स्तर पर खिल सके? अभिनेत्री ने इस दौरान रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा की।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। संपादक : मो इस्माईल खान RNI No. DLHIN/2010/37009